आज का
तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज
प्रदेश के हर दिव्यांग को आत्मनिर्भर बना रही योगी सरकार
उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 27 फरवरी, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 136 | www.janexpresslive.com/epaper



केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा... 12



## पुलिस की मुस्तैदी के बीच सकुशल संपन्न हुआ महाशिवरात्रि स्नान पर्व

### स्नान के बाद मनकामेश्वर मंदिर, सोमेश्वर नाथ मंदिर, वेणी माधव मंदिर एवं नागवासुकी मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का दर्शन-पूजन

- श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षित स्नान और दर्शन-पूजन के लिए किया गया व्यापक पुलिस प्रबंधन
- संगम क्षेत्र में जल पुलिस, मोटर बोट और गोताखोरों की तैनाती कर स्नान घाटों पर लगातार सतर्क निगरानी रखी गई



जन एक्सप्रेस। महाकुम्भ नगर

महाकुम्भ 2025 के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी 2025 को करोड़ों श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ संगम व अन्य स्नान घाटों पर पवित्र डुबकी लगाई। श्रद्धालु स्नान के बाद मनकामेश्वर मंदिर, सोमेश्वर नाथ मंदिर, वेणी माधव मंदिर एवं नागवासुकी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का दर्शन-पूजन, जलाभिषेक एवं दान-अनुष्ठान कर पुण्य अर्जित करते दिखे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षित स्नान और दर्शन-पूजन के लिए व्यापक पुलिस प्रबंधन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, पीएसी, घुड़सवार पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया। संगम क्षेत्र में जल पुलिस, मोटर बोट और गोताखोरों की तैनाती कर स्नान घाटों पर लगातार सतर्क निगरानी रखी गई।

### सीसीटीवी व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कड़ी निगरानी

मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए श्रद्धालुओं को सावधानीपूर्वक स्नान और दर्शन-पूजन करने की अपील की गई, ताकि वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक लौट सकें।

### श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात प्रबंधन

श्रद्धालुओं को किसी असुविधा से बचाने के लिए मेला क्षेत्र में शिवालयों के निकट ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें न्यूनतम पैदल चलना पड़े।

#### वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली कमान

पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी मेला क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने शिवालयों का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की कुशलक्षेम पूछी और उनका उन्साहवर्धन किया।

#### भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत नजारा

महाशिवरात्रि स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं में असीम उन्साह देखने को मिला। करोड़ों भक्तों ने संगम व अन्य घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

## आस्था और अध्यात्म का पावन अनुष्ठान

# महाकुंभ

जन एक्सप्रेस। महाकुम्भ नगर



महाकुंभ में पिछले 44 दिन में 65 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी (करीब 34 करोड़) से दोगुना है। महाशिवरात्रि पर्व स्नान के साथ ही 45 दिनों तक चले महाकुंभ का समापन हो जाएगा। एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने भी महाकुंभ जाने का वीडियो शेयर किया। लिखा- जो अनुभव हुआ, उसे बता नहीं सकती। बुधवार शाम 6 बजे तक 1.44 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। महाशिवरात्रि पर 3 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यानी, कुल आंकड़ा 66 से 67 करोड़ तक पहुंच जाएगा। वहीं, महाकुंभ में ड्यूटी कर रहे एक सफाई कर्मचारी ने अपना गला काट लिया। ड्यूटी के दौरान ही वह शौचालय में गया और चाकू अपने गले में मार लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं।

### प्रयागराज आकर भावुक हुईं प्रीति जिंटा

महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को हुए आखिरी स्नान पर्व पर प्रीति जिंटा ने भावुक कर देने वाला आध्यान्मिक पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर उनकी यह पोस्ट कुछ दिन पहले हुई तीर्थराज प्रयागराज की यात्रा से जुड़ी रही जिसमें अध्यान्मिक अनुभूतियों का समावेश रहा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट से प्रयागराज महाकुम्भ में अपनी यात्रा से जुड़ा हुआ एक वीडियो शेयर करते हुए अपनी आध्यान्मिक अनुभूति के बारे में विस्तार से लिखा।

### कई देशों की आबादी से ज्यादा लोग कर गए स्नान

65 करोड़ श्रद्धालुओं के किसी एक स्थान पर जुटने का इतिहास में और कोई उदाहरण नहीं दिखता। सनातन के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था, दृढ़ निश्चय और विश्वास का ही यह फल है कि संगम तट पर इतना विशाल जनसमूह 45 दिनों में जमा हो गया। यदि इस संख्या की दुनिया भर के देशों की आबादी से तुलना की जाए तो कई देशों की आबादी इसमें समा जाएगी।

## 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया स्नान, कई देशों की आबादी से अधिक ने लगाई डुबकी

### महाकुंभ की व्यवस्था पर सीएम योगी की सीधी नजर



मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रयागराज में पवित्र स्नान पर्व की व्यवस्थाओं की गोरखपुर मंदिर स्थित कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की। महाकुम्भ के अंतिम पावन स्नान पर्व महाशिवरात्रि के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही महाकुम्भनगर पहुंचने लगे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था अपने शिखर पर नजर आई, जिसके फलस्वरूप दोपहर 12 बजे तक पवित्र संगम में एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसागर के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश प्रसारित किए जाने लगे। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर सजगता बरतते हुए प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं के सुगम स्नान का मार्ग प्रशस्त किया।

### यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन- यूपी सरकार

यूपी सरकार के मुताबिक, सनातन धर्म को मानने वाले दुनिया के 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया। अमेरिका की दोगुनी, रूस की चार गुनी और जापान की पांच गुनी से अधिक आबादी ने संगम में डुबकी लगाई। यूपी सरकार ने कहा- यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन है। इससे पहले इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सहभागी होने के प्रमाण नहीं हैं।

### काशी में गदा- तलवार लेकर निकले नागा साधु, हर-हर महादेव का उद्घोष

महाशिवरात्रि पर बुधवार को काशी में प्रयागराज महाकुंभ जैसा नजारा दिखा। हनुमान घाट से बाबा के धाम तक श्रद्धालुओं ने दिव्य और भव्य नजारे का दर्शन किया। यह पहला मौका था, जब नागा साधु-संन्यासियों ने काशी विश्वनाथ धाम में गेट नंबर चार यानी ज्ञानवापी मार्ग से प्रवेश किया। हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए नागा संन्यासियों की टोली धाम में पहुंची। इससे पहले नागा संन्यासियों को ढुंढिराज गणेश मार्ग से मंदिर परिसर में प्रवेश मिलता था।

## महाकुम्भ के समापन पर वायुसेना की 'महासलामी', संगम के ऊपर गरजे सुखोई

- महाशिवरात्रि पर संगम के आसमान में भारतीय वायुसेना का एयर शो, सुखोई, एएन-32 और चेतक ने भरी उड़ान
- सेना के जांबाज पायलटों ने हवा में दिखाई कलाबाजियां, गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने गर्व और उत्साह से बजाईं तालियां

जन एक्सप्रेस। महाकुम्भ नगर



महाकुम्भ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को महासलामी दी है। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देख गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरु कर दी। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया। इस पावन अवसर पर जहां गंगा तट पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा रहे थे, वहीं आकाश में सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलीकॉप्टर आसमान से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे थे। इस ऐतिहासिक पल ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया।

#### वायुसेना का रोमांचकारी प्रदर्शन

महाकुम्भ के समापन अवसर पर भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने हवा में अद्भुत कलाबाजियां दिखाईं। विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देखा, जहां सुखोई और एएन 32 और चेतक का शानदार प्रदर्शन चल रहा था। इस रोमांचक नजारे को श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा किया। लोगों ने इसे महाकुम्भ का यादगार पल बताया। जिस वक्त महाकुम्भ में संगम के ऊपर एयर शो चल रहा था, उसे देख श्रद्धालु गर्व और उन्साह से तालियां बजाने लगे।

#### आकाश में जंगी जहाजों का अद्भुत संगम

महाकुम्भ के अंतिम दिन गंगा के तट पर जहां साधु-संतों और श्रद्धालुओं की आस्था की दिव्यता नजर आई, वहीं आकाश में वायुसेना की शौर्य और पराक्रम भी देखने को मिला। दोनों ने मिलकर इस महापर्व के समापन को ऐतिहासिक बना दिया। भारतीय वायुसेना के इस रोमांचकारी एयर शो के साथ ही महाकुम्भ का समापन हुआ। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय और गौरवशाली अनुभव बन गया।

## एसजीपीजीआई के निदेशक को सेवा विस्तार देने के लिए बनाया नया नियम

### निदेशक के कार्यकाल विस्तार के लिए विधानसभा में एसजीपीजीआईएमएस (संशोधन) विधेयक पेश



- एसजीपीजीआई के निदेशक का कार्यकाल समाप्त हो चुका है
- नियमों को ताक पर रखकर उन्हें सेवा विस्तार देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका था
- निर्णय के विरोध में संस्थान के करीब 90 डॉक्टर प्रतीकात्मक हड़ताल पर भी गए थे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सरकार मेहरबान तो डर किस बात का। जी हां, एसजीपीजीआई में तो कुछ ऐसा ही दिख रहा है। दरअसल, एसजीपीजीआई के निदेशक का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वहां निदेशक को सेवा विस्तार का कोई नियम नहीं है। नियमों को ताक पर रखकर उन्हें सेवा विस्तार देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। नियम विरुद्ध सेवा विस्तार दिए जाने का पिछले दिनों संस्थान में खुलकर विरोध भी हुआ था। इसके बावजूद सेवा विस्तार देकर अब विधानसभा में सेवा विस्तार से संबंधित संशोधन विधेयक पेश कर दिया गया। निर्णय के विरोध में संस्थान के करीब 90 डॉक्टर ने कहा था कि सरकार का अनुचित हस्तक्षेप अन्य प्रतिभावान डॉक्टरों की प्रतिभा का हनन करता है। सरकार द्वारा उपकृत व्यक्ति भी पेशेवर समर्पण की जगह ब्यूरोक्रेसी के अनुचित निर्णय में हां में हां मिलाना शुरू कर देता है। इसके बाद कई डॉक्टर प्रतीकात्मक हड़ताल पर भी गए थे। वो और बात है कि मरीजों की हित को देखते हुए बाद में सभी काम पर आ गए थे। एसजीपीजीआई के डॉक्टरों के इस विरोध का भी कोई असर प्रदेश सरकार पर नहीं पड़ा।

#### संस्थान के निदेशक को तीन साल का दूसरा कार्यकाल देने का रास्ता साफ

सरकार ने मंगलवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को विधानसभा में पेश किया, जिसमें संस्थान के निदेशक को तीन साल का दूसरा कार्यकाल देने और पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष तय करने का प्रावधान है। विधेयक में इनके लिए एसजीपीजीआईएमएस अधिनियम, 1983 में एक नई धारा 12-ए जोड़ने का प्रस्ताव है।

#### प्रभावी संचालन में निदेशक की भूमिका महत्वपूर्ण बताकर बदलाव

राज्य सरकार ने एक बयान में कहा, ऽसंस्थान के सुचारू और प्रभावी संचालन में निदेशक की भूमिका बहुत महन्वपूर्ण है। निदेशक के कार्यकाल, आयु सीमा और कार्यकाल के विस्तार के बारे में अधिनियम में कोई प्रावधान नहीं है। उपरोक्त को देखते हुए, उक्त अधिनियम में एक नई धारा 12-ए जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

## गंगा किसी और ने उतारी, चाचा खुद को बता रहे 'भागीरथ'

- प्रस्तावित और चल रहे कामों का क्रेडिट लेने के लिए सीएम को लिखा पत्र
- कृपाशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया लेटर, कमेंट्स का लगा अंबार

संतोष कुमार दीक्षित



**राज्य मुख्यालय।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री और जौनपुर से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर इन दिनों सोशल मीडिया पर एक लेटर को लेकर सुर्खियों में हैं। स्टेडियम, कॉरिडोर, रिंग रोड और तमाम विकास की योजनाओं जो अभी पाइप लाइन में हैं या फिर जिन्हें स्थानीय नेताओं ने अपने प्रयासों से पास करा दिया है और उन पर काम चल रहा है। उन सभी योजनाओं का क्रेडिट लेने के लिए नेताजी का मुख्यमंत्री से मिलना-मिलाना और फिर सोशल मीडिया पर लेटर पोस्ट कर जनता को बरगलाना बदस्तूर जारी है। खुद को सक्रिय नेता के रूप में बनाए रखने के लिए नेताजी के ये अशोभनीय प्रयासों की सोशल मीडिया पर खूब किरकिरी हो रही है।

### सड़क का डामरीकरण करा दो, जौनपुर में फैक्ट्री लगवा दो

कृपाशंकर (चाचाजी) का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ फोटो और विकास कार्य के लिए दिए पत्र को लेकर तरह-तरह की कमेंट करके मजाक उड़ा रहे हैं। कोई यूजर उनसे जौनपुर में फैक्ट्री लगवाने की बात कह रहा है तो कोई जर्जर हो चुकी सड़क का डामरीकरण करने की बोलकर कमेंट कस रहा है। इतना ही नहीं एक यूजर ने तो यहां तक कह दिया कि आप जैसे होनहार नेता की जौनपुर को जरूरत हैज। इसी तरह सैकड़ों पोस्ट ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनता नेताजी को कितना सम्मान दे रही है।

#### हो चुके और हो रहे कामों का क्रेडिट लेने की मंशा

कृपाशंकर ने सोशल मीडिया पर 16 विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर एक पोस्ट शेयर की है। जिसमें जौनपुर के धार्मिक स्थल मां शीतला मंदिर (चौकियां धाम) कॉरिडोर बनाने का भी जिक्र है। हैरानी की बात ये है कि जिस मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए नेताजी क्रेडिट लेना चाह रहे हैं, उसे जौनपुर सदर विधायक और खेल-युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के प्रयासों से पहले से ही पास कराया जा चुका है और काम भी चल रहा है।

#### शासन से जारी पत्र संलग्न कर लताड़ा

यूजर प्रदीप तिवारी ने चौकिंया धाम के विकास का क्रेडिट लेने के लिए चाचाजी को शब्दों की लताड़ लगाते हुए कहा कि चौकियां धाम के विकास का कार्य कराने के प्रस्ताव का दावा है तो यहां धाम क्षेत्र के विकास के लिए मंत्री गिरीश यादव के प्रस्ताव पर स्वीकृति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसी के सशक्त होने (दावे) का मतलब यह होना चाहिए कि आप अपनी जगह सही रहे झूठे दावे न करें। बातों और दावो में स्पष्टता हो। इस संबंध में यूजर ने शासन से जारी पत्र भी संलग्न किया।

#### हम पर भी थोड़ी 'कृपा' कर दो चाचा

यूजर ठा. मनीष सिंह दुर्गवंशी ने चाचाजी को हाथ जोड़कर प्रमाण किया और कहा कि मेरे गांव राजाबाजार से कठार होते हुए पट्टी को रोड जाती हैं, जो जौनपुर और प्रतापगढ़ को जोड़ती है। यह सड़क एकदम जर्जर हो चुकी है। स्थानीय विधायक रमेश चंद्र मिश्रा सुनते ही नहीं है। चाचा जी आपसे यही कहना है आप इस रोड पर ध्यान देंज।

#### मिले एम्स की सौगात तो बने बात

मछली गांव के यूजर सनी शुक्ल ने लिखा कि बदलापुर विधानसभा में विकास की गंगा बहाने के लिए चाचाजी ने कई योजनाओं की मांग की जिनका स्वागत है, लेकिन बदलापुर विधानसभा में विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने समग्र विकास किया है। आप महाराष्ट्र सरकार में गृह राज्यमंत्री रह चुके हैं और राष्ट्रीय स्तर की राजनीति करते हैं। आपसे निवेदन है कि बदलापुर विधानसभा में एज्स जैसे अस्पताल के निर्माण और बड़े उद्योग स्थापित करने का प्रयास करें। तो बात बने।

#### नेताजी के कारनामों से सकते में स्थानीय नेता

भाजपा नेता कृपाशंकर के दावे और लेटर बम ने जौनपुर की राजनीति में ब्लास्ट कर दिया है। स्थानीय नेताओं को कृपाशंकर के मुख्यमंत्री से मिलने-मिलाने और पत्र सौंपने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन लेटर को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर क्रेडिट लेने की मंशा को लेकर सकते में हैं। एक स्थानीय नेता का कहना है कि एक दशक से भी ज्यादा समय से क्षेत्र के विकास के लिए लखनऊ और दिल्ली की दौड़ लगाते रहे हैं और जब मेहनत का फल मिलने की बारी आई तो कृपाशंकर जैसे दलबदलू नेता क्रेडिट लेने की कतार में खड़े हा रहे हैं।

#### अडानी-अंबानी से कहकर फैक्ट्री खुलवा देते तो...

कमेंट का सिलसिला जारी हैज। उन्हीं में से एक कमेंट बदलापुर के यूजर सुशील मिश्र जमदग्निपुरम का है। जिन्होंने कृपाशंकर से लिखा कि चाचाजी आपकी पहुंच अडानी-अंबानी तक है। आपसे अपील है कि बदलापुर के लिए कोई एक फैक्ट्री मिल जाती तो महती कृपा होती। युवा भाइयों को बाहर न भटकना पड़ता। अपील करते हुए लिखा एक ट्रेन बदलापुर से मुंबई के लिए चलवा देते तो लोगों को मुंबई जाने के लिए बनारस, फूलपुर और प्रयागराज न जाना पड़ता।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले भर के शिवालय और मठ-मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। तीर्थक्षेत्र में भी मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में आस्थावानों का तांता लगा रहा। इस दौरान भगवान शिव को जलाभिषेक करने वालों की भीड़ उमड़ी। महाशिवरात्रि पर्व पर जिलाधिकारी ने सपरिवार मतगजेंद्रनाथ महराज की पूजा-अर्चना की। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत डीएम ने संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में लगे जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि मेले में आने-वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि रामघाट और परिक्रमा मार्ग की निरंतर साफ-सफाई कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी के दिन महाशिवरात्रि के पर्व पर लोगों द्वारा व्रत रखकर बड़े हर्षोल्लास के साथ अर्धनारीश्वर भगवान शिव की पूजा अर्चना वैदिक काल से होती चली आ रही है। इसी परम्परा का निर्वाह आज भी लोग श्रद्धा भाव से करते चले आ रहे हैं। महाशिवरात्रि पर कर्वी के शिवभक्तों ने परम्परागत तरीके से भव्य शिव बारात निकाली। शहर के धतुरहा चैराहे से भगवान भोलेनाथ की बारात झांकी के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर शिवभक्तों ने स्वागत किया। इस मौके पर रमेश धतुरहा, जितेन्द्र धतुरहा, ओम केशरवानी, शनि धतुरहा आदि ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। गांधी गंज में व्यापारी नेता विष्णु गुप्ता ने शिव बारात में शामिल शिवभक्तों का स्वागत ठंडई पिलाकर किया। इस मौके पर मनोज वर्मा, शैलेन्द्र गुप्ता, रोहित गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय के कुलगुरु ने महाशिवरात्रि पर किया रुद्राभिषेक

**चित्रकूट।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर ग्रामोदय पहाड़ी में स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार की स्थापना की गई। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने सपत्निक वैदिक मन्त्रोचरण के बीच ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार की ओर से रुद्राभिषेक किया। इस अवसर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर हवन-आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र उपाध्याय, डॉ अनिल अग्रवाल, इं. सीपी बरसानी, विद्यानंद चतुर्वेदी, डॉ कमलेश थापक संयोजक सहित ग्रामोदय के शिक्षक, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने किया सिद्धपुर गांव के सचिवालय का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



सदर तहसील क्षेत्र की सिद्धपुर ग्राम पंचायत में चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में 'गांव की समस्या गांव में समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना के अंतर्गत 22 लाख रुपये की लागत से बने ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

मंडलाआयुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को वृद्धा एवं विधवा पेंशन मिलनी चाहिए, इसमें कोई भी छूटने न पाए। उन्होंने दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित यूडीआईडी कार्ड के बारे में जानकारी ली। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद्यान्न का समय से वितरण करना सुनिश्चित करें तथा खाद्यान्न में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए। परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सही से सर्वे कराए तथा इसमें अपात्रों को लाभ न मिलने पाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषाहार का समय से वितरण कराते हुए फील्ड में भी विजिट करने के निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों के जॉब कार्ड की जानकारी लेते हुए मंडलायुक्त ने समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन चैपाल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि सभी अध्यापक व डॉक्टर समय से स्कूल व अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिजली पानी पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जन चैपाल में जो समस्याएं प्राप्त हुई है, उसका सम्बन्धित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, ग्राम प्रधान रामकिंकर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# धर्मनगरी में शाही यात्रा निकालकर संतों ने किया स्नान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महाशिवरात्रि के अवसर पर एवं महाकुंभ के पुण्यतम सुयोग पर धर्मनगरी के संत-महात्माओं ने गाजे-बाजे के साथ रथ-बग्घी में सिंहासनारूढ़ होकर शाही यात्रा निकालते हुए रामघाट में मंदाकिनी-गंगा में अमृत शाही स्नान कर मत्तगजेन्द्रनाथ की पूजन-अर्चन की। महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर से निकाली गई शाही यात्रा का कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन सहित अनेकों गणमान्य नागरिकों ने स्वागत कर संत-महंतो का पुष्पों से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। शाही यात्रा के रामघाट पहुंचने पर संत-महंतों ने मंदाकिनी में स्नान कर पूजा-अर्चना की। विरक्त संत मण्डल के आयोजन एवं मां मंदाकिनी सेवा ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न अखाड़े, मठ-मंदिरों के लगभग 600 संत, महंत, नागा साधू, महात्मा शाही यात्रा व स्नान में सम्मिलित हुए। जिनमें महंत सनकादिक ब्रम्हचारी महराज, सीताशरण दास महराज, रामहृदय दास महराज, गोविंददास महराज, बलराम दास महराज, रामप्यारे दास महराज, प्रेमनारायण दास, पागल बाबा, दिनेश दास, रामबली दास, माधवदास महराज, रामप्रिय दास, रामकुमार दास, राघव दास, बालकदास महराज, रामदास, नागा नरसिंह दास, मोहनदास, मनोज दास, अजयदास आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रमुख अर्चन ने बताया कि शाही स्नान के बाद नगर परिषद पार्क में संतों द्वारा विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संतों द्वारा मंदाकिनी में शाही स्नान परंपरा के विकास तथा चित्रकूटधाम के आध्यात्मिक, धार्मिक विकास पर विचार-विमर्श किया गया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर डीएम व एसपी ने किया शिवालयों का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । उरई

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सरावन में भुरेश्वर महादेव, देवगांव, सलाघाट सहित अन्य प्रमुख शिवालयों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजान लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस बल को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसरों व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर भगवान शिव के दर्शन और पूजन कर सकें।

# ग्राम समाज की जमीन से दबंगों का कब्जा हटवाने की गुहार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट


सदर तहसील स्थित ग्राम पंचायत अकबरपुर में ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर उपजिलाधिकारी के आदेशों की अनदेखी की जा रही है। दो दिन पहले ही उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक और थाना प्रभारी को इस अवैध निर्माण को तत्काल रोकने के लिए निर्देशित किया था, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई है। यह मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है, क्योंकि लगातार अवैध निर्माण का कार्य जारी है, और ग्राम पंचायत सदस्य अश्विनी कुमार ने एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत अकबरपुर के भरतकूप कस्बे मे स्थित गाटा संख्या 820, जो श्रेणी 6 आबादी की ग्राम समाज की भूमि है, पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। यह भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित होने के कारण अत्यधिक मूल्यवान मानी जाती है। इस भूमि का उपयोग ग्रामवासियों के कल्याण के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा इसे दबाव में लाकर कब्जा करने की साजिश की जा रही है। ग्राम पंचायत सदस्य अश्विनी कुमार ने एसडीएम को इस संदर्भ में आवेदन देकर अवैध कब्जे को तत्काल समाप्त करने की अपील की है। उनका कहना है कि यह भूमि ग्रामवासियों के लिए महत्वपूर्ण है और इसे असामाजिक तत्वों और दबंगों के कब्जे से मुक्त कराना बहुत जरूरी है।

### बाइक भिड़ंत में फूफा भतीजे की मौत, अन्य दो लोग घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कैलिया थाना क्षेत्र में पिपरी तिराहे पर दो बाईकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक पर सवार फूफा भतीजे की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो घायल हो गए। कस्बा कैलिया निवासी राजाराम परिहार 70 वर्ष रिश्ते में लगने वाले अपने भतीजे मनीष 18 वर्ष के साथ मंगलवार की देर रात बाइक पर सवार होकर कोंच शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी कोंच से बाइक पर सवार होकर कैलिया जा रहे रूपराम सहित दो लोगों की बाइक से पीपरी तिराहे पर आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसा देखकर वहां स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत ने चारों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकिन्सकों ने फूफा भतीजे को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो लोगों का उपचार चल रहा है। बताया गया कि मृतक मनीष छात्र था और देवगांव में इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था। फिलहाल पुलिस ने सूचना परिजनों को देने के बाद शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नफरत की राजनीति कर रही है भाजपा- भइयालाल

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट




समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पीडीए जन चैपाल का आयोजन मानिकपुर विधानसभा की मऊ नगर पंचायत के बौसडा मजरा में तथा गाम नौबस्ता में किया गया।

चैपाल में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव भइयालाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सदैव बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का सम्मान किया है। बाबा साहब किसी एक जाति के नेता नही थे, उन्होंने सभी जातियों का ख्याल था। भाजपा सरकार में बैठे लोग बाबा साहब के सविधान को पंसद नहीं करते है, बाबा साहब का संविधान न होता तो पिछड़ी जातियों, दलित समाज, आदिवासी, अल्पसख्यक समाज और गरीब के बेटे कभी भी किसी बड़े पदों पर नहीं पहुंचते, इसलिए सविधान की रक्षा करने के लिए बाबा साहब के सम्मान को बचाने के लिए पीडीए के लोगों को एक जुट होना होगा और अपने हक और अधिकार को बचाना होगा। नफरत की सीढ़ी से सत्ता के शिखर में पहुंचने वाली भाजपा सरकार पिछडों, दलितों अल्पसंख्यको की हितैषी नहीं है। इस मौके पर उदयभान सिह पटेल, सचिन रस्तोगी, सच्चिदानन्द, राम?मिलन वाजपेयी, पंकज यादव, राजेश यादव, बालगोविन्द निषाद, दिनेश पटेल, अखिलेश पटेल, दिनेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# बुढ़ापा जब आ जाता है, तो तृष्णा और ज्यादा बढ़ जाती है

जन एक्सप्रेस । उरई

- खुशी पैलेस उत्सव ग्रह में अंतिम दिन कथा व्यास ने सुनाई सुदामा चरित की कथा



मित्रता दूध और पानी की तरह करना चाहिए। दूध पानी को अपने में मिलाकर अपने जैसा कीमती बना लेता है, और जब दूध पर संकट आता है उसे उबाला जाता है तो पानी स्वयं जलकर वाष्प बनकर उड़ जाता है और दूध की रक्षा करता है, और जब दूध अपने मित्र पानी को संकट में देखा है तो स्वयं उबलकर आग में कूद पड़ता है। यह बात बुधवार को चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने नया रामनगर के खुशी पैलेस उत्सव ग्रह में अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कही।

कथा व्यास ने कहा की परंतु याद रहे कपट रूपी खटाई नहीं पढ़नी चाहिए, नहीं तो दूध और पानी की कोई कीमत नहीं रह जाती है। उन्होंने कहा कि कंस की दो पत्नियां थीं। एक का नाम अस्ति और दूसरी का नाम प्राप्ति था, जो तृष्णा की प्रतीक है। कसि हिंसायाम धातु च अर्थात हिंसा से कंस शब्द बना है। इसी से कसाई शब्द बनाता है। जो अपने सुख, स्वार्थ एवं तृष्णा को बढ़ा लेता है, वह कंस हो जाता है। अस्ति व प्राप्ति जरासंध की पुत्रीयां थी। जरासंध अर्थात बुढ़ापे का संधिकाल, और बुढ़ापे का सन्धिकाल जब आ जाता है, तो तृष्णा और ज्यादा बढ़ जाती है। इनसे बचने के लिए हमें हमेशा सत्संग और भगवान का भजन करते रहना चाहिए। हम जब भी भगवान का स्मरण करते हैं तो काम, क्रोध, लोभ, मोह व तृष्णा से बचे रहते हैं। कथा समापन पर परीक्षित पुष्पा देवी व संतोष कुमार चतुर्वेदी ने भागवत महापुराण की आरती की। राधिका पटेरिया, आदित्य नारायण द्विवेदी, अखिलेश शर्मा, कृपासिंधु व्यास, विनोद मिश्रा, विकास चतुर्वेदी, क्षितिज सोनकिया, तन्वी, शिवानंद आदि ने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### कुल की रस्म के साथ उर्स आलिया मुहम्मदिया का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** हजरत मीर मुहज्मद तिरमिज़ी की दरगाह मे कुल की रस्म के साथ उर्स आलिया मुहज्मदिया का धूमधाम पूर्वक समापन हो गया। उर्स के अंतिम दिन दरगाह परिसर में वुधवार को कुल की फातिहा एवं लंगर के आयोजन हुआ। दरगाह परिसर में आयोजित महफ़िल में सज्जादा नसीन सैय्यद ग्यासुद्दीन मियां ने कहा कि हुजूर सल्लाह अलैह वसल्लम ने दुनिया में सग्चाई नेकी पर चलने का जो पैगाम दिया है।उसी के अनुरूप सभी लोग दुनिया में नेक काम करें। उन्होंने नमाज पढ़ने पर जोर दिया। उर्स मे गौस पाक पीराने पीर दस्तगीर, हिन्दल वली ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी, हजरत मीर मुहज्मद तिरमिजी आदि वलियों की जीवनी तथा दरगाह के बारे में जानकारियां दी गयी। उपस्थित लोगों ने मुल्क एवं समाज की प्रगति एवं खुशहाली तथा अमन की दुआए मांगी गयी अकीदतमंदो ने श्रद्धापुर्वक दरगाह मे फूल एवं चादर चढ़ा कर फातिहा पढ़ी। कार्यक्रम मे तकी मस्जिद के इमाम हाजी अब्दुल मुजीब अल्लामा, कारी रऊफ खान आदि लोग मौजूद रहे। दरगाह परिसर मे उर्स के मौके पर रंग विरंगी सजावट एवं रौशनी की गयी।

# शिव मंदिर में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे, की गई पूजा अर्चना



जन एक्सप्रेस । जालौन

शिव अनादि है, शिव अनंत है। शिव शक्ति है, शिव भक्ति है।। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर व ग्रामीण के मंदिरों पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों के कई मन्दिरों पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बुधवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर व क्षेत्र के शिव भक्तों द्वारा शिव पूजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में घड़ियालों व शंखों आदि की धुनें गूंजने लगीं। महिला, पुरूष एवं बच्चे सभी ने शिव मंदिरों पर जाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। औरैया रोड स्थित नर्मदेश्वर मंदिर, मोहल्ला चौधरयाना, नारोभास्कर, फर्दनवीस में स्थित शिव मंदिर, संकटमोचन मंदिर के नागेश्वर मंदिर, प्राचीन तहसील भवन, कोतवाली परिसर के रक्षिकेश्वर, ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर एवं चुर्खीरोड स्थित अलखिया मंदिर, मोहल्ला गणेशजी स्थित शिव मंदिरों पर पूरे दिन महाकाल के भक्तों तांता लगा रहा। लोगों ने शिवलिंग पर बेल-पत्र, धतूरा आदि चढ़ाकर गंगाजल, पंचामृत और कुशा के जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर उरई रोड पर हनुमंत नगर स्थित हनुमंत साधना धाम पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन पुजारी रमेशचंद्र विश्वकर्मा की उपस्थिति में किया गया। संकट मोचन मंदिर में पुजारी कमलेश जी, रक्षिकेश्वर मंदिर कोतवाली में रूद्राभिषेक कराया गया। ताईबाई के महल स्थित प्राचीन शिव मंदिर समेत नगर व क्षेत्र के शिव मंदिर एवं घरों में अखंड राम चरित मानस का पाठ कराया गया। इसके अलावा भी कई शिव मंदिरों में हवन, पूजन एवं रामचरित मानस का पाठ भी किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खनुआं, उदोतपुरा, अमखेड़ा, लहचूरा, कुंवरपुरा, पहाड़पुरा, सारंगपुर, गायर, छिरिया सलेमपुर, सुढ़ार सालाबाद, लौना, छानी आदि गांवों में शिव मंदिरों पर शिवगीत, रामधुन, श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ व शिव-पुराण महिमा सहित अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

### सड़क पार करते समय महिला को कार चालक ने मारी चक्कर

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** सड़क पार कर रही महिला को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारकर कार चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने महिला को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को उग्च संस्थान रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी कला देवी (48) पन्नी रामसिंह ग्राम भिटारा के पास खेत पर जाने के लिए सड़क पार कर रही थीं। तभी जालौन की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं ढाबा पर खाना खा रहे शैलेंद्र कुमार ने जब महिला को घायल अवस्था में सड़क पर पड़े हुए देखा तो तन्काल डायल 112 को सूचना दी। साथ ही उन्होंने घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए महिला को उग्च संस्थान रेफर कर दिया। उधर, महिला को टक्कर मारकर कार सवार कार लेकर मौके से भाग गया।

# संगोष्ठी में 350 महिलाओं ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दीनदयाल परिसर में कौशल विकास एवं? उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित तथा दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबन हेतु ग्रामीण स्तर पर रोजगार का आयोजन किया गया। जिसमें जन शिक्षण संस्थान द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं उसके सकारात्मक परिणामों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की पूर्व मंत्री ऊषा ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक महिला को स्वावलंबी होना नितांत आवश्यक है। आप सभी मातृशक्तियाँ अपनी स्वयं की सामर्थ को पहचानिए। ईश्वर ने सबसे ज्यादा विश्वास मातृशक्ति पर किया है। हमारी जिम्मेदारी 2047 के स्वर्णिम भारत के निर्माण में अग्रणी है। हम भारतीय संस्कृति के पुजारी हैं सनातन संस्कारों एवं विचारों का समावेश स्वयं एवं परिवारों में करें। मातृशक्ति परमात्मा की प्रतिनिधि है। संतुलित आहार का प्रशिक्षण न होने से आज स्वास्थ्य खराब हो रहे हैं। प्रो इंदिरा सरंगथेम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं की सामाजिक आर्थिक अवसरों में बढोत्तरी एवं आजीविका, अधिकारों और लचीलेपन को सुरक्षित करने की दिशा में प्रगति को गति देना ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य है। प्राध्यापक एवं अध्यक्ष परिधान डिजाइनिंग विभाग डॉ अनुपमा मिश्रा ने कहा कि हम जो कार्य करते हैं वह हमारा कौशल है।

# नानाजी की पुण्यतिथि पर दूसरे दिन सम्पन्न हुए विविध कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित किए गए तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रंखला में बुधवार को दीनदयाल परिसर में राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में आधुनिक विज्ञान एवं स्थानीय स्वदेशी ज्ञान का एकीकरण, जनजातीय समुदायों के सतत विकास का मार्ग, बुन्देलखण्ड एवं बघेलखण्ड क्षेत्र में रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती की संभावनाएं, ग्रामों के स्वावलंबन में किसान उत्पादक संगठन की भूमिका, महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन के लिए ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के अवसर, औषधीय पौधों एवं सुरक्षित पेयजल की उत्तम स्वास्थ्य में भूमिका विषय पर देशभर के विविध क्षेत्रों से आए विद्वजनों ने विचार व्यक्त किए।

जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय इंफाल के कुलपति डॉ अनुपम मिश्रा ने कहा कि मानव जीवन में भोजन एक महत्वपूर्ण अंग है। कहा कि कब क्या खाना है, कौन सी दवा देना है, गर्भवती को गर्भावस्था में कौन सा भोजन करना है आदि का जनजाति समुदायों को अच्छा ज्ञान होता है, जिसको विज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता है। केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय इंफाल के लोकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सारे सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति के साथ खाद्य प्रणाली की विविधता को बनाए रखा जाए। प्रमुख अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम हैदराबाद गिरीश कुबेर ने कहा कि परंपराएं आज भी जिंदा है, नई फसल की बुवाई एवं पैदा होने पर खेत की पूजा हो, वही आनंद



का उत्सव है। विकास करने वालों को पता होना चाहिए कि जनजाति की अस्मिता को ध्यान देना है। यह सामूहिक जीवन जीने वाले लोग हैं। निदेशक कृषि तकनीकी अनुप्रयोग एवं अनुसन्धान संस्थान कानुपर डॉ शांतनु कुमार दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए टीएसपी उपयोजना शुरु की गई है। जिसके अंतर्गत उच्च गुणवत्तायुक्त बीज, उद्योग, पशुपालन, मछली पालन एवं गृह उद्योग को स्थापित किया गया है, जिसका लाभ लेकर किसान विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। मध्य प्रदेश के जनजातीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक खांडेकर ने अनुसूचित जनजाति के हितार्थ योजनाओं एवं उसके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सरकार द्वारा जनजातियों के विकास के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए। दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने कहा कि वन धन योजना एवं स्वदेशी ज्ञान का एकीकरण बहुत ही आवश्यक है और इसकी समझ भी होनी चाहिए।

इस मौके पर प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन उमाकांत उमराव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



# प्रदेश के हर दिव्यांग को आत्मनिर्भर बना रही योगी सरकार

- योगी सरकार ने बजट में खोला 1424 करोड़ रुपये का खजाना
- कृत्रिम सहायक उपकरणों के लिए 35 करोड़ का बजट
- इलाज में नहीं होगी बाधा, योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए 10 करोड़ की अनुदान योजना लागू की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 2025-26 के बजट में दिव्यांगजन कल्याण के लिए 1424 करोड़ रुपये की बड़ी राशि प्रस्तावित की है। यह प्रावधान न केवल उनकी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिव्यांगजन अक्सर आर्थिक अस्थिरता के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करते हैं। उनकी इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपने जीवनयापन के लिए किसी पर निर्भर न रहें। दिव्यांगजन की जीवनशैली को सरल और सुगम बनाने के लिए सरकार ने 35 करोड़ रुपये का बजट कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल और अन्य सहायक उपकरणों के लिए प्रस्तावित किया है। यह पहल उन्हें शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी। तकनीक की सहायता से दिव्यांगजन अब नए अवसरों की ओर बढ़ सकेंगे।

### मनरेगा के तहत दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार

मनरेगा योजना के अंतर्गत जरूरतमंद श्रमिकों को उनकी मांग के अनुसार 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। दिव्यांगजनों को उनकी जरूरतों और क्षमता के आधार पर कार्य सौंपा जा रहा है। यह योजना न केवल रोजगार प्रदान कर रही है, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता को भी बढ़ावा दे रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इस वर्ष 50,201 पंजीकृत दिव्यांग जॉब कार्ड धारकों में से 23,262 दिव्यांगजनों को मनरेगा योजना के तहत रोजगार प्रदान किया गया है। इसके साथ ही, अब तक 8.28 लाख मानव दिवस सृजित किए गए हैं। बीते वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2017-18 में 11,332, 2018-19 में 10,993, 2019-20 में 10,699, 2020-21 में 17,400, 2021-22 में 14,065, 2022-23 में 13,948 और 2023-24 में 22,630 दिव्यांगजनों को रोजगार प्रदान किया गया। वर्तमान वर्ष में यह आंकड़ा 23,262 तक पहुंच चुका है।

### दिव्यांगजनों के इलाज में अब नहीं आएगी बाधा

स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं, लेकिन आर्थिक समस्याओं के कारण दिव्यांगजन अक्सर उचित इलाज से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए योगी सरकार ने 10 करोड़ रुपये की राशि असहाय दिव्यांग व्यक्तियों के इलाज हेतु अनुदान योजना के लिए तय की है। इस अनुदान से दिव्यांगजन को समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनका जीवन सुगम होगा। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों की देखभाल और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने प्रदेश के 18 मंडलों में बचपन डे केयर सेंटर स्थापित किए हैं। इन केंद्रों में 3 से 7 वर्ष के श्रवणबाधित, मानसिक मंदित और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए विशेष शिक्षा और देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से दिव्यांग बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे।

दिव्यांग सशक्तीकरण की दिशा में योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

योगी सरकार की यह पहल न केवल दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करेगी। सीएम योगी का मानना है कि विकास का असली अर्थ तभी है, जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग की जरूरतें पूरी हो और उन्हें उनका अधिकार मिलें। सीएम योगी की अगुवाई में मनरेगा योजना को इस तरह से लागू किया गया है कि दिव्यांगजन भी इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री का यह प्रयास प्रदेश के समग्र विकास और समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मनरेगा योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को उनकी योग्यता, क्षमता और कार्यकुशलता के अनुसार रोजगार प्रदान किया जा रहा है। समाज के इस वर्ग को भी आजीविका का समान अधिकार मिले इसके लिए सीएम योगी प्रयासरत हैं। इसी के मद्देनजर वर्ष 2017-18 से लेकर अब तक 1.24 लाख से अधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देकर उनकी आजीविका को सशक्त बनाया गया है। इन दिव्यांगजनों के माध्यम से अब तक 44.64 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं।

## 501 दीपों से आरती कर मनाई गई महाशिवरात्रि, मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन



- शिवदासपुर में शोभायात्रा में शिव पार्वती की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मलिहाबाद।** क्षेत्र भर में बड़े ही धूमधाम के साथ शिवरात्रि मनाई गई और गोशाला परिवार ने गोपेश्वर महादेव और बुढ़िया शिवालय पर पूजन,आरती और प्रसाद की व्यवस्था की।कसमण्डी कला क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में रंग गुलाल उड़ाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई यात्रा में विशेष आकर्षण शिव पार्वती की झांकी रही जिसमें महिलाएं, बच्चे,बुजुर्ग सभी उत्साह पूर्वक यात्रा में शामिल हुए।यात्रा का स्वागत कसमण्डी कला के प्रधान प्रतिनिधि संजय साहू ने जोरदार स्वागत किया।जगह जगह कई गांवों के प्रधानों ने ग्रामीणों को फल मिष्ठान,पानी वितरित कर यात्रा का स्वागत किया आयोजक मंडल रिकू यादव,सुशील रावत,अजय, रामकिशोर, संदीप,राजू प्रति वर्ष विशाल यात्रा का आयोजन करते है इस अवसर पर हजारो लोग उपस्थित रहे तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।वही रहीमाबाद क्षेत्र में धूमधाम से शिवरात्रि मनाई गई जिसके लिए मंदिरो में एक दिन पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली गई थी प्राचीन शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई जिसका स्वागत बाराही देवी मंदिर पर किया गया।क्षेत्र के सभी गांवो के मंदिरों पर रामायण पाठ का आयोजन और रात्रि जागरण कर शिवरात्रि रात्रि मनाई गई है।उमाकान्त गुप्ता ने बताया प्राचीन गोपेश्वर महादेव मंदिर और बुढ़िया शिवालय में ब्रह्म मुहूर्त से ही भोलेनाथ का रुद्राभिषेक शुरू किया गया और कमल पुष्प से श्रृंगार किया गया पूरे दिन अनवरत ? नमः शिवाय का जप तथा शाम को फूलों की होली खेली गई तत्पश्चात 501 दीपों से भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। भतोइया गांव स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में पूजन के विशेष आयोजन किए गए जिसमें बिल्वपत्र,धतूरा,भांग,दूध,दही,शहद आदि सामग्री से भगवान शिव का पंचोपचार किया गया।

# बाघ का आतंक कम करने के लिए पीएसी तैनात

**जिले के लगभग 11 गांवों में, जहां पिछले तीन महीनों से एक बाघ ने लोगों को आतंकित किया हुआ है, जिला प्रशासन ने पीएसी के जवानों को तैनात किया**

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले छात्र सुरक्षित रूप से अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सकें, इसलिए खास व्यवस्था
- मीठेनगर, रहमान खेड़ा, करजहान, दुगुली, उलरापुर और अन्य पड़ोसी गांवों से करीब 300 छात्र राज्य बोर्ड की परीक्षा दे रहे
- भय के बीच इन सभी गांव के बोर्ड परीक्षार्थी एप्जाम देने जाने को मजबूर हैं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



आतंक का पर्याय बने बाघ की दहशत बोर्ड परीक्षार्थियों में कम करने के लिए पीएसी तैनात की गई है। लखनऊ जिले में ऐसे 11 गांव हैं जहां बाघ के हमले का डर बना हुआ है। इस भय के बीच बोर्ड परीक्षार्थी एप्जाम देने जाने को मजबूर हैं। जिले के लगभग 11 गांवों में, जहां पिछले तीन महीनों से एक बाघ ने लोगों को आतंकित किया हुआ है, जिला प्रशासन ने पीएसी के जवानों को तैनात किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले छात्र सुरक्षित रूप से अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सकें। इस साल मीठेनगर, रहमान खेड़ा, करजहान, दुगुली, उलरापुर और अन्य पड़ोसी गांवों से करीब 300 छात्र राज्य बोर्ड की परीक्षा दे रहे हैं। अधिकांश छात्रों को अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए बाघों के दिखने के कारण असुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों को पार करना पड़ता है।

### 12 दिसंबर को बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई

12 दिसंबर को बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई जब गांव में 100 से ज़्यादा पैरों के निशान मिले। बाद में, बाघ को नीलगाय का शिकार करते हुए देखा गया। कई जाल लगाने के बावजूद बाघ पकड़ में नहीं आ रहा है।

### छात्रों और उनके अभिभावकों में विश्वास पैदा करने के लिए निर्णय

एक इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा, सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए हाल ही में स्कूल अधिकारियों और पुलिस तथा वन विभाग के अधिकारियों के बीच एक बैठक हुई थी, जिसके दौरान छात्रों और उनके अभिभावकों में विश्वास पैदा करने के लिए पीएसी कर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया गया। इंटर कॉलेज में प्रभावित क्षेत्रों से कई छात्र परीक्षा दे रहे हैं।

### चार दिन पहले रहमान खेड़ा गांव से तीन किलोमीटर दूर ड्रोन के जरिए देखा गया

दिसंबर से ही राज्य का वन विभाग बाघ को पकड़ने की कोशिश कर रहा है, जिसने अब तक जानवरों को मारा है और किसी इंसान पर हमला नहीं किया है। वन विभाग की टीम ने 11 प्रभावित गांवों में से एक रहमान खेड़ा गांव में केंद्रीय बागवानी संस्थान में एक बेस कैंप बनाया है, ताकि बाघ की निगरानी और उसे पकड़ा जा सके। लखनऊ के प्रभागीय वन अधिकारी सीतांशु पांडे ने बताया कि जानवर को आखिरी बार चार दिन पहले रहमान खेड़ा गांव से तीन किलोमीटर दूर ड्रोन के जरिए देखा गया था।

### लोगों को झाड़ियों में जाने से रोकने के लिए एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई

लखनऊ के पुलिस उपायुक्त विश्वजीत श्रीवास्तव के अनुसार लोगों को झाड़ियों में जाने से रोकने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। उन्होंने बताया कि लोगों में विश्वास पैदा करने और बाघ के डर को कम करने के लिए पीएसी प्रभावित इलाकों में गश्त करेगी।

## महाराजा टीकन नाथ पासी का जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न, 11 निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाराजा टीकन नाथ पासी का जन्मोत्सव पट्टी ढिलवांसी अमानीगंज बीकेटी लखनऊ स्थित उनके किला परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बता दें कि इस अवसर पर 11 निर्धन वर-वधुओं का सामूहिक विवाह कराया गया,जिसमें वर-वधुओं को विभिन्न उपहार देकर आशीर्वाद दिया गया। वहीं अखिल भारतीय पासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. ए. प्रसाद व महिला समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा शकुंतला प्रसाद ने नवदंपतियों को घरेलू उपयोगी सामान व वस्त्र भेंट किए। किला ट्रस्ट के संरक्षक त्रिपुरारी रावत ने सभी वर-वधुओं को एक-एक सोने की नथ भेंट की। पूर्व राज्य मंत्री सलाहउद्दीन सिद्दीकी ने नवदंपतियों को एक-एक पायल और कंबल, व पूर्व विधायक इंदल रावत ने दो-दो जोड़ों को बिछिया प्रदान की। इसके अलावा, राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल पासी व नेहा रावत ने 100 विधवाओं को एक-एक साड़ी वितरित की। समारोह में आए समस्त बारातियों व अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था विष्णु चौरसिया प्रधान किसुनपुर, रंजीत रावत, महेश प्रसाद रावत, विनोद कुमार रावत, सियाराम रावत, रामपाल रावत, बिहारी लाल, बाबूलाल, राजू रावत, देशराज प्रधान, सुनील पूर्व प्रधान, राकेश रावत, सहजराम, रामकुमार, दिवाकर, राजेश रावत, रामनाथ वर्मा, ममता वर्मा, प्राची मौर्या, मंसाराम रावत, लकी, सुरेंद्र, रमेश पूर्व चेयरमैन महोना सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार निदेशक बीयूडीपी, उर्मिला देवी, विक्रम राम, राजेश प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पासी समाज व किला ट्रस्ट के प्रधान सचिव का विशेष योगदान रहा।

# एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संयोजन में पीलीभीत एकादश और लखनऊ एकादश का मैच संपन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में पीलीभीत एकादश और लखनऊ एकादश के बीच में मैत्रीपूर्ण मैच का आयोजन हुआ। बता दें कि जिसमें लखनऊ एकादश ने पीलीभीत एकादश को 15 रनों से हरा दिया। वहीं लखनऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 161 रन बनाए, वहीं पीलीभीत की टीम 19.5 ओवरों में 146 रन ही बना सकी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद, सभापति प्रशासकीय एवं वित्तीय विभाग एवं चेयरमैन एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस पवन सिंह चौहान और वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। एसआर संस्था के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने बताया कि हम प्रत्येक रविवार विभिन्न अपार्टमेंट और सोसायटी को लगातार आमंत्रित करते हैं कि सभी अपने व्यस्तम कार्यक्रम में से एक दिन अपने पिकनिक के लिए निकाले और खेल का पूरा आनंद लें और बताया कि यह खेल प्रतियोगिताएं लगातार जारी रहेंगी।



## शिव शक्ति मंदिर में 1008 दीपों के साथ भोलेनाथ की भव्य आरती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाशिवरात्रि पर कैंट, सदर के शिव शक्ति मंदिर में 1008 दीपों के साथ भोलेनाथ की भव्य आरती की गई। इससे पहले 25 फरवरी को श्रीरामचरितमानस का पाठ प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन बुधवार को हुआ। इस दौरान भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने भगवान शिव का पूजन करने के साथ भजन-कीर्तन भी किया। मंदिर में 28 फरवरी को विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। मंदिर में भोले शंकर की सेवा करने वाले पंडित अनूप नायक, प्रकाश जोशी, बच्चा राम, विशाल सिंह, तरुण गुप्ता, मखांचू सिंह, एवम अन्य भक्त गण मौजूद रहे।

## वीरेश्वर महादेव मंदिर पर किया गया विशाल भंडारा, हजारों लोग हुए शामिल



- एसडीएम बीकेटी ने वीरेश्वर महादेव शिव मंदिर पर की पूजा-अर्चना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ जिले के इटौंजा नगर में वीरेश्वर महादेव मंदिर पर हर साल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जहां शिव बारात रुककर जलपान करती है, उसके बाद आगे प्रस्थान करती है। वहीं बुधवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर समाजसेवी चमन पांडेय द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान चमन पांडेय ने बताया कि हम हर साल भंडारे का आयोजन इसी तरह किया जाता है, शिव की कृपा से हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैंन प्रत्याशी जया पांडेय ने एसडीएम बीकेटी को प्रसाद दिया। इस दौरान बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने वीरेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना की और कहा कि यह हमारा सौभाग्य हैं। वहीं इटौंजा नगर व क्षेत्रवासी अन्य लोगों विशाल भंडारे में शामिल होते हैं और कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## सीलिंग की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेखपाल की शिकायत के बाद भी रुकवाने में नाकाम पारा पुलिस

- दो पक्ष अपनी जमीन होने का कर रहें दावा, लेखपाल का कहना शहरी सीलिंग की है जमीन
- ज्यादा लाभ पाने के लिए क्रेता ने षड्यंत्र रच बेचीं शहरी सीलिंग की जमीन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सदर तहसील क्षेत्र के देवपुर पारा में सीलिंग की सरकारी जमीन खसरा संख्या 195 में विजय कुमार दुबे पुत्र पी0 एन0 द्विदी निवासी नई मर्दन खेड़ा शीतलापुरम राजाजीपुरम ने जय प्रकाश शर्मा पुत्र भगवती प्रसाद शर्मा निवासी शीतलापुरम नई मर्दन खेड़ा राजाजीपुरम से रजिस्ट्री बीती अगस्त 2024 में यह जानते हुए भी कि, यह जमीन 2008 से शहरी सीलिंग के नाम दर्ज है, उसके बावजूद भी षड्यंत्र के तहत रजिस्ट्री करा ली और अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया, लेखपाल द्वारा पारा कोतवाली क्षेत्र में हो रहें शहरी सीलिंग की जमीन पर अवैध निर्माण रुकवाने को लेकर पारा पुलिस से कि थी शिकायत नहीं रूका निर्माण, सूत्रों ने बताया कि पूरे प्रकरण की जानकारी पारा कोतवाल को है विपक्षी उन्हीं के रहमों करम पर बेधड़क होकर निर्माण कार्य कर रहें हैं, वही शिकायतकर्ता राधेश्याम यादव का कहना है कि जिस जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है यह उनकी पुस्तैनी जमीन है जिस पर उनका कब्जा था, जिसका खसरा संख्या 192 है और वह भी हो रहें निर्माण कार्य को रुकवाना चाहते हैं जिसे लेकर संबंधित उच्च अधिकारियों से की लिखित शिकायत।

> खसरा संख्या 195 में दर्ज शहरी सीलिंग की सरकारी जमीन है, जिस पर बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के विजय कुमार दुबे द्वारा जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है और उनके द्वारा किए जा रहें अवैध निर्माण को रोकने के लिए पारा पुलिस से कि शिकायती।
> –अनुपम कुमार, जोन-6 नगर निगम लेखपाल

## इटौंजा में निगोड़ेनाथ मंदिर से निकली शिव बारात, वीरेश्वर महादेव मंदिर पर किया जलपान

- शिव बारात में बीकेटी विधायक,एसडीएम बीकेटी, एसीपी बीकेटी सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के सैरपुर मड़ियांव बीकेटी इटौंजा महोना क्षेत्र में शिव मंदिरों पर रामायण पाठ,ओम नमः शिवाय का जाप, हवन पूजन महाशिवरात्रि पर्व पर चारों तरफ दिखाई दिया। बता दें कि इटौंजा नगर के निगोड़े नाथ शिव बारात निकल गई, शिव बारात में हजारों की संख्या में इटौंजा नगरवासी शिव भक्त बारात में शामिल हुए। वहीं निगोड़े नाथ शिव मंदिर से चलकर शिव बारात अशोक रोड होते हुए वीरेश्वर महादेव मंदिर पर किया विश्राम और जलपान किया। वहीं एसडीएम बीकेटी सतीश चन्द्र पार्टी व एसीपी बीकेटी ऋषभ ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा लिया। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला शिव बारात में शामिल हुए शिव भक्तों से मुलाक़ात कर जमकर लगाये शिव बम बम भोलेनाथ के जयकारे, विधायक बोले चारों तरफ आज क्षेत्र में शिव भोलेनाथ की धूम है और जगह-जगह लोग शिव की पूजा आराधना कर रहे हैं। वहीं एसडीएम बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने वीरेश्वर महादेव शिव मंदिर में शिव के किए दर्शन की पूजा-अर्चना प्रसाद पाया। कोई एसडीएम ने वीरेश्वर महादेव मंदिर से पैदल चलकर शिव बारात में मार्केट तक शामिल हुए जहां उनके साथ एसीपी बीकेटी मौजूद रहें। शिव बारात में ऊंट के पीछे ढोल नगाड़े बजाते हुए लोगों का हूजूम दिखाई दिया।इस दौरान शिव बारात में विधायक योगेश शुक्ला,इटौंजा नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश अवस्थी कमल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा, पूर्व सभासद सुधाकर अवस्थी,आलोक पांडेय, जेपी शुक्ला, दीपक त्रिवेदी छोटू प्रधान, मुकेश पांडेय, निशांत पांडेय,अनुराग अवस्थी, प्रिन्स द्विवेदी गोलू अन्य सैंकड़ों लोग मौजूद रहें।

## लखनऊ में शुक्रवार को देखा जाएगा रमजान के मुकद्दस महीने का चांद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मरकजी चांद कमेटी फरंगी महल के अध्यक्ष एवं ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मुसलमानों से शुक्रवार को रमजान के मुकद्दस महीने का चांद देखने की अपील की है। मौलाना ने फोन नंबर जारी कर चांद दिखने पर उसकी तस्दीक करने का आवाहन किया। हिलाल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने भी शुक्रवार को चांद देखने की अपील की।


**सूचना**

मैं शपथी रामाश्रय कुशवाहा (Ramashray Kushwaha) पुत्र सुकई कुशवाहा (Sukai Kushwaha) निवासी दारूगोदाम ऐशबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश,226004 का मूल निवासी हूं। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रामाश्रय पुत्र सुकई दर्ज है लेकिन किन्हीं त्रुटि के कारणों से मेरे डी0एल0 नं0 UP 32/19980015242 में मेरा नाम राम आसरे पुत्र पूजन भगत जोकि गलत प्रिंट हो गया है जिसको परिवर्तित कर मेरा सही नाम रामाश्रय कुशवाहा पुत्र सुकई कुशवाहा कर दिया जाए। मैं उपरोक्त शपथी सन्यापित करता हूं कि यह शपथ पत्र मेरे निजी ज्ञान से सन्य एवं सही है।

## त्यौहार/पर्व आपसी सद्भाव, अमन चैन के साथ मनाया जाए: डीएम

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आगामी त्यौहार/पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरूओं, मौलवी/ मुअज्जिज/ व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों/संभ्रांत नागरिकों के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी।बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी दिनो में होने वाले महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली के पर्व को जनपद में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के मतावलम्बियों को एक दूसरे का सम्मान करने के साथ ही भाई चारे की भावना के साथ पर्व मनाया जाना चाहिए। उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायें। उन्होंने जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि शिवरात्रि, शिवमन्दिरों में जलाभिषेक, गंगा स्नान त्यौहार/पर्व में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट/समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत थानावार पीस कमेटी की बैठक मौलवी/मुतवल्ली से समस्याओं/विवाद की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जायेजिलाधिकारी ने कहा कि गंगा स्नान घाट, शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक/होलिका दहन, होली जुलूस हेतु जाने वाले आवागमन मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाये और मार्गों पर पड़ने वाली बाधाओं जैसे बिजली/टेलीफोन के तारों का लटकना, मार्गों पर गड्ढे होना, जलभराव होना आदि का पूर्व से निराकरण कर लिया जाये। फाल्ट ठीक करने के लिए कार्मिकों की रोस्टरवार तैनाती की जाय।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दण्डेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं डीएम व एसपी

■ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक एसपी अर्पणा रजत कौशिक दण्डेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं।थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत दण्डेश्वर धाम मंदिर में लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो,इसके लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।इसके अलावा मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव लिए गए।दोनों अधिकारियों ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई चूक न हो।इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मंदिर में पूजा अर्चना की।तथा जलाभिषेक कर जनपद वासियों के सुख समृद्धि की कामना किया।श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये ड्यूटी पर तैनात अधिकारी और कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ-साथ मेला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से मेले की व्यवस्था के संबंध में चर्चा भी की।इस दौरान उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना पंकज कुमार एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार द्वारा थाना गौरीगंज अंतर्गत दुर्गन भवानी मंदिर का निरीक्षण किया गया।तथा मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## दबंगों ने किया जानलेवा हमला, तीन लोग घायल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के रामगंज ग्राम मंगरा थाना अंतर्गत बुधवार को सुबह प्रधान व उनके सहयोगी द्वारा जानलेवा हमला किया गया।जिसमें एक पक्ष बुरी तरह से घायल हो गया।जिनको एंबुलेंस से भद्र हॉस्पिटल ले जाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया गया।जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।घायल में तीन लोग शामिल हैं।दो की हालत ठीक है। परवेज उम्र 22 साल पिता का नाम मोहम्मद अख्तर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।जिसका इलाज अभी भी जिला अस्पताल में चल रहा है।मौके पर 112 नंबर पुलिस पहुंची। परिजन द्वारा जब तहरीर दी गई तो मुकदमा रामगंज थाने में पंजीकृत किया गया जिसमें चार अभियुक्त नामजद और दो अज्ञात हैं।विवाद का कारण प्रधानी को लेकर पुरानी रंजिश बताई जा रही है।जिसमें मौके के प्रधान मोहम्मद इमरान पुत्र आशिक अली वह उनके अन्य साथी दबंग किस्म के हैं।उनके खिलाफ थाने में अन्य मुकदमे भी पंजीकृत हैं।विपक्षियों का कहना है कि पुलिस उन पर कार्यवाही नहीं कर रही है। और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि ग्राम प्रधान दबंग हैं।उनके खिलाफ आपराधिक कई मामले हैं।

# सूरत से लौटे व्यापारी पर बदमाशों ने किया हमला,लाठी-डंडों से पीटा

## एक आरोपी पकड़ाया, व्यापारिक रंजिश का मामला

जन एक्सप्रेस । अमेठी



मुंशीगंज थाना क्षेत्र स्थित सरायखेमा गांव में मंगलवार शाम एक व्यापारी पर जानलेवा हमला हुआ।सूरत से लौटे जवाहरलाल जायसवाल पर कार सवार तीन बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने पिस्टल लहराकर दहशत फैलाने की भी कोशिश की। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे।और एक बदमाश को पकड़ लिया।जबकि दो अन्य फरार हो गए।ग्रामीणों ने पकड़े गए बदमाश की पिटाई कर दी।और उसे पेड़ से बांध दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।उसके पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं।पीड़ित जवाहरलाल जायसवाल और उनके रिश्तेदार राजू जायसवाल सूरत में लाई-चना का व्यापार करते हैं।जवाहरलाल ने आरोप लगाया कि व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता के चलते राजू के इशारे पर शुभम कोरी निवासी जंगलरामनगर और दो अन्य लोगों ने उन पर हमला किया।इस मामले में मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि जवाहरलाल की तहरीर पर शुभम कोरी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।घटना की जांच जारी है।

# दत्तेहरेश्वर धाम महादेव मंदिर रामपुर पांवरा में भव्य जलाभिषेक भक्तों का उमड़ा सैलाब

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी



तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकास खण्ड सिंहपुर के रामपुर पांवरा में स्थित पांडवकालीन दत्तेहरेश्वर धाम महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस मौके पर क्षेत्र भर से भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग गया था।श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रांगण ÷बम बम भोले÷ के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पारंपरिक भजनों के साथ भगवान शिव की स्तुति की, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर यह आयोजन हर वर्ष धूमधाम से होता है। इस अवसर पर श्री बर्फानी परिवार रामपुर पांवरा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने कार्यक्रम को सुचारू रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे।मंदिर प्रांगण में ही स्वर्गीय लल्लन पांडे द्वारा किए जा रहे हैं।प्रसाद वितरण को उनके उत्तराधिकारियों द्वारा सुचारू रूप से चलाया गया श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए।कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों ने सामूहिक आरती में भाग लिया और भगवान शिव की कृपा प्राप्त की। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को अद्भुत और आत्मिक शांति प्रदान करने वाला बताया।

# के0डी0 मालवीय विद्या मंदिर में आयोजित हुआ वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 2025

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




शहर की ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्था के0डी0मालवीय विद्या मंदिर में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राणा बेनी माधव जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन और हार्ट स्पेशलिस्ट डा0 सलीम रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा कक्षावार सांस्कृतिक, रोचक, मनोरंजक, ज्ञानवर्धक और देशभक्ति तथा तकनीकी से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी। स्व0 बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना तथा नर्सरी के बच्चों आज की पार्टी थीम पर, एल0के0जी0 वेलकम सॉन्ग, यूकेजी के बच्चों ने - ''पापा कहते हैं...'', कक्षा एक के बच्चों ने मां मैशअप थीम पर प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, दादा-दादी, मां पापा भाई बहन के रिश्तों पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। शैक्षिक सत्र 2023-24 के मेधावियों को और 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभागी को प्रतिभाग के लिए पुरस्कृत किया गया। शहर के नामचीन अधिवक्ता आशु श्रीवास्तव और बिरला ओपन माइंड्स स्कूल के डायरेक्टर वैभव श्रीवास्तव को विद्यालय मंच पर सम्मानित किया गया। प्रत्येक शिक्षक, कर्मचारी, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कड़ी मेहनत पर बल देते हुए बच्चो से अपील किया कि राष्ट्र हित में कार्य करे और आगे बढ़े। उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की, साथ साथ उन्होंने कहा कि विद्यालय बहुत ही अपग्रेडेड है जब जब मैं आता हूं कुछ न कुछ नया मिलता है, जो कि प्रशंसनीय है। विद्यालय प्राचार्य श्री मनोज बाजपेई ने स्वागत भाषण दिया और विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट सबके सामने पेश की। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र प्रबंधक अनिमेष श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा देकर सम्मानित किया गया। भव्य कार्यक्रम में संचालन शिक्षिका सुश्री दीक्षा सिंह और कक्षा 8 के छात्र नैतिक तिवारी एवं छात्रा कु0 अक्शा मंसूरी कक्षा 8 द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह में मुख्य रूप से अनवर पठान, आशु श्रीवास्तव, मनोज सोनकर, मो0फारुक, वैभव श्रीवास्तव समेत तमाम समाजसेवी और विद्यालय के सम्मानित अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन श्रीमती रजतिमा श्रीवास्तव, ज्योति अवस्थी, शालिनी श्रीवास्तव, निधि शर्मा, फूल जहां, शक्ति श्रीवास्तव,स्नेहा सोनी, शबनूर, अपूर्वा यादव, प्रतीक्षा सिंह, नैंसी कसौधन, महजबी खान, सदफ, सपना रस्तोगी, वंदना पाल,नीतू श्रीवास्तव, सपना त्रिवेदी, नेहा खान ,साक्षी, वेद प्रकाश, भुवन, मो0 शाकिब, साहिल श्रीवास्तव, नंदलाल, संजय अवस्थी, भगवानदीन, रविंदर, अरविंद कुमार आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

## निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

# डीएम व एसपी द्वारा महाशिवरात्रि के दृष्टिगत शिवमंदिरों का किया गया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत सदर क्षेत्रांतर्गत प्राचीन जगमोहनेश्वर मन्दिर चंदापुर व आस्तीक मंदिर परिसर लालूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा, पार्किंग, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मन्दिर में पूजा अर्चना भी की गईनिरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मन्दिर परिसर व उसके आस-पास साफ-सफाई की व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो निरीक्षण के समय नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शिवरात्रि के महापर्व पर हर हर महादेव, हर हर बम बम की गूंज से गूंज उठे मंदिर और शिवालय

## शिव बारात कन्या विवाह भंडारे में श्रद्धालु हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



शिवरात्रि का महापर्व आज शिव मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़ हाथ मे बेलपत्र, धतूरा व दूध लेकर शिव मंदिर पहुँचे भक्त मंदिर परिसर के आस पास सुरक्षा के दिखे पुख्ता इंतजाम पुलिस कर्मियों की भी सुरक्षा के दृष्टिगत की गई है तैनात लंबी लंबी कतारों में खड़े दिख रहे भक्तगण रायबरेली शहर के जगमोहनेश्वर मंदिर चंदापुर कोठी में हजारों की संख्या में पहुँचे भक्तगण शहर स्थित डिग्री कॉलेज चौराहे पर पहलवान वीर बाबा मंदिर पर ओम नमः शिवाय का जब लगातार चल रहा था उसकी समाप्ति के बाद हवन पूजन किया गया था हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव विवाह शिव बारात का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया बताते चलें डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित पहलवान वीर बाबा मंदिर की शिव बारात गवर्नमेंट कॉलोनी नेहरू नगर इंदिरा नगर होते हुए डिग्री कॉलेज चौराहे पर बारात का स्वागत सम्मान विवाह संपन्न हुआ उसके पश्चात विशाल नगर भोज भंडारे का आयोजन किया गया भक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जागरण व प्रसाद ग्रहण किया।

# विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश के द्वारा वन स्टाप सेन्टर का किया गया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मा0 अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल भी उपस्थित रहे अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली के सम्बन्ध में उपस्थित सेन्टर मैनेजर आस्था ज्योति से विस्तृत रुप से जानकारी ली गयी। सेन्टर मैनेजर आस्था ज्योति द्वारा वन स्टाप सेन्टर में महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में कोई प्रार्थनापत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त नवांगतुक पीड़िताओं/महिलाओं को विधिक, चिकित्सकीय, मानसिक, दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को नियमानुसार उपलब्ध कराये जाने की सलाह दी गयीदौरान निरीक्षण काउंसलर श्रद्धा सिंह, केसवर्कर अर्चना सिन्हा, कम्प्यूटर ऑपरेटर साधना श्रीवास्तव व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# चौहान गुट ने पीस कमेटी की बैठक में किया प्रतिभाग सराहनीय कार्य के लिए नगर कोतवाल को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




शनिवार को थाना कोतवाली नगर पर आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें नगर मजिस्ट्रेटअपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, नगर कोतवाली प्रभारी, नगर कोतवाली के संबंधित थानों के थाना प्रभारी सहित व्यापार संगठन के लोग, नगर पालिका परिषद रायबरेली के सभासद, सम्मानित नागरिक सहित तमाम धर्म और मजहब के लोग उपस्थित रहे। जिसमें ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने भी अपनी पूरी टीम के साथ प्रतिभाग किया और आगामी त्योहारों के मद्देनजर व्यापारियों, आम नागरिक से जुड़ी समस्या को उठाया। इसके साथ ही चौहान गुट ने सराहनीय कार्य किए जाने को लेकर नगर कोतवाल राजेश सिंह को सम्मानित भी किया। नगर कोतवाल को ये सम्मान वहां पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने अपने हाथों से दिया और उनके कार्यों की सराहना भी की। इस बैठक में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि रायबरेली जिले में हमेशा ही सभी त्योहारों को मिल जुल कर एक साथ मनाया जाता है। यहां आज भी हम भाईचारे के साथ त्यौहार मनाते हैं और एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देते हैं तथा एक दूसरे के घर जाकर उनकी खुशियों को बांटते हैं। कुछ छोटी मोटी समस्याएं त्योहारों पर होती है जैसे नशे में बच्चों का गाड़ी चलाना वो भी तीन चार लोगों को बैठकर, डीजे की आवाज अत्यधिक तेज ध्वनि से बजाना, मोटरसाइकिल में बहुत तेज आवाज के सालेंसर लगाकर शोर मचाना, बेहटा पुल में नहाने के नाम पर हुड़दंग करना जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। इसके साथ मैं जिले के सभी धर्मों के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि माहे रमजान में होली का पर्व मनाया जायेगा जिसमें जुमा की नमाज भी होगी, सभी मुस्लिम भाइयों से चौहान गुट अपील करना चाहता है कि आप अपनी नमाज नजदीकी मस्जिद में अदा करें और अपने घर को वापस आ जाए जिससे किसी भी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो। चौहान गुट टीम ने सभी जनपदवासियों को आगामी महाशिवरात्री, रमजान, होली, ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से पुनः अपील की है कि आप सभी हमेशा की तरह प्यार मोहब्बत से त्योहारों को खुशी खुशी मनाएं और रायबरेली हमेशा से जो प्यार मोहब्बत बरकरार है इसी हमेशा ऐसे ही कायम रखना भी हम आप सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ मो0 उमर, राजेश सिंह, सरदार अवतार सिंह मोंगा, आशीष वर्मा, एसके सोनी, इम्तियाज खान, वसीम खान, संदीप पाठक, अमित फौजी, सरवरी बेगम, ताहिरा, हसन आदि मौजूद रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 27 फरवरी, 2025






## फर्जी दस्तावेज बनाकर ठगी करने वाले...

**पीलीभीत।** नौजवानों को विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र और दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आईलेट्स संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। इस मामले में पीड़ित जोगा सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी...

पढ़ें पेज 12 पर...

# शिव बारात में भक्ति में गीतों पर झूमे शिव बाराती







**जन एक्सप्रेस । बिठूर**

बिठूर के धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक, स्थल महाकालेश्वर बाबा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया। शिव बारात की शुरुआत बिठूर रानी लक्ष्मीबाई चौराहा (चुंगी चौराहे) से हुई। शिव बारात में हजारों की तादाद में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। शिव बारात के दौरान आकर्षक झांकियां का भी आयोजन किया गया था। शिव बारात बिठूर नगर से होते हुए निकली। शिव बारात का नगर वासियों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। शिव बारात में शिव भक्त विभिन्न वेशभूषा में झूमते नाचते गाते अलौकिक छटा बिखेर रहे थे। बारात में महिला शिव भक्त, नाचते, थिरकते, बैंड की धुन पर नाचते झूमते हर हर बम बम हर हर भोले का उद्घोष कर रही थी। महाकालेश्वर बाबा भक्त मंडली द्वारा बारात के पत्थर घाट पहुंचने पर शिव बारातियों को फल, मिष्ठान, जलपान, वह भोजन की दिव्या व्यवस्था की गई थी। समस्त भक्तों ने महाकालेश्वर का जय घोष करते हुए महाप्रसाद का आनंद लिया। बारात के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचने पर बाबा की महा आरती का आयोजन हुआ। जहां पर





शिव भक्तों ने बाबा के दिव्य श्रृंगार का दर्शन कर जीवन को कृतार्थ किया। महाकालेश्वर बाबा भक्त मंडली द्वारा पत्थर घाट गंगा तट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में विभिन्न झांकियां व शिव तांडव नृत्य का आयोजन किया गया। शिव बारात के दौरान कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से आए हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कर चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर महाकालेश्वर भक्त मंडली के हजारों भक्त कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी कड़ी में चौबेपुर स्थित आनंदेश्वर सेवा समिति की ओर से शिव बारात निकाली गई। यह शिव बारात चौबेपुर कस्बे का भ्रमण करते हुए संकट हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। शिव बारात के दौरान हजार शिव भक्त महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शिव भक्ति में गीतों पर नृत्य करते हुए नजर आए। शिव बारात के दौरान राइस मिलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय शुक्ला अमिताभ त्रिपाठी, के अलावा हजारों शिव भक्त मौजूद रहे। चौबेपुर थाना प्रभारी राजेंद्र का शुक्ला अपने साथियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर शिव बारात के आगे चल रहे थे।




## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



## विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के उपरांत रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 27.02.2025 (गुरुवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट | 01:55 | फाफा मऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुलतानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 16:20 | फाफा मऊ जं., थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरिया राम, जंघई जं., मड़ियाहूँ एवं ज़फराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 02:00 | फाफा मऊ जं., अटरामपुर, राम चौरा रोड, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डा हरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावां कालाकांकर रोड, अरखा, ऊँचाहार जं., लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., गंगागंज, हरचन्द पुर, कुनिनगंज, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहा, कनकहा, मोहनलालगंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफा मऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुलतानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफा मऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफा मऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफा मऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफा मऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला, खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराज नगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत एवं फाफा मऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफा मऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़ जं., गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 17:50 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:45 | निवाड़ी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बाँदा जं., अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जं., सूबेदारगंज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मडियाहूँ, ज़फराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर जं., गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ अइमा, फाफा मऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ अइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर जं., शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ अइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर जं., शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर, जं., स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूँसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चोरी चौरा, गौरी बाज़ार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चोरी चौरा, गौरी बाज़ार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर जं., छपरा जं., छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ जं., सीवान जं., मैरवा., भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इन्दरा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दरा जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जं., हथुआ जं., थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 14:30 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्रीमद भागवत कथा का समापन 26 फरवरी को लखनपुर हाउसिंग सोसाइटी में आचार्य पीयूष महाराज जी ने श्रीमद भागवत के अंतिम दिवस/ सप्तम दिवस है समापन दिवस में बताया गया मोहे नेको लागे सवारियां भजन से पंडाल मन मुग्ध हो गया साथ ही बताया कि मन ही सब कुछ है मन ही मनुष्य के बंधन और छोड़ने का कारण है सारा खेल मन का ही होता है ईश्वर से अपने मन की बाते किया करो ईश्वर एक न एक दिन आपकी बात जरूर सुनेगे गोपियों के चंचल मन की चर्चा की किस तरह श्री कृष्ण की मुरली की तरफ आकर्षित होती है गोपियों का मन वश में नहीं है वो श्री कृष्ण की भक्ति में ही डूबी रहती है श्याम सुंदर मेरा मन भी आपके चरणों में समर्पित है मोहन जरा बता दे कैसे मिलन हो तेरा मोहन जरा बता दे ,गोपियों और कृष्ण के मिलन के विषय के बारे में बताया मान खत्म नहीं किया जाता मान कब अभिमान बन जाए पता नहीं चलता जितना नशा धतूरे की मंजरी में होता है उतना ही नशा मधुर गीतों में ईश्वर की भक्ति में भी होता है कंस वध की कथा के विषय में बताया रुक्मणि विवाह के बारे में विस्तृत चर्चा की सुदामा चरित्र के बारे में बताया उनके और श्रीकृष्ण की मित्रता का खूब सूरत वर्णन किया सुदामा की स्थित और गरीबी और श्रीकृष्ण के मिलन की कथा सुनाई कृष्ण कृपा जब होती है तो कोई दुखी नहीं रहताआओ मेरी सखियों मुझे मेहदी लगा दो मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो। साथ ही आज भगवान की कृपा से श्रीमद भागवत कथा का आज समापन हुआ। परीक्षित विजय दीक्षित विमला दीक्षित इसके अलावाभक्त अनंत राम दीक्षित,कृष्ण कुमार दीक्षित विद्यनारायण दीक्षित विनय द्विवेदी ,अविनाश शुक्ल ,इंद्र कुमार दीक्षित श्रीकांत त्रिपाठी ,राघव द्विवेदी,नूतन बाजपेई ,योजना तिवारी,विभा दीक्षित ,विशाल त्रिवेदी,एकांत मिश्रा ,ओमप्रकाश चतुर्वेदी ,उपेंद्र दीक्षित, विकास दीक्षित, नित्या दीक्षित, गुंजन दीक्षित, शिवेंद्र दीक्षित मौजूद रहे।

# नाबालिग बेटे ने घर से एक करोड़ रुपए किए पार










**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कारोबारी के बेटे ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 23 फरवरी को घर से 21 लाख कैश और 80 लाख के जेवर चोरी कर लिए। पिता ने अपने बेटे सेम टी उसके चार दोस्तों के खिलाफ पनकी थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। शिकायत में पिता ने बताया कि मैं पनकी क्षेत्र में रहता हूं मेरी फजलगंज में कपड़ों पर डाई लगाने वाली फैक्ट्री है। बेटा शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में दसवीं का छात्र है। वह घर का एकलौता है बेटा 6 माह पहले मोहल्ले के भानु, हिमांशु ,आर्यन, आयुषमणी, आकर्ष दीक्षित और दो अन्य के संपर्क में आ गया। दोस्त बेटे बेटे से उम्र में बड़े हैं। दोस्तों की गंदी संगत मैं पढ़ कर नशेबाजी करने लगा। वह घर में छोटी-मोटी चोरी करने लगा। उसने चोरी से लैपटॉप और फोन बेच दिए। बेटे को गलत संगत से बचने के लिए परिवार समेत रतनलाल नगर में किराए के मकान में रहने लगे थे। लेकिन उसके बाद भी दोस्तों की बुरी संगत ने उसका पीछा नहीं छोड़ा।

### तीन माह पहले स्कूल प्रशासन ने किया था सस्पेंड

पिता ने बताया की 23 फरवरी की रात बेटा अचानक लापता हो गया। उसकी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। 24 फरवरी की सुबह बेटे को तलाशते हुए पंखे वाले घर पर पहुंचे। में गेट का ताला तो खोलकर जब घर के अंदर दाखिल हुए तो कमरों और अलमारी के ताले टूटे मिले। अलमारी में रखे गहने और कैश गायब था। पड़ोसियों से पूछने पर जानकारी मिली कि बेटा अपने दोस्तों के साथ घर पर आया था। इस समय बेटे की परीक्षा चल रही है। स्कूल जाकर पता किया तो मालूम हुआ कि वह परीक्षा देने भी नहीं पहुंचा। स्कूल प्रशासन ने बताया कि बेटे को 3 महीने पहले सिगरेट पीते हुए प्रिंसिपल ने देखा था इसी लिए उसे स्कूल से सस्पेंड कर दिया गया था।

### बेटे को डराने के लिए मैं झूठा बोला था

कारोबारी के मुताबिक हाल ही में मैंने बेटे को सुधारने के लिए अपने वकील मित्र की सलाह ली। वकील ने सलाह दी थी कि झूठ का सहारा लेकर बेटे को डराओ शायद सुधर जाए। कह दो कि तुमको अपनी प्रॉपर्टी से निकाल दिया है। वकील की सलाह पर पिता ने बेटे को प्रॉपर्टी से बेदखल करने की धमकी दी। बेटे ने इसे रियल ले लिया उसके मन में बदले की भावना आ गई जबकि मैं उसका पिता हूं भला ही चाहता हूं।

### छात्र और दोस्त गिरफ्तार माल बरामद

इंस्पेक्टर पान की मानवेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र और उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने 60 से पेट्रोल 65त्न माल भी रिकवर हुआ है यह लोग एक होटल में ही छुपाकर रह रहे थे। आरोपियों कैसे पूछताछ और लिखा पड़ी करने के बाद गुरुवार को इन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# खेती पर दिखने लगा है तापमान बढ़ोतरी का असर

**विश्व खाद्य संगठन सहित दुनिया की संस्थाएं इससे आसन्न संकट को लेकर तो परेशान है ही उनकी चिंता का कारण यह भी होता जा रहा है कि पौष्टिक भोजन नहीं मिलने से करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। खाद्यान्नों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। दुनिया के देश खेती किसानी के महत्व को कोरोना काल में अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कोरोना में मानवता को संबल देने में खेती किसानी ने प्रमुख भूमिका निभाई और सबकुछ बंद होने पर खेती किसानी ही लोगों का पेट भरने में सहायक रही।**

*जलवायु परिवर्तन का असर खेती किसानी पर साफ दिखाई देने लगा है। कहा जा रहा था कि 2024 की फरवरी सर्वाधिक गर्मी वाला माह रहा है पर 2025 में जनवरी में जिस तरह तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है और फरवरी में ही देश के अधिकांश हिस्सों खासकर उत्तरी भारत में तापमान में लगातार तेजी देखी जा रही है वह चिंतनीय है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में फरवरी में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री को छूने की तरफ अग्रसर है। देश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर रहा है। यह कोई हमारे देश के ही हालात नहीं हैं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ता तापमान बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बढ़ते तापमान के कारण परिस्थिति तंत्र प्रभावित हो रहा है। बीमारियां तो फैल ही रही हैं, संपूर्ण तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि एक ओर हम निरंतर घटते भूजल स्तर से प्रभावित हो रहे हैं तो ग्लेसियरों के तेजी से पिघलने का असर दिखाई दे रहा है। असमय अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, जंगलों में आग आदि के रूप में इसका सीधा असर दिखाई दे रहा है। जहां तक खेती-किसानी का प्रश्न है मौसम के अप्रत्याशित बदलाव से फसल चक्र पर नकारात्मक असर दिखने लगा है। फसल वपन का एक सिस्टम होता है। बुवाई से लेकर फसल के पक कर तैयार होने का चक्र होता है। दरअसल हो यह रहा है कि जिस समय फसल में फल-फूल आने का समय होता है उस समय तापमान बढ़ने से फल-फूल का विकास रुक जाता है और फसल पकने लगती है, इससे फसल में खराबी और उत्पादन में कमी स्वाभाविक है। दिसंबर, जनवरी की सर्दी और फरवरी में औसत तापमान से फसलों का सही ढंग से विकास संभव हो पाता है। एक अन्य चिंतनीय कारण यह भी बनता जा रहा है कि मावठ के समय मावठ नहीं होती, सर्दियों की बरसात के समय बरसात नहीं होती और जिस समय तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए उस समय आंधी, तूफान और बरसात आकर फसल को चौपट करने में कोई कमी नहीं छोड़ती। इसका सीधा असर खाद्यान्न संकट के रुप में देखा जा सकता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि जब फसल की कटाई का समय होता है उस समय आंधी-तूफान या ओला-बरसात होकर फसल को चौपट करने में कमी नहीं छोड़ती। इसी तरह से जनवरी-फरवरी में जब तापमान में गिरावट की आवश्यकता होती है उस समय तापमान में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जलवायु परिवर्तन के हालात यही रहे तो कुछ खाद्य वस्तुओं के भावों में कई गुणा तक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आलू, टमाटर, दालों, तिलहनों और अनाज के भावों में बढ़ोतरी साफ तौर से देखी जा सकती है। कृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को मानना है कि तापमान की असामयिक उतार-चढ़ाव के चलते कृषि पैदावार पर सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खाद्य वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीधा असर हमें महंगाई के रूप में देखने को मिलेगा। मजे की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के देशों में तेजी से बंजर होती भूमि को लेकर चिंता तो जताई जा रही है पर अभी तक इन हालातों से निपटने का ठोस आधार तैयार नहीं किया जा सका है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**जहां किसानों को 8.45 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया था, वहीं 2023-24 में यह रकम बढ़कर 25.48 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके अनुसार, छोटे और सीमांत किसानों को मिलने वाले कर्ज में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साल 2014-15 में छोटे किसानों को जहां 3.46 लाख करोड़ रुपये मिले थे, वह 2023-24 में बढ़कर 14.39 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकार का मानना है कि छोटे किसानों को बैंकों से ज्यादा कर्ज मिल रहा है और इससे वे अपनी खेती तो सुधार रहे ही हैं, अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर कर रहे हैं। बहरहाल कृषि पर निगाह रखने वाले स्वतंत्र विचारक भी मानते हैं कि किसानों के लिए अल्पकालिक की तुलना में दीर्घकालिक ऋण अधिक प्रभावी है।**

# औपचारिक और बेहतर कर्ज से किसानों की बढ़ती उत्पादकता



उमेश चतुर्वेदी

**संकट के दौर में किसानों को मौसम के साथ अनुकूलन और उस लिहाज से अपनी खेती को ढालने के लिए ऐसी कृषि केंद्रित वित्त योजनाओं की जरूरत ज्यादा है। हालांकि इसका एक दूसरा पहलू भी है। कुछ लोगों का मानना है कि किसान कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। बजट पर चर्चा के दौरान संसद में राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल का यह कहना कि बकाया कृषि कर्ज की रकम अब 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।**

साल 2025-26 के बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों को मिलने वाले तीन लाख रूपए के कर्ज को बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है। इसका जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में एक्स पर लिखा है कि इससे सब्जी-फल, हॉर्टिकल्चर की खेती करने वाले किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। अब वे खेती में ज्यादा पैसे लगा सकते हैं, ये उत्पादन की लागत घटाने के उपाय हैं। हालांकि किसान संगठनों को लगता है कि इसका जितना फायदा सोचा जा रहा है, उतना नहीं होने वाला है। किसान संगठनों की मांग है कि किसान क्रेडिट की सीमा बढ़ाने के साथ ही किसानों पर बकाया कर्जों को अगर माफ कर दिया जाए तो किसान जहां ज्यादा खुशहाल होंगे। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती-किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार देश के 12 करोड़ किसान परिवार सीमांत हैं। इनमें करीब 35 प्रतिशत की जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, जबकि 69 प्रतिशत किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है। आंकड़ों के अनुसार देश के 82 प्रतिशत किसान छोटे या सीमांत हैं। जिनकी जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, उनकी खेती से सालाना आमदनी आठ हजार रूपए के आसपास है। जाहिर है कि देश के किसानों के बड़े हिस्से के पास बिक्री के लिए उपज ही नहीं होती। खेती के जरिए वे जो अन्न या सब्जी उपजाते हैं, उनका इस्तेमाल अपने खाने-पीने में ही करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने का वादा किया था। उसके लिए जो कदम उठाए गए, उसी कड़ी में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत भी थी। इसके फायदे हुए भी हैं। लेकिन जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पाना अब भी कठिन चुनौती बना हुआ है। शिवराज सिंह चौहान का कहना ठीक है कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का फायदा किसानों को होगा। इसकी तस्दीक हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर हुए कृषि सर्वेक्षण से जुड़े घरेलू स्तर के आंकड़ों का आकलन भी बताता है। घरेलू स्तर के आंकड़ों के जरिए कृषि में उत्पादकता और उसके जोखिम के साथ ही कृषि ऋण के प्रभाव का आकलन भी किया गया था। इस आकलन के नतीजे बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर उचित कर्ज मिलता है तो उससे उसकी उत्पादकता में 24 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दिखने लगती है। इससे किसानों को होने वाले नुकसान का जोखिम 16 फीसद तक कम हो जाता है। महाजनी सच्यता और अनौपचारिक कर्ज व्यवस्था के जोखिम और उससे उपजे खराब हालात से जूझते किसानों की दयनीय और मार्मिक कहानियों से भारतीय साहित्य भरा पड़ा है। हिंदी कथा सम्राट प्रेमचंद का मशहूर उपन्यास गोदान ऐसी ही कथाभूमि पर रचा गया



**भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती-किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है।**

गया है। उसे कृषक के दारूण जीवन की महागाथा कहा जाता ही है। बहरहाल यह अध्ययन मानता है कि किसानों को अगर औपचारिक क्षेत्र का ऋण मिलता है तो उसकी उपज और उसकी जिंदगी पर उस कर्ज का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जबकि अनौपचारिक यानी महाजनी कर्ज व्यवस्था का किसानों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव अधिक होता है। साफ है कि किसानों को अगर सही तरीके से औपचारिक कर्ज सही वक्त पर दीर्घकालिक अवधि के लिए मिले तो उसकी जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। कुछ अन्य अध्ययन भी बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर दीर्घकालिक और औपचारिक कर्ज मिलता है तो उसकी खेती को जरूरतों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। इससे उसकी उत्पादकता बढ़ने की गुंजाइश बढ़ जाती है। किसान की उपज बढ़ जाती है, फसल तैयार भी हो जाती है, लेकिन उसे बेचने के लिए सही बाजार तक पहुंच के लिए रकम नहीं होती तो उसे अपनी फसल और उपज औने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। लेकिन अगर किसान को सही तरीके से औपचारिक कर्ज मिलता है तो उस पर तात्कालिक आर्थिक दबाव नहीं रहता और फ़सल के बाद के खर्चों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। अगर किसानों के पास कुछ पैसे रहते हैं तो उस पर घरेलू जरूरतों का दबाव नहीं झेलना पड़ता और उसे अपने घरेलू खर्चों को पूरा करने में जहां सहायता मिलती है, वहीं इसके लिए उसे अपनी उपज सेंतमेत में बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ता। इस कर्ज से किसान अपने कृषि उपकरणों और दूसरी अवसंरचनाओं को आसानी से खरखाव कर सकता है। अध्ययन बताते हैं कि समय बद्ध और सहूलियत भरे आधिक कर्ज के जरिए किसानों को पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन जैसे कृषि आधारित और सहयोगी कामों को आगे बढ़ाने में मदद होती है। इस पूरी प्रक्रिया का असर यह होता है कि किसान की आर्थिक सुरक्षा मज़बूत हो जाती है। तब वह बाजार और अपने उपज की वाजिब कीमत का इंतजार भी कर सकता है। आर्थिक सहूलियत रहने से समय पर वह जरूरी खाद और दवाओं को खरीदकर उनका खेती में इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही वह दूसरे खर्चों का दबाव भी नहीं महसूस कर सकता है। बीती 31 जनवरी को को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश में मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके थे। इनके जरिए किसानों को 9.81 लाख करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। यह रिपोर्ट भी कहती है कि छोटे और सीमांत किसानों को लाभ देने के चलते खेती की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, देश के 5.9 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट योजना का फायदा उठा रहे हैं। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने को ही ध्यान में रखते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश है कि अपने कर्ज का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि और छोटे किसानों को दें। इसके जरिए कोशिश की जा रही है कि छोटे और सीमांत किसानों को आसानी से औपचारिक कर्ज तो मिल ही सके, उन्हें महंगी दर पर अवशोषक अंदाज में मिलने वाली निजी कर्ज राशि पर निर्भरता ना रहे। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, अब साहूकार जैसे गैर-बैंकिंग कर्जदाताओं पर किसानों की निर्भरता घटकर 1950 के 90 फीसद की तुलना में 2022 में सिर्फ 25 फीसद रह गई। साफ है कि अब ज्यादातर किसान बैंक और संस्थागत स्रोतों से कर्ज ले रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक ताकत और उत्पादकता बढ़ रही है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2014-15 से 2024-25 तक कृषि क्षेत्र के कर्ज में 12.98 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है।

---

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 08:54 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 15:43 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शिव, 23:40 |
| सूर्योदयः | 06:49 |
| सूर्यास्तः | 18:18 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 14:00-15:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:11-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### शीत युद्ध सरकार में !

*खींचतान चल रही।*
*आ रही दरार ।।*
*खबर चली कुछ ऐसी।*
*ताना भी तैयार ।।*
*शीत युद्ध सरकार में।*
*पल पल कुछ बयान ।।*
*उठ रहा अब प्रश्न।*
*कम हुआ सम्मान ?*
*रह रह कर मनोरंजन।*
*संभावना अपार ।।*
*तांगा पलटी हो सकता।*
*व्यक्त हुआ उद्गार ।।*
*देखकर इतिहास पिछला।*
*ना कुछ भी इन्कार ।।*
*रथ है सुसज्जित।*
*कूच को तैयार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य


# पानी कम या ज्यादा पीना-दोनों है नुकसानदायक

**बॉडी** को हाइड्रेट रखने के लिए वॉटर इंटेक बैलेंस रखना बहुत जरूरी है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हमारे शरीर में 50 से 75 प्रतिशत तक केवल पानी मौजूद होता है। अगर शरीर में पानी की कमी ही जाती है, तो इससे कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसका असर डाइजेशन से लेकर स्किन हेल्थ तक साफ देखा जा सकता है। लेकिन वहीं, ज्यादा पानी पीना भी सेहत को नुकसान करता है। कुछ लोगों को बेवजह पानी पीने की आदत होती है। लेकिन कई बार यह सेहत को फायदे के बजाय नुकसान भी करता है।

**डिहाइड्रेशनः** पानी कम पीने के कारण बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है। इस कारण सिरदर्द, चक्कर आना, थकावट और कमजोरी जैसी समस्याएं रहने लगती हैं। डिहाइड्रेशन के कारण ब्लड प्रेशर और शरीर के तापमान में बदलाव आ सकता है।

**कब्ज की समस्याः** पानी पीने से खाने में मौजूद फाइबर ठीक से काम करता है। इससे बॉवल मूवमेंट इंप्रूव होता है। लेकिन अगर शरीर में पानी की कमी होती है, तो इससे खाना पचने में मुश्किल होती है। इसके कारण मलत्याग करने में परेशानी हो सकती है।

**मसल्स और जोड़ों में दर्द रहनाः** पानी की कमी होने से बॉडी डिहाइड्रेट होती है। इस कारण बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बिगड़ जाता है, जो मसल्स फंक्शन के लिए जरूरी है। इस कारण



मसल्स में दर्द और अकड़न महसूस होती है। इस कारण मसल्स के साथ जोड़ों में दर्द बढ़ सकता है।

**किडनी स्टोन की समस्याः** शरीर में पानी की कमी किडनी स्टोन का खतरा बढ़ा सकती है। बॉडी डिहाइड्रेट होने से यूरिन में वेस्ट और मिनरल कंटेंट बढ़ जाता है। इस कारण यूरिन में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जो किडनी फंक्शन को नुकसान करते हैं। इस कारण किडनी में स्टोन बनना शुरू हो जाते हैं।

**यूरिन इंफेक्शनः** पानी कम पीना यूरिन इंफेक्शन की वजह बन सकता है। बॉडी डिहाइड्रेट होने से यूरिन में वेस्ट और मिनरल कंटेंट बढ़ जाता है। इस कारण ब्लैडर इरिटेशन हो सकती है, जो यूरिन इंफेक्शन का कारण बन सकता है। इस कारण यूटीआई का खतरा हो सकता है।

**इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंसः** ज्यादा पानी पीने से ओवरहाइड्रेशन हो सकती है। इस कारण ब्लड डिल्यूट हो सकता है, जो बॉडी में सोडियम बैलेंस बिगाड़ सकता है। ज्यादा पानी बॉडी सेल्स में जाकर सूजन बढ़ाता है। ब्रेन सेल्स में पानी जाने से ब्रेन फंक्शन पर बुरा असर पड़ सकता है।

**किडनी फंक्शन को नुकसान होनाः** ज्यादा पानी पीने से किडनी पर प्रेशर पड़ सकता है। इस कारण किडनी फंक्शन खराब हो सकता है। अगर किडनी में पहले से परेशानी है, तो हाइपोनेट्रेमिया का खतरा हो सकता है। ऐसे में पानी ज्यादा पीने के कारण ब्लड में सोडियम बढ़ सकता है।

**ब्लोटिंग हो सकती हैः** ज्यादा पानी पीने से पेट में प्रेशर बढ़ता है। इस कारण ब्लोटिंग होना शुरू हो जाती है। क्योंकि हमारा शरीर एक साथ पानी पचा नहीं पाता। ज्यादा पानी पीने से बॉडी सेल्स पर बुरा असर पड़ता है, जो ब्लोटिंग कर सकता है।

**थकावट और कंफ्यूजन बढ़नाः** वॉटर इंटेक बहुत ज्यादा होने से शरीर में थकावट बढ़ सकती है। इस कारण बॉडी में सोडियम लेवल बढ़ सकता है, जो हाइपोनेट्रेमिया का खतरा बढ़ाता है। इस समस्या में थकावट, सुस्ती और सिर दर्द और कंफ्यूजन बढ़ सकती है। अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है, तो 8 से 12 गिलास पानी आपके लिए काफी होगा। लेकिन अगर आप किसी समस्या के लिए दवा लेते हैं, तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही वॉटर इंटेक तय करें।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन यादव



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**अर्थात् रोजगार के इतने अवसर वह राज्य में पैदा कर देना चाहती है कि न सिर्फ मध्य प्रदेश के बल्कि दूसरे कई राज्यों को मप्र भविष्य में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने वाले राज्य में रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। कहना होगा कि मप्र में जो यह ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट हो रही है।**

**निवेश** का महत्व अर्थ की महत्ता के साथ सदियों से रहता आया है, किंतु यह निवेश तभी संभव है जब परस्पर के संवाद में गहराई हो, आत्मीयता के साथ ही आर्थिक लाभ का पक्ष भी दोनों ओर से बराबर जुड़ा हो। यह सूत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अच्छे से समझते हैं। एक व्यापारी, उद्योजक और निवेशक अपनी पूंजी के प्रवाह को किसी स्थान पर लगा देने के पूर्व वह यह आश्वस्ती अवश्य चाहता है कि जहां वह अपना अर्थ व्यय कर रहा है या भविष्य की दृष्टि से अपने रुपयों का निवेश कर रहा है, वह हर हाल में न केवल सुरक्षित हो, बलकि सर्व सुविधा सम्पन्न भी हो, ताकि आगे किसी भी प्रकार की कोई बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े। वैसे संवाद से निरुक्त के आचार्य यास्क भी याद आते हैं। वास्वत में ऋषि यास्क निरुक्त के वे लेखक हैं, जो शब्द व्युत्पत्ति, शब्द वर्गीकरण एवं शब्दार्थ विज्ञान पर एक तकनीकी प्रबन्ध प्रस्तुत करते हैं। जिसमें कि उनके द्वारा सबसे अधिक परस्पर के संवाद पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इन दिनों एक संवाद होता देखा जा रहा है। यह संवाद राज्य में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए पर्याप्त रोजगार हो और वह सुख से अपना जीवन निर्वाह करे, इसके लिए किया जा रहा है। जिसके कि वाहक बने हैं, राज्य के प्रमुख होने के नाते डॉ. मोहन यादव । एक मुख्यमंत्री के तौर

**देश भर के अधिक से अधिक आंत्रप्रेन्योर से सीधा संवाद किया है और अपने इस भव्य, दिव्य आयोजन में 10,000 से ज्यादा आंत्रप्रेन्योर और लीडर्स को एक साथ आमंत्रित किया। ताकि वे अपने लिए मध्य प्रदेश में संवाभनाएं तलाश सके। वैसे डॉ. मोहन यादव आर्थकि विकास के लिए एक बड़ा कार्य इंडस्ट्रियल सेक्टर पीथमपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन और धार को मिलाकर एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का है।**

पर नितरोज नवाचार करना एवं आर्थकि समृद्धि के लिए प्रयास करते हुए उन्हें देखा जा रहा है। इस दिशा में मध्यप्रदेश के भोपाल में हो रही इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 ने निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए %अनंत संभावनाओं% की एक दिशा तय कर दी है। इस आयोजन की सफलता इससे भी समझी जा सकती है कि देश के किसी प्रधानमंत्री ने इसके महत्व को समझते हुए यहीं रात्रि विश्राम करने के लिए अपना कार्यक्रम बनाया ताकि अधिकतम लोगों से मिलकर मध्य प्रदेश की समृद्धि से देश के विकास के लिए जरूरी विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले कौन प्रधानमंत्री भोपाल में रुका है, यह याद नहीं आता, बहुत पहले इतिहास में किसी ने स्वाधीनता के पश्चात यहां अपनी रात व्यतीत की होंगी। निश्चित ही यह मोहन सरकार की सफलता ही है कि मप्र के विकास की अपार संभावनाओं में वे हर अवसर का भरपूर उपयोग कर लेना चाहते हैं। वस्तुत~इस आयोजन के पूर्व समय पर दृष्टि डालें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए इतने अधिक संकल्पित दिखाई दे रहे हैं कि देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद वे विदेशी उद्योजक से संवाद करने के लिए जापान जा पहुंचे थे। वहां उन्होंने जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करने के साथ ही उनसे यह भी वादा ले लिया था कि आगामी माह में होने जा रही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट वे मप्र आ रहे हैं और यहां अपने उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा निवेश भी करेंगे। जहां जिस भी देश में मुख्यमंत्री गए और वहां के उद्योगपतियों से संवाद किया, वहां कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी-आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित बातचीत इतनी सफल रही है कि यूके, जर्मनी, जापान समेत अनेक देशों से मध्य प्रदेश आनेवाले उद्योगपतियों की एक बड़ी संख्या है जो यहां आकर अब निवेश के लिए अपने क्षेत्र का निर्धारण करते हुए उद्योग स्थापित करेंगे। आज जापान, मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-जापान व्यापार सूएसडी 22.85 बिलियन तक पहुंचा, जिसमें मध्यप्रदेश ने एल्यूमिनियम, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, और वस्त्र जैसे उत्पादों का निर्यात किया। राज्य में ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं।जापान इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में पार्टनर कंट्री के रूप में भाग ले रहा है। इसी तरह से जर्मनी पार्टनर कंट्री केरूप में शामिल हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी के म्यूनिख दौरे के दौरान सीआईआई और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर - सेंट्रल इंडिया के समन्वय से जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया था। समिट में 60 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी, जिसमें डिपार्टमेंटल समिट, पार्टनर कंट्री सेशन, प्री-बिड सत्र, थीम आधारित सेशन और उद्योगपति एवं निवेशकों के साथ बैठकें शामिल हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तिलक समारोह में आमंत्रण न मिलने से नाराज लोगों ने किया हमला, दो घायल, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** तिलक समारोह में आमंत्रित न किए जाने से नाराज़ लोगों ने मारपीट कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस से शिकायत किए जाने के बाद आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरहा के मजरा चौहाननपुरवा गांव में मंगलवार को विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र से तिलक आया था। तिलक समारोह के बाद खाना का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी दौरान गांव निवासी चार लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। रात नौ बजे तिलक समारोह में मारपीट से भगदड़ मच गई। दबंगों के हमले में तिलक समारोह में आए विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गेश (18) पुत्र सियाराम और इसी थाना क्षेत्र के लुढ़की गांव निवासी निरहू (30) घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल लोगों ने बताया कि गोबरहा गांव निवासी ननके, विनय और हीरालाल समेत चार लोगों ने मारपीट की है। इन सभी तिलक समारोह में आमंत्रण न मिलने पर मारपीट की है। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रात में मारपीट हुई थी। घायलों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कर्तव्य के प्रति लापरवाही पर एक कर्मचारी निलंबित

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी ने आईजीआरइस के मामलों में लापरवाही बरतने पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। जबकि सुपरवाइजर और आरआई का वेतन रोक दिया है।मुख्यमंत्री पोर्टल पर समस्या को लेकर शहर के लोग शिकायत करते हैं। लेकिन नगर पालिका परिषद बहराइच के कर्मचारी इस शिकायत का संज्ञान और जानकारी ईओ प्रमिता सिंह को अंतिम समय देते हैं। इससे विभाग की छवि खराब होती है। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने नाराजगी जताते हुए इसे शिथिल कार्य बताया। उन्होंने मंगलवार को कार्य में लापरवाही के चलते टीकाकरणकर्ता राम जी तिवारी को निलंबित कर दिया है। जबकि आरआई संजय कुमार और सुपरवाइजर सुभाष का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

### सड़क हादसों में बाइक व साइकिल सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** थाना फखरपुर अन्तर्गत परसेण्डी चीनी मिल के पास आ रहे एक बाइक सवार व्यक्ति अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गया। दूसरी घटना में हुजूरपुर थाना क्षेत्र निवासी साइकिल सवार व्यक्ति बाइक की ठोकर से घायल हो गया। दोनों घायलों को निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती कराया गया। दोनों घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम बंभिवा निवासी परमजीत पुत्र कृपाराम बुधवार को मोटरसाइकिल से परसेण्डी चीनी मिल की तरफ से आ रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी फखरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में थाना हुजूरपुर क्षेत्र निवासी राम सेवक पाल पुत्र राम दुलारे बीती रात जो साइकिल से कुर्मिनपुरवा दूध देने गया था। वापस आते समय रास्ते में ईदगाह के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी चिरैय्या टांड़ में भर्ती कराया गया, जहां नाजुक हालत के मद्देनजर उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया, जहां उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस सम्बंध में थाना हुजूरपुर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस द्वारा दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# बाघिन ने हमला कर दो लोगों को किया घायल

- बाघिन को गुस्साईं भीड़ ने पीटकर मार डाला
- बाघिन के बाद बाघ की मौत, कार की टक्कर से 50 मीटर दूर जाकर गिरा

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**



**लखीमपुर खीरी।** पलिया में बाघिन ने फुलवरिया गांव में हमलाकर दो लोगों को घायल कर दिया।इससे गुस्साईं भीड़ ने बाघिन को पीटकर मार डाला। वन विभाग के अधिकारी भी ग्रामीणों द्वारा ही बाघिन को मारे जाने की बात कह रहे हैं। हालांकि चर्चा है कि महिला पर हमले के बाद उसके पति ने बाघिन को मारा है,बाघिन का शव पलिया रेंज कार्यालय पर लाया गया है।घटना बुधवार सुबह करीब 4-15 की है।फुलवरिया गांव में उस समय हड़कंप मच गया,जब बाघिन रामकेवल के घर में घुस गई।उसने छप्पर में बंधी बछिया पर हमला कर दिया।शोरशराबा सुनकर जब अन्य ग्रामीण इकट्ठा हुए तो बाघिन पास के ही 65 वर्षीय झोटीलाल नामक ग्रामीण के घर में घुस गई। उन पर हमला कर दिया। यहां से बाघिन पास के ही दूसरे घर में घुसी और अंदर सो रही महिला 45 वर्षीय रामरानी पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गईं।

### खेत में घेरा, पीटकर मार डाला

चीख पुकार होने के बाद भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।बाघिन को घेरकर गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पीटकर मार डाला।सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ पुलिस बल भी पहुंच गया। बाघिन के शव को लेकर वन विभाग की टीम रेंज कार्यालय ले आई।वन विभाग के रेंजर विनय कुमार ने बताया कि अभी पूरे मामले की जांच कर रहे है। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा बाघिन को मारने की जानकारी मिल रही है। बाघिन का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रहे हैं।आगे की जानकारी इसके बाद मिल सकेगी।उधर रेंज कार्यालय पर एफडी एच. राजामोहन, डीडी. डॉक्टर रंगाराजू टी, एसडीओ पलिया पीयूष मोहन श्रीवास्तव समेत वन विभाग की पूरी टीम जमा है। परिसर के चारों तरफ घरों की छतों पर भी वन कर्मियों को तैनात किया गया है।पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं।वही दूसरी तरफ किशनपुर सेंक्चुरी में भीरा-पलिया हाईवे पर सुबह करीब 10 बजे जंगल से निकलकर एक बाघ हाईवे पारकर कर रहा था। इसी दौरान उधर से गुजर रही हरियाणा के नंबर की तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से बाघ सड़क से 50 मीटर दूर जाकर गिरा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर मारने वाली कार को किशनपुर सेंक्चुरी मैलानी रेंज जंगल के बैरियर पर तैनात वन कर्मियों ने तलाशी लेने के लिए रोका। इस दौरान टीम को कार पर बाघ के बाल चिपके मिले। यह देख टीम ने कार को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ करने के बाद इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी।

### मार्ग से 50 मीटर दूर मिला शव

वनाधिकारियों के सामने चालक ने बाघ से टक्कर लगने की बात स्वीकार की। इस पर वन कर्मियों की टीम बाघ की तलाश में जंगल के अंदर गई। जहां मार्ग से 50 मीटर दूरी पर जंगल के अंदर उसका शव पड़ा मिला।बाघ के मरने की सूचना पर दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी डॉ. एच राजामोहन, डीडी दुधवा डॉ. रंगाराजू टी ने मौका मुआयना किया।दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी डॉ. एच. राजा मोहन ने बताया कि किशनपुर सेंक्चुरी से गुजरे भीरा-पलिया हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाघ की मौत हुई है। उसके सभी अंग सुरक्षित हैं। पशु चिकित्सकों की टीम से बाघ के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।वाहन चालक के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार आ रही अवैध बालू भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मासूम को कुचला मौके पर मौत

- ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर पुलिस को सौंप दिया

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**

शारदा नदी के किनारे से अवैध खनन कर बालू ला रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बुधवार की सुबह एक सात साल के बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

गांव नगला निवासी राम जीवन का पुत्र 7 वर्षीय निहाल शिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए अन्य साथी बच्चों के साथ गांव के शिव मंदिर पर जा रहा था।इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार आ रही अवैध बालू भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे कुचल दिया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे आनन- फानन में यह सोचकर सीएचसी पलिया ले आए कि शायद उसमें अभी प्राण बचे हों, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पलिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कैफ आलम पुत्र आबिद के अलावा एजाज पुत्र फजल, असहाब,आसिफ और आबिद निवासी बड़ागांव अतरिया के कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## विधायक के अथक प्रयासों से हो रहा सर्वांगीण विकास



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला विधानसभा 139 क्षेत्र की बस्तौला चौराहे से अलीगंज-तिकुनिया मार्ग के उच्चीकरण और चौड़ीकरण की स्वीकृति विधायक अमन गिरि के अथक प्रयासों का परिणाम है।यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि व्यापार, कृषि कार्यों और क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति देगी। सुचारू परिवहन से किसानों को अपनी उपज के बेहतर बाजार मिलेंगे,जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है, क्योंकि यह परियोजना नए अवसरों के द्वार खोलने का कार्य करेगी।

## गन्ना बेचकर जा रहे किसान का ट्रैक्टर ट्राली लूटा

- नहीं मिला ट्रैक्टर, ट्राली खुटार रोड पर धर्म कांटे के पास खड़ी मिली
- बेहोशी की हालात में ट्रैक्टर चालक को सीएचसी में भर्ती कराया

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला चीनी मिल को गन्ना बेचने आए किसान का छीन लिया। ट्रैक्टर चालक बेहोश है उसे बेहोशी हालत म सी एच सी मे भर्ती कराया गया इधर ट्रैक्टर स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है।थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव बेलहरी निवासी संजय पुत्र प्यारेलाल बेलबोझी निवासी पिंटू पुत्र रामेश्वर प्रसाद के यहां ट्रैक्टर चलाते हैं। बताते हैं कि चलाक संजय सोमवार की दोपहर ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लेकर चीनी मिल आए थे। सुबह लगभग 6 बजे वह गन्ना बेंचकर वापस लौट रहे थे कि बदमाशों ने उनका ट्रैक्टर ट्राली छीन लीऔर भाग निकले।ट्रैक्टर स्वामी पिंटू का कहना है कि गन्ना बिकने के बाद भी जब वह घर यह वापस नहीं आए तो उनकी तलाश शुरू की गई।बताते हैं ट्रैक्टर चालक संजय सिकंदराबाद रोड बस अड्डे के पास सरायन नदी के पास अचेत पड़े मिले। उन्हें अस्पताल ले गए फिर ट्रैक्टर ट्राली की तलाश शुरू की। पिंटू का कहना है कि ट्राली खुटार रोड पर धर्मकांटे के पास खड़ी मिली ट्रैक्टर का पता नहीं चला है।ट्रैक्टर स्वामी पिंटू ने पुलिस को तहरीर दी है। चालक संजय को अभी होश नहीं आया है। इस संबंध में कोतवाल पुलिस का कहना है अभी मामले की जांच की जा रही है मामला कुछ संदिग्ध प्रतीक हो रहा है।

## सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी के मुख्यालय में संदीक्षा सदस्यों के द्वारा महाशिवरात्रि महापर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बुधवार को 70वीं वाहिनी के वाहिनी मुख्यालय में संदीक्षा सदस्यों के द्वारा महापर्व ÷महाशिवरात्रि÷ को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।आज के इस आयोजन के अंतर्गत सर्वप्रथम संदीक्षा अध्यक्ष तथा सभी संदीक्षा सदस्यों के द्वारा सर्वधर्म स्थल में भगवान भोलेनाथ का पूजा तथा आरती किया गया । तत्पश्चात सभी संदीक्षा सदस्यों को संदीक्षा अध्यक्ष के द्वारा महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी गई । अंत में सभी संदीक्षा सदस्यों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

## महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी

- पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर में विधि-विधान के साथ किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**



महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रह कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के साथ पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिले के पौराणिक शिव मंदिर जंगली नाथ, नगर क्षेत्र स्थित सिद्धनाथ मंदिर समेत पयागपुर, नवाबगंज, हुजूरपुर पयागपुर क्षेत्र स्थित मंदिरों में आज सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। काफी संख्या में लोगों ने इन मंदिरों पर पहुंचकर जलाभिषेक किया। जंगली नाथ मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर क्षेत्र में रूट डायवर्जेंट भी किया गया था। जिससे कि कोई अप्रिय घटना न घटे। वहीं जंगली नाथ मंदिर पर मटेरा चौराहे से मंदिर तक चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मजिस्ट्रेट भी लगाए गए थे। सुबह से शुरू हुआ जलाभिषेक का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

# पत्रकार महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

पत्रकार महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह जिला पंचायत सभागार में एक सादे समारोह में संपन्न हुआ।इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य अजय शुक्ला एवं अधिवक्ता संघ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी मौजूद रहे । कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये। इसके अलावा पत्रकार प्रतीक श्रीवास्तव की बहन की असमय हुये निधन को लेकर 2 मिनट का मौन रखकर उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पत्रकार महासंघ लखीमपुर खीरी की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बेहद सादे समारोह में जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ। तकरीबन 2 घंटे चले कार्यक्रम में अध्यक्ष व महामंत्री के अलावा मुख्य अतिथि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों का माल्यार्पण संपन्न होने के साथ-साथ पदाधिकारियों का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ पत्रकार व कोआर्डिनेशन कमेटी के सदस्य श्याम जी अग्निहोत्री द्वारा महासंघ के गठन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। वहीं विधि सलाहकार मोहम्मद सईद खान ने सभागार में मौजूद सभी लोगों को मुख्य अतिथि के परिचय से रूबरू कराया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय शुक्ला ने महासंघ के अध्यक्ष नंदकुमार मिश्रा एवं महामंत्री कमल मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष नंद कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष गुफरान अहमद, संगठन मंत्री अवध किशोर जायसवाल बबलू ,कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव,विधि सलाहकार मोहम्मद सईद खान एवं प्रचार मंत्री अनुज शुक्ला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष नंदकुमार मिश्रा द्वारा ही कार्यकारिणी सदस्य गोपाल सिंघल, शफीउल्ला, अखिलेश रस्तोगी, पवन जायसवाल, उमंग गुप्ता, अश्विनी बाजपेई, इत्यादि को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वर्तमान में पत्रकारिता किसी तपस्या से कम नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकार ही वह व्यक्ति है जो किसी भी परिस्थिति में समाज की मदद को तैयार रहता है। वही महासंघ अध्यक्ष नंदकुमार मिश्रा ने अपने क्रांतिकारी सम्बोधन में सभी पत्रकारों से अपील की ,कि पत्रकार हर हाल में एकजुट रहे, उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सेवा धर्म के साथ-साथ मदद करने का एक बेहतरीन जरिया है। कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।कार्यक्रम के समापन अवसर पर पत्रकार महासंघ के महामंत्री कमल मिश्रा ने आए हुए अतिथियों और कार्यकारिणी सदस्यों , पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 90 कन्याओं का हुआ पाणिग्रहण संस्कार

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

- जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व परिजनों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 90 जोड़ों का विवाह गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में हुआ। नव विवाहित जोड़ों में विकास खण्ड मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा, शिवपुर व नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत मिहींपुरवा की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 83 व अल्पसंख्यक समुदाय की 7 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक व धार्मिक मान्यताओं के साथ सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर एवं पूर्व सांसद बहराइच, अक्षयवरलाल गोंड द्वारा संयुक्त रूप से शंकर भगवान के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीडीओ मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने विशेष कर जन कल्याण हेतु सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसी योजना संचालित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। श्रीमती सोनकर ने प्रथम वेदी पर बैठ कर विधिवत पूजा के उपरांत हिन्दू सप्तपदी विवाह विधि से कन्याओं का कन्यादान कराया और सभी जोड़ों को अपना आशीर्वाद दिया। पूर्व सांसद बहराइच श्री गोंड ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को एक अनूठी योजना बताते हुए कहा कि इस योजना में गरीब परिवार की बेटियों का सरकारी खर्च पर विवाह सम्पन्न कराया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक गरीब कन्याओं के विवाह के लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आमजन से इस योजना का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। श्री गोंड ने नवविवाहित दम्पतियों को वैवाहिक सामग्री का वितरण कर उन्हें खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएलएम दीपक सिंह, उपायुक्त मनरेगा के सतीश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी बलहा अपर्णा, नवाबगंज के राहुल पाण्डेय, शिवपुर की अनुष्का श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबंधक समाज कल्याण देवव्रत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## प्रसिद्ध जंगली नाथ के मंदिर में महाशिवरात्रि का पूजन आरंभ किया गया

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

महाशिवरात्रि पर्व भारत का सबसे प्राचीन और पवित्र त्योहार माना जाता है इसी दिन भगवान शिव ने तांडव नृत्य किया था सृजन संरक्षण और विनाश का नृत्य इतना रोमांचकारी था की संपूर्ण ब्रह्मांड में तांडव नृत्य की धूम मच गई यह पवित्र दिन फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह का साक्षी है इसी दिन भगवान शिव ने वैराग्य त्याग कर विवाह बंधन में बंध गए तथा ग्रहस्त जीवन में प्रवेश किया था जिसके उत्सव के रूप में प्रतिवर्ष सर्वत्र मनाया जाता है विशेष कर भगवान शिव के मंदिरों में पूजा अर्चना होती है लोग व्रत रखते हैं इस दिन शिव को प्रसन्न करने के लिए पूजा प्रार्थना की जाती है जिससे समस्त बाधाओं का निवारण होता है आज महाशिवरात्रि का पर्व सब कहीं धूमधाम से मनाया गया लहरपुर क्षेत्र में प्रसिद्धजंगली नाथ मंदिर पर प्रात काल से भक्तों का आवागमन लग रहा जिसमें स्थानीय पुलिस ने काफी सक्रियता दिखाई कोतवाली प्रभारी सहित तमाम पुलिस फोर्स मौजूद रहा यहां के प्रसिद्ध मंदिर मनकामेश्वर नाथ भोलिया बाबा चकलेश्वर महादेव आदि शिव मंदिरों पर धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया

# भारतीय किसान मंच संगठन प्रदेश सचिव ने जिलाधिकारी को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



भारतीय किसान मंच संगठन के प्रदेश सचिव शैलेंद्र राज के नेतृत्व जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया प्रदेश सचिव ने कहा कि सीतापुर भाजपा सरकार में पुलिस कितना बेलगाम हो गई है इस बात का उदाहरण जनपद सीतापुर में देखने को मिला है दरअसल भारतीय किसान मंच संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी को एक अज्ञात फोन नंबर से जान से मारने की धमकी व भ्रष्टाचार में पीछे हटने की बात कही गई है आपको बता दें कि यह घटना 20 फरवरी 2025 की है परंतु सीतापुर पुलिस के द्वारा ना तो अभी कोई जांच की गई है और ना ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गयी है सुनील कुमार राजवंशी जी के द्वारा जनपद सीतापुर में ग्राम पंचायतो मे फैले भ्रष्टाचार को लेकर कई बार जिलाधिकारी सीतापुर को ज्ञापन दिया गया शिकायत का संज्ञान न लेने पर सुनील कुमार राजवंशी 17/02/025 से धरने पर बैठ गए जिसको जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति के द्वारा 19/02/025 को कार्यवाही का आश्वासन देकर अनिश्चित कालीन धरने को ख़त्म कराया गया जिलाध्यक्ष जी के द्वारा पुलिस अधीक्षक सीतापुर को पत्र के माध्यम से मामले की शिकायत की गई है बातचीत की रिकार्डिंग ओर मोबाईल नंबर भी उपलब्ध कराया गया है इस मामले को लेकर संगठन में काफ़ी रोष है संगठन इसको बिलकुल बर्दास्त नहीं करेगा अगर फोन करके धमकी देने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट लिख कर गिरफ्तार नहीं किया गया तो संगठन बहुत जल्द सीतापुर पुलिस अधीक्षक का घेराव भी किया जायेगा।

# प्रभारी चिकित्साधिकारी एलिया व रामकोट को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि, जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति में कसे पेंच

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एमओआईसी एलिया व रामकोट को प्रसव केन्द्र न संचालित कराने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह निर्देश भी दिये कि सभी एमओआईसी आशाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुये लोगों को जागरूक करते हुये प्रसव को केन्द्रों पर कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जे.एस.वाई. डिलीवरी को मंत्रा पोर्टल दर्ज कराते हुए आधार प्रमाणीकरण भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित कराएं एवं आशा का नियमित भ्रमण भी सुनिश्चित किया जाये। गर्भवती महिलाओं को ई-रूपी वाउचर के माध्यम से निःशुल्क अल्ट्रासाउंड हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी वीएचएसएनडी सत्रों में आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ उपस्थित हो। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। टीकाकरण हेतु छूटे बच्चों को चिन्हित करते हुए विशेष सत्र आयोजित कराकर टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये। सभी सत्रों के आयोजन से पूर्व व्यापक जागरूकता की जाए तथा सत्रों का नियमित रूप से सुपरवाइजरी विजिट भी सुनिश्चित कराया जाए। टीकाकरण की बर्थ डोज शत प्रतिशत लगाया जाना सुनिश्चित करें एवं इसकी फीडिंग भी समय से पोर्टल पर कराई जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट कराई जाये। नैमिषारण्य के चिकित्साधिकारी के बैठक में अनुपस्थित होने पर एक दिन का मानदेय काटने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी के कहा कि रोस्टर बनाते हुए आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का निरीक्षण भी कराया जाये। फेमिली प्लानिंग में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ई-संजीवनी एप के माध्यम से संचालित टेली कंसल्टेशन सेवा में सुधार तथा आशा का भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीबी मरीजों की जांच बढ़ायी जाये तथा एक्सरे ज्यादा से ज्यादा किये जायें ताकि टीबी मरीजों को समय से उपचार मिल सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनूप श्रीवास्तव सहित संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर हर महादेव के जयकारे से गूंजा पंचमुखी शिव मंदिर

- शिवलिंग पर डीएम व एसपी ने जलाभिषेक कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध ईटहिया का पंचमुखी शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब
- छह थानों के पुलिस व पीएसी फोर्स चप्पे चप्पे पर रही तैनात

जन एक्सप्रेस। महराजगंज।





हिंदू धर्म का पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के दिन मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध ईटहिया के पंचमुखी शिवलिंग पर विधिविधान से जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए पूरे जोश के साथ भक्तों का जनसैलाब सुबह भोर से उमड़ने लगा। देखते ही देखते मंदिर परिसर शिव भक्तों से भर गया। ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के साथ मंदिर के घंटियों की आवाज पूरे दिन गूंजती रही। वही महराजगंज डीएम, एडीएम व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया है। इंडो नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ईटहिया स्थित मिनी बाबा धाम के नाम से विख्यात पंचमुखी शिवमंदिर आस्था का बहुत बड़ा केंद्र है। पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना व जलाभिषेक के लिए भारतीय सीमा क्षेत्र के विभिन्न जगहों के साथ बिहार प्रांत व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के दूर दूर से भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धा उत्साह के साथ ईटहिया के पंचमुखी शिवलिंग पर जलाभिषेक किया, और दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा, मदार का भोग लगाये। इस दौरान पंचमुखी शिवालय में भक्तों का पूरे दिन तांता लगा रहा और शिव भजनों से माहौल भक्तिमय रहा। हालाकि पुलिस प्रशासन के लोग बड़ी मशक्कत से भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे। महाशिवरात्रि के दिन आयोजित एक दिवसीय मेले में लोगों की भारी भीड़ भी देखी गई। सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, मिठाई सहित विभिन्न प्रकार की दुकानों पर सामान खरीदने वाली महिलाएं और बच्चियों की भीड़ लगी रही। मेले में झूले, सर्कस पर लोग रोमांचित हो रहे थे। श्रद्धालुओं की सभी प्रकार के वाहनों को मंदिर से करीब एक किलोमीटर पहले रोकने के लिए पश्चिम में लमुहा पुलिस पिकेट के समीप बैरिकेडिंग किया गया था। मंदिर प्रशासन व सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी पूरी तरह से चौकन्ने नज़र आये। मंदिर के अंदर व बाहर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किये गये थे।

### डीएम व एसपी ने जलाभिषेक कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा

महाशिवरात्रि के दिन निचलौल एसडीएम शैलेंद्र कुमार गौतम व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह के साथ महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा, एडीएम पंकज वर्मा व पुलिस कप्तान सोमेंद्र मीणा संयुक्त रूप से पंचमुखी शिव मंदिर ईटहिया पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद अधिकारियो ने मंदिर परिसर के गर्भ गृह में जाकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक भी किया है। अधिकारियो ने मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है।

### सीसीटीवी के साथ पुलिस की कड़ी निगरानी

ईटहिया में शिवदर्शन व जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की दो पंक्ति बनाई गई, सुरक्षा को लेकर मंदिर के मुख्य द्वार सहित कई स्थानों पर तीसरी नजर सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस टीम ने हर गतिविधियो पर नजर बनाए रहे। इस दौरान ठूठीबारी प्रभारी कोतवाल राघवेन्द्र सिंह, एसआई जय नारायण सिंह, लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज अभय नारायण सिंह, निचलौल थानाध्यक्ष गौरव कनौजिया, बरगदवा एसओ ओम प्रकाश गुप्ता, सहित विभिन्न थानों के एसओ और छः इंस्पेक्टर, महिला व पुरुष पुलिस के जवान के साथ पीएसी बल तैनात रहे।

## गोरखपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक लुटेरा घायल, सात गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक लुटेरे को गोली लगी और सात को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों में चार सगे भाई शामिल हैं। इनके कब्जे से चोरी की दो बाइक 27 मोबाइल और एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। घायल बदमाश को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

तीन दिन से मोबाइल फोन लूटकर सनसनी फैलाने वाले बदमाशों को कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात ताल रिंग रोड पर घेर लिया। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लुटेरे को गोली लग गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल सात बदमाशों को गिरफ्तार किया, जिनमें चार सगे भाई शामिल हैं।

पकड़े गए अपराधी बाइक चोरी कर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। इनके कब्जे से चोरी की दो बाइक, 27 मोबाइल और एक तमंचा और कारतूस बरामद किए। घायल बदमाश को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

कैंट थाना पुलिस मंगलवार रात ताल रिंग रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कुछ संदिग्ध बाइक सवार बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक बदमाश शफीक शेख उर्फ कोईल के पैर में गोली लग गई। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा, जबकि उसके अन्य साथी भागने लगे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया।

पकड़े गए बदमाशों की पहचान गीडा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर धोबियान टोला निवासी शफीक शेख उर्फ कोईल, उसके तीन सगे भाई रमजान शेख, अली जान उर्फ छोटू और जान मोहम्मद के रूप में हुई है। इनके अलावा, सहजनवा निवासी नीतीश उर्फ शुभम, विकास सिंह और अरुण कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।

## महाशिवरात्रि पर सीएम ने किया रुद्राभिषेक, भोलेनाथ से मांगा लोकमंगल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया। उन्होंने भगवान शिव से लोकमंगल और राष्ट्रकल्याण की प्रार्थना की। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने हवन किया और शिवोपासना का अनुष्ठान संपन्न किया। इस विशेष अवसर पर सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजा की। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सीएम योगी ने महाकुंभ में पावन स्नान की व्यवस्था पर भी निगरानी रखी।

योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर के तौर पर बुधवार को पावन पर्व महाशिवरात्रि का अनुष्ठान सम्पन्न किया। उन्होंने रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल और राष्ट्रकल्याण की प्रार्थना की। रुद्राभिषेक गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर आवास में स्थित शक्ति मंदिर में हुआ। रुद्राभिषेक के उपरांत मुख्यमंत्री ने हवन कर गोरक्षपीठ में शिवोपासना का अनुष्ठान संपन्न किया।

महाशिवरात्रि पर विशेष उपासना के क्रम में बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री ने मंदिर स्थित शक्तिपीठ में भगवान भोले शंकर का गोदुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया।

रुद्राभिषेक के बाद सीएम योगी ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण के लिए आदियोगी महादेव से प्रार्थना की। अनुष्ठान का यह कार्य दो घंटे से अधिक समय तक चला। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया।

उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। नाथपंथ की परंपरा में गुरु गोरखनाथ भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं। ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है।

इस अवसर पर विशेष पूजन होता है। यही कारण रहा कि व्यस्तता के बीच भी मुख्यमंत्री महाशिवरात्रि पर गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और पीठ की आनुष्ठानिक परंपरा का पूरी आस्था व निष्ठा के साथ निर्वहन किया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकुंभ में पावन स्नान में व्यवस्था पर निगरानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की सुबह से सक्रिय रहे। गोरखनाथ मंदिर में प्रवास के दौरान सुबह चार बजे ही मंदिर में बनाए गए कंट्रोल रूम में डट गए और पल-पल की खबर लेने लगे।

स्नान की व्यवस्था को टीवी स्क्रीन पर लाइव देखते रहे। समय-समय पर पुलिस व प्रशासन के अफसरों को जरूरी निर्देश देते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अधिकारियों को सहेजते रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और व्यवस्था को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

व्यवस्था को लाइव देखते हुए योगी बार-बार यह कहते रहे कि श्रद्धालुओं के लिए सभी घाटों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। किसी तरह की चूक होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी समय-समय पर मुख्यमंत्री देते रहे।

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विशेष रूप से ध्यान देन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जब वह व्यवस्था को लेकर निश्चिंत हो गए तब कंट्रोल रूम छोड़ा। यद्यपि, दूरभाष के जरिये वह मेरा प्रशासन के संपर्क में निरंतर बने रहे।

## सीएम योगी ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं, कहा अराजक तत्वों पर कसें शिकंजा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए और आमजन को सताने धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले अराजकतत्वों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए। लोगों तक योगी पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।

महाशिवरात्रि की परंपरागत पूजा-अर्चना के लिए मंगलवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की सुबह देव व गुरु दर्शन के साथ जनता दर्शन करना नहीं भूले। बतौर मुख्यमंत्री अपना प्रशासनिक दायित्व पूरा करते हुए उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्या सुनी ओर समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। आमजन को सताने, धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले अराजकतत्वों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टीपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

जनता दर्शन के दौरान मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक उम्मीद लेकर पहुंचे थे। योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने कुछ बच्चों से खूब बातें की, हंसी-ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर उपहार के रूप में चाकलेट देते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर शीश नवाया।

## हुक्काबार में लड़कियों की सौदेबाजी कराने वाली नंदिनी गिरफ्तार, इवेंट प्लानर बनकर देती थी धोखा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



गोरखपुर में देह व्यापार के बड़े रैकेट का पर्दाफाश इवेंट प्लानर बनकर लड़कियों को फंसाने वाली नंदिनी उर्फ परी शर्मा गिरफ्तार। शाहपुर के जेनिस बाटल हुक्का बार में चल रहा था गोरखधंधा सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के बयान से खुलासा। पुलिस ने की लंबी तलाश के बाद गिरफ्तारी कोर्ट ने भेजा जेल। जानिए पूरा मामला और अब तक कौन-कौन हुआ है गिरफ्तार।

शहर में होटल और हुक्का बार की आड़ में चल रहे देह व्यापार के बड़े रैकेट की एक अहम कड़ी नंदनी उर्फ परी शर्मा को पुलिस ने मंगलवार को रामगढ़ताल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। नंदनी लंबे समय से इवेंट प्लानर के नाम पर लड़कियों को झांसे में लेकर शाहपुर स्थित जेनिस बाटल हुक्का बार के संचालक अनिरुद्ध ओझा से मिलवाती थी। इसके बाद नौकरी और मापडलिंग के नाम पर उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया जाता था।

सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 13 वर्षीय किशोरी के बयान के बाद नंदनी का नाम सामने आया था। पीड़िता ने नंदनी और रेशमा दोनों का जिक्र किया था, जिसके बाद पुलिस ने रेशमा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस को लंबे समय से नंदनी की तलाश थी और मंगलवार सुबह पुलिस ने उसे नौकायन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोपहर में पुलिस ने नंदनी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इवेंट प्लानर के रूप में लड़कियों को मॉडलिंग और नौकरी का लालच देती थी।उन्हें शाहपुर स्थित जेनिस बाटल हुक्का बार में लाती थी।यहां पहले उन्हें नशे का आदी बनाया जाता था, फिर धीरे-धीरे देह व्यापार के धंधे में धकेल दिया जाता था।मना करने पर लड़कियों को ब्लैकमेल कर जबरन इस धंधे में धकेला जाता था।

पुलिस ने बताया कि नंदनी मोहद्दीपुर में ओरियन माल के पीछे किराए पर रहती थी, लेकिन दिसंबर में उसने वहां का कमरा छोड़ दिया था। उसका मूल निवास देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के मलहचक गांव में है।एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रामगढ़ताल थाने में दर्ज जिस मुकदमे में नंदिनी का नाम सामने आया था उसमें आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।जल्द ही आरोपितों पर गैंग्स्टर की कार्रवाई होगी।

## गोरखपुर में हवाला नेटवर्क की शुरू हुई जांच

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



गोरखपुर में हवाला नेटवर्क की जांच शुरू हो गई है। खुफिया एजेंसियों ने बैंक रोड स्थित नौशाद के नेटवर्क की गहराई से जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नौशाद की कंपनी का असली संचालक कोई और है और वह महज एक मोहरा हो सकता है। इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट में कई प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। नेपाल सीमा से लेकर कोलकाता और बैंकाक तक फैले हवाला नेटवर्क की परतें धीरे-धीरे खुलने लगी हैं। गोरखपुर अब इस अवैध लेन-देन का नया हॉटस्पॉट बन चुका है, जहां से हवाला के रुपये अंतरराष्ट्रीय स्तर तक भेजे जा रहे हैं।

खुफिया एजेंसियों ने अब बैंक रोड स्थित नौशाद के नेटवर्क की गहराई से जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नौशाद की कंपनी का असली संचालक कोई और है, और वह महज एक मोहरा हो सकता है।

शनिवार को हावड़ा में हेमंत पांडेय के पकड़े जाने के बाद अब खुफिया एजेंसी गोरखपुर में रहने वाले नौशाद के हवाला नेटवर्क और उसके बैंकिंग लेन-देन की गहन जांच कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट में कई प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं।

इनके नेटवर्क में नेपाल, थाईलैंड और कोलकाता के एजेंट जुड़े हुए हैं।अभी तक की जांच में सामने आया है कि हवाला के रुपये गोरखपुर से कोलकाता के जरिए बैंकाक भेजे जाते हैं। नेपाल सीमा पर यह नेटवर्क पहले से सक्रिय था।

शहर को इस धंधे का मुख्य केंद्र इसलिए बनाया गया है कि बड़ी संख्या में गोरखपुर और आसपास के जिलों के लोग नेपाल के अलावा थाईलैंड, म्यांमार और लाओस के गोल्डन ट्राइएंगल में व्यापार करते हैं। इन्हीं संपर्कों के जरिए हवाला का धंधा चलाया जा रहा है।

हाल ही में हावड़ा स्टेशन पर 2.6 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार किए गए बांसगांव के देवड़ार खुर्द गांव में रहने वाले हेमंत पांडेय से पूछताछ के बाद यह नेटवर्क फिर चर्चा में आया। जांच में पता चला कि वह नौशाद के संपर्क में थे और उसे कोलकाता में एक डील सप्लाई करनी थी।

### हर 25 मिनट पर चलाई गई एक स्पेशल

## पूर्वोत्तर रेलवे में 24 फरवरी तक चलीं 2845 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें

- 21,100 श्रद्धालु यात्रियों को उपलब्ध कराई गई प्राथमिक चिकित्सा और सहायता
- महाकुंभ स्पेशल के दोनों तरफ इंजन लगाकर रेलवे ने बचाया इंजन रिवर्सल का समय

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



पूर्वोत्तर रेलवे में 10 जनवरी से 24 फरवरी तक 2845 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। इन ट्रेनों में दोनों तरफ इंजन लगाए गए थे जिससे इंजन रिवर्सल का समय बचाया जा सका। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार महाकुंभ मेला के दौरान 24 फरवरी तक कुल 21100 श्रद्धालु यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा और चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

महाकुंभ के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे में दस जनवरी से 24 फरवरी तक 2,845 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। ट्रेनों के निर्बाध संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में रेक व कोचों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। इन ट्रेनों में दोनों तरफ इंजन लगाए गए थे, जिससे इंजन रिवर्सल (इंजनों की दिशा बदलना) का समय बचाया जा सका। इसके चलते प्रयागराज रामबाग और झूसी से प्रत्येक 25 मिनट में एक स्पेशल ट्रेन चलाई गई।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार महाकुंभ मेला के दौरान 24 फरवरी तक कुल 21,100 श्रद्धालु यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा एवं चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। 98 गंभीर मरीजों को स्थानीय चिकित्सालयों में भेजा गया।

कुल 2,70,856 वर्गफीट में स्थाई/अस्थाई पैसेंजर होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है, जिसमें गोरखपुर जंक्शन पर 5,000 वर्गफीट में पैसेंजर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। रेलवे ने आरंभ में महाकुंभ के दौरान लगभग 13,500 गाड़ियों के चलने की योजना बनाई थी।

42वें दिन तक 15,000 से अधिक ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं। रेलवे की पूरी व्यवस्था की निगरानी का नेतृत्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव स्वयं कर रहे हैं। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार बोर्ड से ट्रेनों की मानीटरिंग कर रहे है।

28 फरवरी एवं एक मार्च को चलने वाली 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दादर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी)-बीना-इटारसी के रास्ते चलेगी।

27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी)-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी के रास्ते चलेगी।

27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी)-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी के रास्ते चलेगी।

27 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 12165 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी)-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ के रास्ते चलेगी।

27 फरवरी को चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सतना-बांदा-कानपुर सेंट्रल-गोरखपुर के रास्ते चलेगी।

# स्वर्ण जयंती छात्रावास के शिव मंदिर पर किया गया भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के स्वर्ण जयंती पुरूष छात्रावास में बुधवार को स्थापित शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं आदि देव महादेव भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सुंदरकांड के पाठ का शुभारंभ कराया। सुंदरकांड के पाठ के समापन पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता तथा प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय व उनकी धर्मपत्नी डॉ रंजना पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह एवं पुरुष छात्रावास वार्डेन डॉ आशीष कुमार लाल सहित कई शिक्षक व छात्रों ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया । पुरोहित विद्वान पंडित पंकज पाण्डेय ने मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। इसके बाद हवन-पूजन के साथ भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गई। इस दौरान भगवान गणेश, भगवान भोलेनाथ व हनुमानजी की आरती के साथ सम्पूर्ण छात्रावास ? नमः शिवाय, ? जय शिव ओंकारा, बम बम भोले आदि शिव स्तुति की गूंज से गुंजायमान हो रहा था। तत्पश्चात प्रसाद वितरण के साथ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यौगिक परंपराओं में इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसमें आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएँ मौजूद होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से होते हुए, आज उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ उन्होंने आपको प्रमाण दे दिया है कि आप जिसे भी जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे आप ब्रह्माण्ड और तारामंडल के रूप में जानते हैं; वह सब केवल एक ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों-करोड़ों रूपों में प्रकट करती है। प्राचार्य प्रो पाण्डेय ने कहा कि महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। यह उनके लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो पारिवारिक परिस्थितियों में हैं और संसार की महत्वाकांक्षाओं में मग्न हैं। पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं में मग्न लोग महाशिवरात्रि को, शिव के द्वारा अपने शत्रुओं पर विजय पाने के दिवस के रूप में मनाते हैं। पुरूष छात्रावास वार्डेन डॉ लाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ लवकुश पाण्डेय, डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ सुनील कुमार शुक्ल, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व सुशील मिश्र सहित कई शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।

# गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली गई भगवान भोलेनाथ की बारात



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर शिव नाट्य कला मंडल के तत्वाधान में बुधवार को भगवान शिव के बारात की 56 वीं शोभा यात्रा निकाली गई ।

जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की बरात जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान से निकाली गयी। समिति के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, महामंत्री डॉ तुलसीश दुबे, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु ने आरती किया, उसके बाद भगवान भोलेनाथ के बारात की शोभायात्रा निकाली गई। बरात में भगवान शिव के भक्तों के अलावा उनके साथ भूत प्रेत की टोलियां भी चल रही थी। डीजे पर भक्तिमय गीतों पर शिव भक्त नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते बारात का आनन्द लेते नजर आये। इस वर्ष शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण महाकुंभ की झलक, 12 ज्योतिर्लिंग सहित रविदास व महर्षि बाल्मीकि की झांकी रही। शिव बारात राम लीला मैदान से मेजर चौराहा, अंबेडकर तिराहा, वीर विनय चौक से होते हुए झारखंडी मन्दिर पहुँची जहाँ भगवान भोले नाथ के स्वरूप में बने शंकर जी ने झारखंडी महादेव का दर्शन किया। उसके बाद शोभायात्रा वीर विनय चौराहा से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से शिव बारात निकली । रास्ते में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने स्वागत करते हुए पूजन अर्चन कर आरती उतार कर पुण्य अर्जित किया । शिव बारात परम्परागत मार्गो से होता हुआ रामलीला मैदान पहुंचा। जहां भगवान शिव और पार्वती का विवाह समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# नगर पालिका ने कराई रोड की सफाई

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के पुरानी बाजार में नाली निर्माण, सड़क निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का कार्य के साथ ही साथ नई पानी पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिससे जनता एवं व्यापारियों को होने वाली परेशानियों की खबर जन एक्सप्रेस के मंगलवार 25 फ़रवरी के अंक मे प्रमुखता से प्रकाशित किया था । इस खबर का संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने मंगलवार की रात एवं बुधवार की सुबह से कर्मियों को लगाकर रोड पर पड़े ईट, मिट्टी व गिट्टी की साफ सफाई कराई । नगर पंचायत के इस त्वरित कार्यवाही से पुरानी बाजार की जनता एवं व्यापारियों थोड़ा राहत मिला है। दवा व्यापारी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा कराये गए त्वरित कार्य से थोड़ा राहत तो मिला है पर आने वाले पर्व होली के पहले सड़क निर्माण हो जाए तो ठीक रहेगा । सड़क के निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है, उससे होली तक सड़क का निर्माण नही हो पाएगा। गिफ्ट कि दुकान करने वाले वासुदेव ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन के कार्य से थोड़ा राहत मिला है, परंतु सड़क के निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो जिससे व्यापार पुनः पटरी पर आ सके।

# अयोध्या में भीड़ का महाकुंभ, पहले से दोगुना भक्तों को दर्शन दे रहे रामलला

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



राम मंदिर में विराजमान रामलला अब पहले से दोगुणा भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ के पलट प्रवाह ने ऐसा प्रभाव दिखाया है कि मंदिर की पूर्व निर्धारित दिनचर्या तो प्रभावित हुई ही दर्शन अवधि का भी पालन नहीं हो पा रहा है। भक्तों की संख्या बढ़ जाने के कारण मंदिर को पखवारे भर से अधिक समय से मध्यरात्रि 12 बजे के बाद भी खोलना पड़ रहा है।

भक्तों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाने के कारण मंदिर को पखवारे भर से अधिक समय से मध्यरात्रि 12 बजे के बाद भी खोलना पड़ रहा है। श्रद्धालु बढ़ने पर ट्रस्ट ने दर्शन अवधि तो बढ़ाई लेकिन 17 घंटे भी कम पड़ जा रहे हैं। इधर, कई दिनों से रामलला नित्य 19 घंटे तक दर्शन दे रहे हैं।

गुरुवार को भी रात्रि 12ः10 बजे मंदिर बंद किया गया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने गत एक अक्टूबर को नवरात्र के प्रथम दिन से मंदिर की दिनचर्या व्यवस्थित करके रामलला के दर्शन अवधि तय कर दी थी। तबसे मंदिर के पट सुबह सात बजे खुल रहे थे और मध्याह्न में 12ः30 से 1ः30 बजे तक एक घंटे बंदी हो रही थी। फिर डेढ़ बजे से रात नौ बजे तक दर्शन होते थे और शयन आरती के उपरांत साढ़े नौ बजे तक पट बंद हो जाते थे। 11 जनवरी को प्रतिष्ठा द्वादशी नाम से मंदिर की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई और इसी अवधि में प्रयागराज में महाकुंभ का प्रारंभ हुआ तो 22 जनवरी व उसके बाद 26 जनवरी से श्रद्धालुओं की संख्या अचानक बढ़ गई। प्रतिदिन अप्रत्याशित संख्या में भक्त पहुंचने लगे तो ट्रस्ट की ओर से तय की गई दिनचर्या अव्यवस्थित हो गई और मंदिर को सुबह पांच बजे से ही खोलना पड़ा।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के प्रतिष्ठित विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल ने अपना 7 वाँ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया । वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ नाट्य अभिनय प्रस्तुत किया। डिवाइन पब्लिक स्कूल ने कार्यक्रम का आयोजन सुआव नाले के निकट अपने बड़े ग्राउंड में किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ नवीं वाहिनी एसएसबी के सेकंड इन कमांडेंट कुमुद रंजन व डिप्टी कमांडेंट भरत चौधरी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया।

जानकारी के अनुसार वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु व प्रतिनिधि डी0पी0 सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली, श्रावस्ती जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने शिरकत की। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई जिसे पंखुड़ी शुक्ला, उन्नति शर्मा व अरना उपाध्याय ने प्रस्तुत किया। इसके बाद आए हुए मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए एक वेलकम सॉन्ग भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में पीकॉक ड्रिल क्लास फर्स्ट के बच्चों ने प्रस्तुत किया, वही एलकेजी के बच्चों ने रट्टा मार कार्यक्रम प्रस्तुत किया, क्लास यूकेजी के छात्रों ने हवा हवाई सॉन्ग पर बेहतरीन अभिनय दिखाए, क्लास थर्ड के बच्चों ने बाल मजदूरी पर अपना बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया, वही बढ़ते क्रम में ओ माय फ्रेंड गणेशा गाने पर बच्चों ने अपना अभिनय प्रस्तुत किया, यूकेजी के छात्रों ने ÷दादा जी की छड़ी हूं आगे पीछे खड़ी हूँ÷ गाने पर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्रों के मानसिक विकास को लेकर क्लास थर्ड व फोर्थ के बच्चों ने बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया, दक्षिण के महाराज शिवाजी पर चरितार्थ एक रंगारंग कार्यक्रम कक्षा 6 और 7 के बच्चों ने प्रस्तुत किया जिसे देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति के बीच देशभक्ति का जज्बा जाग उठा । वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में यूकेजी के बच्चों ने तेरे संग यारा गाने पर बेहतरीन डांस प्रस्तुत किया, कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय की शिक्षिका सुमन द्वारा तैयार कराया गया ÷लेजी डांस÷ बच्चों ने एक रूप रंग में कपड़े पहन कर प्रस्तुत किया, जिसे देखकर हर कोई मन मोहित हो गया वही कार्यक्रम में क्लास सेकंड के बच्चों ने ट्रिब्यूट टू फार्मर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें किसानों को कर्ज से दबे होने पर मौत को गले लगाने का दृश्य दिखाया गया । कार्यक्रम में अगली कड़ी के दौरान ÷धड़क धड़क, धड़क धड़क धुआं उड़ाए रे÷ गाने पर क्लास फर्स्ट के बच्चों ने बेहतरीन अभिनय प्रस्तुत किया । कार्यक्रम की लंबी लिस्ट में विद्यालय के बच्चों ने मरजानी, पंजाबी सॉन्ग, फेस्टिवल सॉन्ग, राम सिया राम, कव्वाली, योगा, सांस्कृतिक सॉन्ग प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व प्रभु श्री राम की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया की मैं बलरामपुर जिले के बाहर से आया हुआ व्यक्ति था, लेकिन मुझे बलरामपुर वासियों ने बहुत ही प्यार और दुलार दिया।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । विद्यालय की छत्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 26 फरवरी 2025 को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, में ''महाशिवरात्रि'' पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की कोषाध्यक्षा मीता तिवारी व उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय ने भगवान शिव जी के चित्र पर माल्यापर्ण तथा द्वीप प्रज्जवलित करके आरती उतारी। विद्यालय की कोषाध्यक्षा मीता तिवारी ने बच्चों को बताया कि महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्योहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माघ फागुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ। पौराणिक कथओं के अनुसार इस सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। साल में होने वाली 11 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत सहित पूरी दुनिया में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि शिव पुराण के अनुसार, महाशिवरात्रि पूजा में छह वस्तुओं को अवश्य शामिल करना चाहिए जैसे-शिव लिंग का पानी, दूध और शहद के साथ अभिषेक। बेर या बेल के पत्ते जो आत्मा की शुद्धि का प्रतिनिधित्व करते है। सिंदूर का पेस्ट स्नान के बाद शिव लिंग को लगाया जाता है। यह पुण्य का प्रतिनिधित्व करता है। फल जो दीर्घायु और इच्छाओं की सन्तुष्टि को दर्शाते है। जलती धूप, धन, उपज (अनाज)। दीपक जो ज्ञान की प्राप्ति के लिए अनुकूल है। और पान के पत्ते जो सांसरिक सुखो के साथ सन्तोष अंकन करते है। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के किड्ज जोन से भगवान शिव जी की बारातियों में सभी गणों एवं देवी-देवताओं के साथ बारात निकाली गयी। विद्यालय की कोषाध्यक्षा एवं उप प्रधानाचार्याय एवं सभी अध्यापक/ अध्यापिकायें तथा छात्र-छात्राएं शामिल हुए जिनका स्वागत विद्यालय के आडोटोरियम में विद्यालय की कोषाध्यक्षा तथा उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित सभी अध्यापकों ने भगवान शिव जी की बारात का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर रत्ना एवं सिद्धार्थ (भगवान शिव के रूप में), कौशिकी एवं स्वास्तिका (पार्वती जी के रूप मे),, कृष्णा (श्री ब्रह्मा जी), शिवांस (श्री विष्णु जी), श्राविका (माँ लक्ष्मी जी), मोहनी (माँ सरस्वती जी), आदित्य श्रीवास्तव एवं शशांक (भगवान श्री राम), शिवांस (हनुमान), सुशांत (कृष्ण), श्रुतिका, साम्भवी (अर्धनारीश्वर) गणों एव भूत-प्रेतों के रूप में श्लोक, प्रथमेश, ईशान, अयांश आदि बारातियों में शामिल हुये।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **20.03.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म व मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 02102025 दिनांक 25.02.2025 |
| 2 | निविदा संख्या : (1) 41-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 (2) 42-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 | |
| 3 | कार्य का नाम : (1) सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत फाफामऊ गुड्स बाईपास लाइन पर पीएससी स्लीपरों के साथ गैर मानक निर्मित डायमंड क्रॉसिंग को सीएमएस क्रॉसिंग से प्रतिस्थापित किये जाने का कार्य। (2) वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत डीएफसी फीडर रूट पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब पुलों (कुल संख्या-59) के प्रतिस्थापन एवं SLN-CIL, PBH-PFM, UCR-ON, UCR-DYP सेक्शन में (CC+8+2T Route) पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब पुलों (कुल संख्या-26) के प्रतिस्थापन का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत : (1) रु. 1,53,65,254.93, (2) रु. 16,11,11,480.13 | |
| 5 | धरोहर राशि : (1) रु. 2,26,800.00, (2) रु. 9,55,600.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : (1) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। (2) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ : 06.03.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 20.03.2025, 15:00 बजे | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 618/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बजाज एलियांज लाइफ बना 'बीमा-एएसबीए' सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमाः एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती। अगर 14 दिनों के भीतर आवेदन पूरा नहीं होता या प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जाता है, तो यह राशि अपने आप ग्राहक के खाते में वापस आ जाती है। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होता है कि पॉलिसी खरीदार का पैसा खाते में ही बना रहे और उस पर ब्याज मिलता रहे। बजाज एलियांज लाइफ ने अपने भुगतान भागीदारों के साथ मिलकर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक शुरू कर दी है। इस बारे में बात करते हुए बजाज एलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, 2047 तक सबके लिए बीमा के लक्ष्य के अनुरूप, इरडाई पारदर्शिता, भरोसे और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन कदम उठा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने शिव मंदिरों का भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवालयों का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने जनपद बलरामपुर के शिवालयों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवालयों पर दर्शन व जलाभिषेक हेतु भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन सुनिश्चित करने, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु ड्यूटी में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया । एसपी ने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने हेतु भी निर्देशित किया।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर ठगी करने वाले आईलेट्स संचालकों से पीड़ित को वापस मिले 1.73 लाख रुपये

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



पीलीभीत। नौजवानों को विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र और दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आईलेट्स संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। इस मामले में पीड़ित जोगा सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी रसूलपुर, पंचपुखरा, थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत को 1,73,000 रुपये की राशि वापस दिलाई गई।

बताते चलें कि 24 फरवरी 2025 को थाना पूरनपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कैंप आयोजित किया गया, जिसमें विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले आईलेट्स संचालकों से पीड़ित युवाओं की शिकायतें सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों और जनपदों से आए पीड़ितों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस की इस कार्रवाई के तहत जनपद के विभिन्न थानों में कुल 39 मुकदमे पंजीकृत किए गए और कानूनी कार्यवाही शुरू की गई।

पीड़ित जोगा सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि एम ओवरसीज, राम होटल के पास, पूरनपुर के संचालक प्रवजोत सिंह, सुखविंदर सिंह और सुखवीर सिंह ने तीन साल पहले उनके पुत्र बिक्रमजीत सिंह को विदेश भेजने के नाम पर 1,73,000 रुपये लिए थे, लेकिन बाद में उसे विदेश नहीं भेजा गया। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो संचालकों ने लगातार टालमटोल करते हुए गुमराह किया।

जनपदीय पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इसके बाद आरोपियों ने जोगा सिंह से ली गई पूरी राशि 1,73,000 रुपये वापस कर दी। बुधवार को जोगा सिंह अपने परिवार के साथ थाना पूरनपुर पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक को सम्मानित किया। उन्होंने जनपद पुलिस की त्वरित कार्रवाई और निष्पक्ष न्याय के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### विदेश जाने के इच्छुक युवाओं के लिए पुलिस की अपील

पुलिस प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि विदेश जाने या नौकरी के नाम पर किसी भी संस्था को बिना जांच-पड़ताल के पैसे न दें। यदि किसी को इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। जनपद पुलिस का यह सराहनीय कदम नौजवानों को फर्जीवाड़े से बचाने और ठगी करने वालों पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ पूरा जनपद, भक्ति और उल्लास में डूबे श्रद्धालु

■ सुबह से ही मंदिरों पर रही लंबी-लंबी श्रद्धालुओं की भीड़ राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे शहर में शिवभक्ति की धारा प्रवाहित होती रही। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक कर उनकी आराधना की। जगह-जगह कांवड़िए गंगाजल लेकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते नजर आए। पूरे शहर की गलियां और सड़कें हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठीं, जबकि मंदिरों में भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां भक्तों को आध्यात्मिक आनंद देती रहीं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसी उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। ऊंचे मोहल्ले स्थित गौरीशंकर मंदिर से शिव बारात निकाली गई, जिसमें शिवगण, भूत-प्रेतों की झांकियां और सजे-धजे भक्तों ने भाग लिया। रंगीलाल चौराहे से निकली



शिव बारात ने पूरे शहर को भक्ति के रंग में रंग दिया। भक्तों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर शिवगणों का स्वागत किया। बारात के गौरीशंकर मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया, जिसके बाद शिव-पार्वती विवाह की रस्में संपन्न कराई गईं। मान्यता है कि इस विवाह उत्सव में जो भी श्रद्धालु शामिल होता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### शहर के प्रमुख शिवालयों में विशेष आयोजन

महाशिवरात्रि पर शहर के गौरीशंकर मंदिर, दुधियानाथ मंदिर, स्टेशन मार्ग स्थित शिव मंदिर, बल्लभनगर मंदिर और ब्रह्मचारी घाट स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी बिजली की झालरों से भव्य रूप से सजाया गया था। भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर भोलेनाथ के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। साथ ही जगह-जगह भांग का वितरण होता रहा और भंडारे भी जगह-जगह हुए।

### श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में भव्य भजन-कीर्तन



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महंत सभासद सेवक विशाल ने 卐भोले शंकर की नगरी में गूंजे हर हर महादेव卐 जैसे मधुर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया।संकीर्तन दरबार की शुरुआत गुरुदेव श्री नीम करोली बाबा के भजनों से हुई, जिसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूरे वातावरण में हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को भांग का प्रसाद वितरित किया गया।

### राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया शिव अभिषेक



महाशिवरात्रि पर्व पर गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गौरीशंकर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर जनकल्याण की कामना की। मंदिर के पुजारी ने उन्हें तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही शिवरात्रि पर प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। प्रमुख शिवालयों और शिव बारात के मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। इसके अलावा, मंदिरों के आसपास सफाई अभियान चलाया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### गौरीशंकर मंदिर की विशेष मान्यता

गौरीशंकर मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां लगने वाली शिव अदालत में हर फैसला निष्पक्ष होता है और भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से सभी समस्याओं का समाधान प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि पर्व पर पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा, जिससे भक्तगण शिवमय हो गए।

# सेवा ही जीवन है समाजसेवी अनूप अग्रवाल का अनूठा योगदान

■ जरूरतमंदों की मदद से लेकर मंदिर निर्माण तक निभा रहे सेवा धर्म

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

समाजसेवी एवं व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने वर्षों से जरूरतमंदों की मदद कर समाज में मिसाल कायम की है। अब वे खंडित मंदिरों के पुनर्निर्माण और नए मंदिरों के निर्माण के माध्यम से आध्यात्मिक सेवा भी कर रहे हैं। उनके प्रयासों से अब तक तीन मंदिरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जिनमें -

1. खकरा मंदिर
2. साईं मंदिर
3. मनोकामना मंदिर,शामिल हैं। इन मंदिरों में मूर्ति स्थापना के साथ पूजा-अर्चना का भी विधिवत आयोजन किया गया। चौथे मंदिर का निर्माण लड़ौडीखेड़ा (जहानाबाद मोड़) के समीप तेजी से जारी है।

### मंदिर निर्माण को मानते हैं दिव्य सेवा

अनूप अग्रवाल का मानना है कि जरूरतमंदों की सहायता और परमात्मा के कार्य में योगदान से जो संतुष्टि मिलती है, वह अतुलनीय है। उनके अनुसार, मंदिर निर्माण में दिया गया दान परमात्मा की अविनाशी बैंक में जमा होता है, जो कभी व्यर्थ नहीं जाता। इसी प्रेरणा से वे विभिन्न स्थानों पर मंदिरों के जीर्णोद्धार और नए मंदिरों के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।

### लावारिस एवं असहाय लोगों के लिए मसीहा

मंदिर निर्माण के साथ-साथ अनूप



अग्रवाल गरीब, असहाय, लाचार एवं मंदबुद्धि लोगों की देखभाल एवं संरक्षण का भी कार्य कर रहे हैं। वे अपने निजी खर्चे से ऐसे लोगों का इलाज करवाकर उन्हें अपना घर



आश्रम, भरतपुर% भिजवाते हैं। अब तक वे करीब 153 लावारिस एवं बेसहारा लोगों को सुरक्षित आश्रय दिलवा चुके हैं। यदि उन्हें पीलीभीत या उसके आसपास कहीं भी कोई लावारिस या मंदबुद्धि महिला या पुरुष दिखता है, तो वे तुरंत उनकी सहायता के लिए आगे बढ़ते हैं और उचित व्यवस्था कराते हैं।

### समाज सेवा के प्रति संकल्पबद्ध

अनूप अग्रवाल अपने सामाजिक दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता करना और धर्म कार्यों में योगदान देना ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। वे मानते हैं कि सेवा ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है और इस विचारधारा पर चलकर वे समाज के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।उनकी निःस्वार्थ सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके प्रयासों से पीलीभीत तथा आसपास के क्षेत्र में मानवीय मूल्यों का विस्तार हो रहा है।

# कलश में समस्त देवी-देवताओं व तीर्थों का होता है वास: डॉ. सूर्यभान यादव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



खुटहन विकासखंड क्षेत्र के धिरौली नानकार स्थित बाबा बान दईत मंदिर परिसर में बुधवार को मुख्य यज्ञाचार्य पं. वशिष्ठ नारायण चतुर्वेदी व आचार्य शिव कुमार त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से कलश व बेदी पूजन व रूद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. सूर्यभान यादव द्वारा कन्याओं व महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। डा. सूर्यभान ने बताया कि कलश में समस्त देवी-देवताओं के साथ सभी तीर्थों का वास होता है। कलश को ब्रह्मांड में मौजूद शक्ति का प्रतीक भी माना जाता है। कहा कि कलश को सिर पर धारण करने से मन व आत्मा की शुद्धि होती है।महिलाएं जिस क्षेत्र में कलश लेकर चलती हैं वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है और हर जगह मंगल ही मंगल होता है। मौके पर आशीष यादव, लक्ष्मी शंकर यादव, कमलेश विश्वकर्मा, दिनेश यादव ,राम केवल विश्वकर्मा, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

### मंदिर का इतिहास एवं महत्व

बाबा बान दईत का मंदिर करीब 200 वर्षों से भी पुराना माना जाता है। इस मंदिर के अस्तित्व के बारें में किसी को कुछ भी नहीं ज्ञात है। इस मंदिर के आगे कई पीढ़ियां गुजर गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक 80 कोष में यह मंदिर विख्यात है। विवाहित नव युगल यहां सिंदूर चढ़ाने आते हैं। इसके अलावा जिनकी मन्नतें पूरी होती हैं यहां कड़ाही चढ़ाने आते हैं। इस मंदिर का जीर्णोद्धार डा. सूर्यभान यादव ने करवाया था।

# ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के लोगों को मिलेगा 50 बैड का अस्पताल

■ राज्यमंत्री के प्रस्ताव पर शासन ने जमीन उपलब्ध कराने की दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के लगातार विकास कराये जाने के क्रम में ललौरीखेड़ा ब्लाक में 50 बैड के अस्पताल बनाये जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है प्रदेश शासन ने प्रशासन से अस्पताल के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता कराये जाने के निर्देश दिये है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक द्वारा भेजे गये पत्र में कहा है कि ललौरीखेड़ा विकास खण्ड में क्षेत्र की जनता को बेहतर चिकित्सीय सेवायें उपलब्ध कराने के लिए 50 बैड के अस्पताल की स्थापना की जानी है। विभाग ने इस के लिए भूमि की उपलब्धता सहित अन्य बिन्दुओं पर जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है ताकि अस्पताल की स्थापना की कार्यवाही अमल में लाई जा सके। ज्ञात रहे कि अभी तक ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र में क्षेत्र की जनता के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य के माध्यम से चिकित्सीय सेवायें उपलब्ध करायी जा रही थी लेकिन अब 50 शैय्यायुक्त ए0एम0सी0एच0 विंग चिकित्सालय बनाने की पहल की गई है। इस चिकित्सालय के बनने से ब्लाक क्षेत्र की लगभग 2 लाख आबादी को चिकित्सा का ब्लाक स्तर पर ही मिलेगा। इसके अलावा चिकित्सालय में चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की तैनाती तो होगी ही साथ ही आधुनिक उपकरण भी अस्पताल में उपलब्ध रहेगे।

# ठगी और रंगदारी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना सुनगढ़ी पुलिस ने ठगी और रंगदारी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से स्कॉर्पियो गाड़ी, नकदी और मोबाइल बरामद किए। वादी विक्रम सिंह पुत्र सरदूल सिंह, निवासी सुनौरा, मुरारपुर, थाना भुता, जनपद बरेली ने 22 फरवरी 2025 को थाना सुनगढ़ी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 6 अज्ञात व्यक्तियों ने उसे झांसे में लेकर स्कॉर्पियो (बिना नंबर प्लेट) में बैठाया और 51,500/- ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए व 15,000/- नकद लूट लिए। इसके बाद आरोपियों ने कटरा, शाहजहांपुर से आगे जाकर पीड़ित को गाड़ी से उतार दिया और हर महीने 50,000 रंगदारी देने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया। इलेक्ट्रॉनिक और फिजिकल साक्ष्यों के आधार पर स्कॉर्पियो गाड़ी की पहचान की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 26 फरवरी 2025 की रात लदपुरा बाईपास से तीन आरोपियों को दबोच लिया।

# फर्जी महिला दरोगा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ जनता पर रौब गाँठने के लिए बनवा लिया वर्दी और नकली नेमप्लेट

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले की मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने बुधवार को एक फर्जी महिला दरोगा को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। जनता पर रौब गाँठने के लिए इस जालसाज महिला ने नकली वर्दी और नेम प्लेट भी बनवा लिया था। पुलिस ने कड़ाई से छानबीन की तो फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। फिर महिला फफक कर रोने लगी। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुम्ब के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्रा मय हमराह महाशिवरात्रि त्यौहार में लगे थे कि मुखबीर ने सूचना दी कि एक महिला जो उ0प्र0 पुलिस विभाग के उप निरीक्षक की वर्दी पहन कर फर्जी पुलिस बनकर आने जाने वाले रहागीरों पर रौब दिखा रही है। पुलिस टीम ने रामपुर चौकी गाँव जाने वाले रोड पर महिला को रोककर पहने हुए वर्दी व चाल ढाल से पुलिस न लगने पर पुछताछ किया तो अपना नाम नूरजहां पुत्री अली शेर खाँ निवासी ग्राम जगदीशपुर, पोस्ट कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ बताया। 50 वर्षीय इस महिला से पुलिस ने कड़ाई किया तो वह अपनी गलती पर बार बार माफी मागने लगी । पुलिस टीम ने उसे फौरन मुंगराबादशाहपुर थाने ले आया। यहां विधिके कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने महिला के पास से उत्तर प्रदेश पुलिस का लेदर बेल्ट मय चपरास लगा हुआ , दोनों कंधा फ्लैप दो स्टार मय उ0प्र0 पुलिस बैज लगा हुआ। एक लाइनयार्ड मय सीटी, मोनोग्राम कैप , पुलिस का गोल्डेन चिन्ह लगा हुआ जूती ग्रे कलर की, फूलहार(मोजा स्क्रीन कलर) रेक्सीन कपड़े एक लाल रंग का पर्स जिसमें 550 नकद बरामद किया है। पुलिस के इस टीम में प्रभारी निरीक्षक मुंगरा बादशाहपुर विनोद मिश्र के साथ निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल रामचन्दर सिंह व महिला कांस्टेबल विनीता शुक्ला शामिल रही।

# स्वयंसेवकों ने घोषवादन के साथ किया पथ संचलन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शाहगंज के द्वारा अखिल भारतीय घोष दिवस पर स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने घोष का वादन किया तथा नगर में पथ संचलन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता जौनपुर विभाग के कार्यवाह डॉ. नितेश जी ने कहा कि भारतवर्ष में प्राचीन काल से घोष वादन की परंपरा रही है। युद्ध के प्रारंभ व संचालन में घोष से रणभेरी होती थी। संघ ने अपने स्वयंसेवकों को प्रेरित करने के लिए तथा अपने शारीरिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता के लिए घोष को अपने कार्यक्रम में सम्मिलित किया। भगवान शंकर ने अपने डमरू को चौदह बार बजाया तो उससे जो सूत्र व स्वर निकले, उससे व्याकरण और संगीत के स्वर विकसित हुए । इसी भावना से प्रेरित होकर महाशिवरात्रि को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाता है। घोष संघ की शारीरिक रचना का अभिन्न अंग है। वर्तमान में लगभग पूरे भारत वर्ष में 70000 से अधिक स्वयंसेवक में घोष का वादन करते हैं। 1982 में आयोजित एशियाड खेलों में संघ के द्वारा विकसित शिवराज रचना का नौसेना के द्वारा वादन किया गया। संघ केवल व्यक्तियों का समूह ही नहीं है बल्कि ऐसे के व्यक्तियों का संगठन है जो कदम से कदम और स्वर से स्वर मिलाकर चलता है । इस अवसर पर नगर संघचालक माननीय दिलीप जी, नगर सहसंघचालक श्रीराम जी, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्री वीरेंद्र जी, जिला प्रचारक श्री रजत जी, जिला सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्री मुकेश जी नगर कार्यवाह हनुमान जी, विनय जी, रूपेश जी व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों में अद्भुत प्रतिभा: बसंत शुक्ला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

■ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला

■ दो दर्जन प्रतिभाओं को बीईओ ने मेडल देकर किया सम्मानित

प्राथमिक विद्यालय गोरारी का शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला मंगलवार को भव्य समारोह पूर्वक मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि शाहगंज ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ला ने दीप प्रज्वलित व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय गोरारी सूबे में एक मॉडल के रूप में विकसित हो चुका है। यहां की प्रधानाध्यापिका डॉ शिवानी मौर्य की लगनशीलता, मेहनत से आज इस विद्यालय को एक दर्जन से अधिक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। शासन स्तर से जब कभी भी हाईटेक विद्यालयों की श्रृंखला बनती है। तब इस विद्यालय का नाम बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। इसके लिए यहां के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों में जो लगनशीलता है। वह आगे चल कर देश दुनिया में अपना नाम रोशन करेंगे। यह हमारी शुभकामना है। बीईओ श्रीशुक्ल ने विद्यालय की सबसे टॉपर प्रतिभा कक्षा तीन की संजना को मेडल देकर सम्मानित किया। रस्सी कूद बालक वर्ग में पवन कुमार, बालिका में नेसहत, दौड़ में अल्तमस, सनी कुमार, कला में सोनम आयुष कुमार, कविता पाठ में तस्मिया व मोजाहिद अव्वल रहे। इन्हें भी प्रमाण पत्र और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अशोक सोनकर, एआरपी प्रशांत मिश्र ने विद्यालयों को हाईटेक किए जाने के संबंध में विस्तार से बताया। शिक्षक डॉ चंद्रजीत मौर्य, मनबहाल गुप्ता, अशोक सोनकर, अशोक मौर्य, डॉ शिवानी मौर्य ने स्मृति चिन्ह और सम्मान स्वरूप शाल भेंट कर मुख्य अतिथि बसन्त शुक्ल का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल संकुल वीरेंद्र कुमार व संचालन प्रधानाध्यापिका डॉ शिवानी मौर्य ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, नीलम मौर्य, आशीष सिंह , देवेंद्र सिंह, राम स्वारथ, अजय यादव, अमरजीत पिंटू ,विजेंद्र यादव, निशा यादव, मंजू यादव, रीता यादव, सुनीता प्रजापति, शिक्षिका सबा परवीन,गजाला अंजुम, सरिता, उर्मिला यादव, वीरेंद्र कुमार ,फैजान अंसारी, आराधना पांडेय, उषा देवी, आशा देवी, संगीता देवी अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# हर हर महादेव के नाम से गूंजते रहे शिवालय

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शिवरात्रि महापर्व के मौके पर बुधवार को सुबह से ही जिले भर के सभी शिवालयों, छोटे-बड़े मंदिरों में जल चढ़ाने वालों का ताता लगा रहा।

जिले के शाहगंज, मड़ियाहूं, मछलीशहर, बदलापुर, केराकत तहसील क्षेत्र के अलावा मुंगराबादशाहपुर, खेतासराय कस्बा, सुईथाकला में पूरा इलाका भक्तों के जयकारे से गुजता रहा।

खेतासराय कस्बा से सटे पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के चितारा महमूदपुर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। चार बजे भोर में ही श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए कतार में खड़े हो गए थे। सुरक्षा के मद्देनजर यहां दीदारगंज थाने की पुलिस फोर्स भी तैनाती थी।



मछलीशहर के दीआवाँ महादेव मंदिर, पारसनाथ महादेव मंदिर पौहा,शोभनाथ महादेव,नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जमालपुर,रामेश्वरनाथ गोधुपुर, बाबा बलराम दास मंदिर जमालपुर, मेहरवा महादेव मंदिर,खजुरहट गांव में मसवनबीर बाबा शिव मंदिर में सुबह भोर में ही जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करने वाले भक्तों की भीड़ आनी शुरू हो गई। सूर्य निकलने तक भीड़ काफी बढ़ गई।मंदिरों में भारी संख्या में पुलिस बल एवं स्थानीय कार्यकर्ता तैनात थे। भीड़ को नियंत्रण कर पंक्तिबद्ध कराकर भक्तों की मंदिर में प्रवेश करा रहे थे। महिला,पुरुष भक्तों की भीड़ देखकर मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश ने बताया कि इस वर्ष ऐतिहासिक भीड़ उमड़ पड़ी है।वाहनों को 500 मीटर दूर ही खड़ा कराया जा रहा। प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही। नगर पंचायत खेतासराय के गोला बाजार में बाबा बर्फानी ग्रुप शिव भक्तों ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी भव्य भंडारे का आयोजन किया। यहां सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त प्रसाद स्वरूप पूड़ी सब्जी देर रात तक ग्रहण करते रहे। भाजपा नेता जगदंबा प्रसाद पांडेय, नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, स्वामीनारायण राधेश्याम जायसवाल, विवेक जायसवाल, मनीष सिंह, किशन सोनकर समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता लग रहे।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब, किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



महाशिवरात्रि पर्व पर लोधेष्वर धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंगलवार की अर्धरात्रि से से ही लाखों कांवरियों ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन अर्चन किया। जिलाभिषेक का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बम बम भोले की गूंज से लोधेष्वर महादेव मंदिर गुंजायमान रहा। बुधवार को महाशिव रात्रि पर्व पर करीब तीन लाख श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया। प्रशासनिक अधिकारी मंदिर स्थल सहित मेले में डटे रहे। दिन भर मंदिर में जलाभिषेक करने का क्रम चलता रहा। महाशिव रात्रि पर्व पर हर हर बम बम कहते लाखो शिव भबुढ़वल जंक्शन पर भी रही भारी भीड़ महादेवा मंदिर पंहुचे जो अपने आराध्य लोधेष्वर महादेव पर जलाभिषेक के बाद प्रसन्न नजर आए। बस, कार, बुलेरो, मैजिक सहित हजारों मोटर साइकिलों से उन्नाव, कानपुर, कानपुर देहात, उरई, लखनऊ आदि जिलों से शिव भक्तो के जत्थे मंगलवार रात ही महादेवा आकर रुक गए थे। मेला परिसर शिव भक्तो से गुलजार हो रहा था। रात मे ही भक्त लोटे में जल, बेल पत्र, धतूरा, अक्षत, बेर, फूल आदि पूजन सामग्री लेकर लाइन में लग गए थे। महादेवा मंदिर के कपाट अनवरत खुले रहे लेकिन आए शिव भक्तो द्वारा रात बारह बजे बाद ही शुभ मुहूर्त में मंदिर की तरफ प्रस्थान शुरु हुआ और कुछ ही घंटो में होल्डप एरिया भर गया। कतार से जाकर जब भक्त मंदिर के अंदर पंहुचते और बम भोले बोल कर लोधेष्वर महादेव का जलाभिषेक करते तो मन मुदित हो जा रहा था। बारी बारी सभी भक्तो को पुलिस दर्शन पूजन करा रही थी।मंदिर के अंदर महिला व पुरुष सिपाही लगे थे जो अंदर भक्तो को पूजा करवाने में जुटे थे। मंदिर के अंदर पूजा अर्चना कराने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एसडीएम पवन कुमार, आनंद त्रिपाठी, सीओ सौरभ श्रीवास्तव, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, कोतवाल अजय त्रिपाठी, एसआई अजीत पटेल, बीडीओ जितेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह आदि अधिकारी रात भर मेले में डटे रहे। ब्लॉक में प्रधान संगठन का भंडारा हुआ जिसे निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत, निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी ने शुरु कराया। रामकुमार जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन, ब्लॉक अध्यक्ष सभाजीत सिंह, राजा सिंह, ब्रजेश शर्मा, विवेक सिंह, संजय कुमार आदि प्रधान भंडारा में लगे रहे। जियो पम्प पर विनोद मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अभिषेक मिश्रा ने ब्रत वाले भक्तो के लिए आलू, पेठा, चाय का इंतजाम किया। प्रधान विछलखा श्वेता मिश्रा, मनोज मिश्रा ने मिल के पास दो दिन पूडी सब्जी का भंडारा चलाया। रामनगर में तैनात रहे बीईओ संजय कुमार शुक्ला, शिक्षक नितीश त्रिपाठी, संदीप, राम मूर्ति ने केसरी पुर मोड़ हर छोला चावल का भंडारा कराया। दर्जनों स्थानो पर भंडारा सम्पन्न हुए। मेले में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में एक अपर पुलिस अधीक्षक चार पुलिस क्षेत्राधिकारी 11 इंस्पेक्टर 110 मुख्य आरक्षी 380 आरक्षी 90 महिला आरक्षी 140 होमगार्ड पांच यातायात निरीक्षक 25 सिपाही दो कंपनी पीएसी बम निरोधक दस्ता तीन ड्रोन चार दर्जन सीसीटीवी कैमरे दो गाड़ी फायर ब्रिगेड तथा एटीएस कमांडो मेले की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर अंजाम देंगे। अभरण सरोवर में जल पुलिस व गोताखोर मोटर बोर्ड के साथ तैनात रहेंगे। मेले में श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में डॉ प्रमोद कुमार फार्मासिस्ट रोहित पुरी व वार्ड बॉय प्रेम प्रकाश बिगत 16 फरवरी से मिला आने जाने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं।

## राजनाथ शर्मा ने किया सत्याग्रह, सौंपा ज्ञापन

- मामला बुढ़वल जंक्शन से महादेवा वाया बहरामघाट तक बंद पड़ी रेलवे लाइन को पुनर्जीवित करने का

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




रामनगर स्थित बुढ़वल जंक्शन से महादेवा वाया बहरामघाट तक बंद पड़ी रेलवे लाइन को पुनर्जीवित किए जाने सहित कांवरियों एवं स्थानीय लोगों से जुड़ी कई अन्य मांग को लेकर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन किया। धरना समाप्ति के बाद बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर सत्याग्रही राजनाथ शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक ए.के. रायजादा और मुख्य टिकट निरीक्षक मो. लुकमान के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेवा आने वाले कांवरियों की परेशानियों को देखते हुए गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा विभिन्न मांगों को लेकर सत्याग्रह किया। इस दौरान उनके साथ दर्जनों समथकों ने उनकी मांगों का पुरजोर समर्थन किया। श्री शर्मा ने बताया कि सूबे के सबसे प्राचीनतम शिव धाम महादेवा स्थित लोधेश्वर मंदिर में प्रतिवर्ष श्रवण माह एवं फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष में लगने वाले मेले में लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, औरैया, इटावा, मैनपुरी के अलावा झांसी, जालौन, ललितपुर सहित कई अन्य जनपदों से लाखों की तादात में शिवभक्त पैदल कांवर लेकर आते है। इस दौरान आने और जाने में कई श्रद्धालु सड़क हादसों के शिकार हो जाते है। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया कि भाजपा सरकार की उदासीनता के कारण बुढ़वल वाया महादेवा से बहरामघाट तक जाने वाले बहुप्रतिक्षित रेलवे लाइन आज भी बदहाल स्थिति में है। जिसके जीर्णोद्धार को लेकर लगभग डेढ़ दशक से जन आन्दोलन व सत्याग्रह जारी है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस साल भी आम बजट में रामनगर के पर्यटन विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने महादेवा के कोरीडोर बनाने का बजट पास कर दिया लेकिन क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। श्री शर्मा ने बताया कि कांवरियों की सुविधानुसार महादेवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग के बांयी ओर 'स्थाई पैदल सहायक मार्ग' (कांवरिया पथ) बनाया जाना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा स्थाई विश्राम स्थल, जलपान गृह व प्राथमिकी चिकित्सीय सुविधा मुहैया उपलब्ध कराई जानी चाहिए। जिस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं गया। इस मौके पर पूर्व विधायक सरवर अली, समाजसेवी विनय कुमार सिंह, जिला सहकारी विकास संघ के चेयरमैन प्रशांत शुक्ला, शिक्षाविद अशोक कुमार शुक्ला, ज्ञान सिंह यादव, वासिक वारसी, मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, सत्यवान वर्मा, विनोद भारती, आसिफ हुसैन, मनीष सिंह, अंकित शर्मा, सियाराम वर्मा, अशोक जायसवाल, रणंजय शर्मा, तौफीक अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## हरैया विधायक ने सदन में उठाई बस्ती का नाम वशिष्ठ नगर करने की मांग

जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती जिले के हरैया विधानसभा के विधायक अजय सिंह ने सदन में बस्ती का नाम वशिष्ठ नगर करने, बस्ती में हिंदी विश्वविद्यालय खोलने, संस्कृत विश्वविद्यालय खोलने और हरैया में दो तहसील करने की मांग मंगलवार को सदन में उठाई। राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए विधायक ने सदन में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला है। कहा कि बजट में सभी विभागों शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, लोक निर्माण आदि का ख्याल रखा गया है। बस्ती जनपद का नाम वशिष्ठ नगर रखने की मांग करते हुए कहा कि भगवान राम से लेकर विभिन्न महापुरुषों की पहचान जिस बस्ती से है वह बस्ती स्वयं पहचान को मोहताज है इसलिए बस्ती जिले का नाम वशिष्ठ नगर रखा जाए। महापुरुषों के नाम पर विभिन्न जनपदों का नाम बदला गया है। इसी तर्ज पर बस्ती का नाम भी वशिष्ठ नगर रखा जाए जिससे 155 साल पुराने जिले को पहचान मिल सके। विधायक ने राज्य सरकार से मांग किया कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध आचार्य रामचंद्र शुक्ल के नाम पर बस्ती में हिंदी विश्वविद्यालय खोला जाए। भगवान राम के जन्म के लिए यज्ञ कराने वाले श्रृंगीऋषि के नाम पर संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग किया। विधायक ने सदन में कहा कि हरैया हिंदुस्तान ही नहीं एशिया की सबसे बड़ी तहसील है जिसमें 1529 राजस्व गांव जिसकी व्यवस्था चलाना बड़ा जटिल है इसलिए सरकार से मांग किया कि हरैया में दो तहसील बना दी जाए जिससे व्यवस्था सकुशल चल सके। महाकुंभ के बारे में बोलते हुए कहा कि 144 साल बाद बने इस महायोग में पूरा देश त्रिवेणी ने स्नान के लिए उमड़ पड़ा है यह देशवासियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अटूट विश्वास है। जहां हर वर्ग के लोग बड़ी संख्या में एक साथ महाकुंभ में स्नान कर रहे हैं वहीं विपक्ष अनर्गल प्रलाप कर रहा है।

## बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हुआ लालेश्वर व जागेश्वर महादेव मंदिर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



**रामसनेहीघाट।** महाशिवरात्रि पर सिल्हौर स्थित श्री लालेष्वर व गजपति बेलिया स्तिथ जागेष्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने हर हर महादेव के जयघोषों के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। बुधवार को प्रातः काल से ही जलाभिषेक करने के लिए भक्त मंदिर पहुंचने लगे। दिन चढ़ने के साथ ही भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध बेलपत्र पुष्प अक्षत भांग जौ और बेर आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। भीड़ की वजह से श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। मंदिर के पुजारी हरिशंकर तिवारी ने बताया कि जलाभिषेक के लिए आज प्रातःकाल से ही भक्त आ रहे हैं। गांव के अलावा हाजीपुर टिकरा अशरफपुर पूरे दूलमखाले का पुरवा बबुरीगांव और पूरे छत्रधारी आदि गांवों के भक्त जलाभिषेक की खातिर आ रहे हैं। इसी कड़ी में जरौली स्थित श्री कृपालेष्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। यहां भी प्रातः काल से शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। भक्तों ने अपने आराध्य भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। श्रद्धालुओं ने शिव की महाआरती भी की। वहीं विकासखंड बनीकोडर में प्राचीन देवीगंज स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भगवान शंकर की शिव बारात निकाली गई महाशिवरात्रि पर यह बारात लालपुर स्थित ऐतिहासिक मंदिर से अरविंद तिवारी आदर्श तिवारी पप्पू प्रधान की अगुवाई में सड़क मार्ग से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर देवीगंज पहुंची। जहां पर मंदिर के प्रबंधक विवेकानंद शुक्ला व प्रभाकर तिवारी मंदिर के पुजारी व सोनी परिवार व स्थानीय व्यापारियों ने बारात का स्वागत किया।

# नगर में महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव



महाशिवरात्रि के पर्व पर, शुक्लागंज नगर में भगवान शिव की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गई। शिव शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते शामिल हुए। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल छाया रहा। दोपहर 2 बजे मरहला चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, पोनी रोड दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, नेहरू नगर, आदर्श नगर में पूजन-अर्चन के बाद यात्रा का शुभारंभ हुआ। भव्य रथों पर राधा-कृष्ण, भगवान शिव, गणेश, हनुमान आदि की सुंदर झांकियां निकाली गईं। शिव शोभा यात्रा समिति ने पहली बार नगर में इतनी भव्य शिव बारात का आयोजन किया। इसके अलावा, कामाख्या मंदिर समिति और अन्य भक्तजनों ने भी राजमार्ग से शोभा यात्रा निकाली। मराहाला चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 2 बजे के बाद पूजन अर्चन के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। राधाकृष्ण, शिव शंकर, गणेश और हनुमान आदि की मनमोहक झांकियां रथों पर सजाई गई थीं। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा राजमार्ग से होते हुए श्री दुर्गा मंदिर और फिर सुभाष नगर समिति संयोजक के आवास पर समाप्त हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शिव बारात यात्रा में सदर विधायक पंकज गुप्ता, संयोजक वीरेंद्र शुक्ला, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय, रमेश तिवारी, सूर्य कुमार वाजपेयी, अंकुर शुक्ला, रितेश मिश्रा, अंजनी अग्निहोत्री, सोनी अशोक शुक्ला, दुर्गा तिवारी, उमा गुप्ता, कमलेश सिंह, अभिलाषा मिश्रा, जैनेंद्र शुक्ला, अवनीश शुक्ला, अभिषेक तिवारी, मिंटू निषाद, दिलीप शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं महाशिवरात्रि पर नगर के तमाम मंदिरों में भोर से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, डाकतार कॉलोनी पोनीरोड स्थित सोमा गौरी मंदिर, श्रीनगर स्थित खाटूश्याम मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ के महाकाल मंदिर, पोनीरोड झंडा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, गोपीनाथपुरम स्थित श्री भाष्येश्वर मंदिर, सीताराम कॉलोनी स्थित आनंदेश्वर मंदिर, चंपापुरवा स्थित शिव मंदिर, देवारा कलां स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में तो आस्था का सैलाब ही उमड़ गया। भारी भीड़ के कारण शिवभक्त हाथों में बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य लेकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिरों में श्बम भोलेश् और श्हर-हर महादेवश् के जयकारे गूंजते रहे। शिवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत भी रखा और शिवलिंग का जलाभिषेक कर उनकी आराधना की। सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। शिवभक्तों ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व उनके लिए विशेष महत्व रखता है और इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस पावन पर्व पर शहर के सभी मंदिरों में भक्ति और उत्साह का अनोखा माहौल देखने को मिला है



## अवैध निर्माण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**रामसनेहीघाट।** तहसील क्षेत्र में एक बार फिर रहे अवैध निर्माण को धराशायी कर दिया। जानकारी की अनुसार असंद्रा थाना क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर अंतर्गत सलेमपुर गांव में पंचायत भवन की जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी शिकायत किसी ने उच्च अधिकारियों से कर दिया। उच्चाधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बीती देर शाम को क्षेत्रीय लेखपाल दीपचंद श्रीवास्तव को मौके पर भेजकर पंचायत भवन की जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। सलेमपुर गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को लेखपाल द्वारा रोकने के बाद भी बुधवार को पंचायत भवन की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। बुधवार को पुनः इसकी शिकायत उच्चाधिकारी से हो गई। तभी उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा ने तत्काल राजस्व निरीक्षक से जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य को गिरवाने के लिए टीम भेज दिया। उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम राजस्व निरीक्षक नानक शरण, लेखपाल दीपचंद श्रीवास्तव,के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से पंचायत भवन की जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को धराशायी कर दिया। इस सम्बन्ध में राजस्व निरीक्षक नानक शरण ने बताया उच्च अधिकारियों के आदेश पर राजस्व टीम मौके पर गई थी। एक दिन पहले निर्माण रुकवा दिया गया था। लेकिन पुनः निर्माण शुरू हो गया था। बुधवार को उच्च अधिकारियों के आदेश पर पंचायत भवन की जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को गिरवा दिया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### महाशिवरात्रि पर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब ने शिव बारात का स्वागत किया

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज। जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा शिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं को राजधानी मार्ग स्थित कार्यालय के बाहर बिस्किट व पानी का वितरण किया गया। नगर में तमाम श्रद्धालुओं द्वारा शिव बारात निकाला गई हर हर बम भोले के जयकारा से नगर शिवमय हो गया। जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा बिस्किट व पानी वितरण करने वालों में संस्था के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता पदाधिकारियों में उमेश,पंकज, देवेंद्र,गोलू,सर्वेश,आकाश,मुकेश, मोनाल,मनोज,शोभित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर, शुक्लागंज नगर के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही आस्थावान लोग गंगा में डुबकी लगाने के लिए पहुंचने लगे थे। नगर के प्रमुख घाटों, जैसे बालूघाट, मोनू पंडा घाट, रेलवे पुल के नीचे, शिव पंडा घाट, पक्का घाटा और जाजमऊ चंदन घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी गहरी आस्था और श्रद्धा का प्रदर्शन करते हुए गंगा में पवित्र स्नान किया। इस दौरान, ष्हर हर महादेवष् और ष्जय शिव शंकरष् के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। दोपहर तक श्रद्धालु लगातार गंगा तट पर पहुंचते रहे, जिससे घाटों पर मेले जैसा दृश्य बन गया। इस अवसर पर, नगर के विभिन्न मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और भगवान शिव से अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि का यह पर्व, भगवान शिव के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। इस दिन, लोग अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। श्रद्धालुओं के उन्साह और आस्था ने इस पर्व को और भी विशेष बना दिया।

## पांच साल के बच्चे की मौत, गेस्टहाउस मालिक पर लापरवाही का आरोप लगा पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । बांगरमऊ, उन्नाव



एक पांच वर्षीय बालक अपने पिता के साथ रिश्तेदार के मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने नगर के गेस्ट हाउस आया था। जहां बीती रात झूला झूलते समय बच्चा अचानक झूले से नीचे गिर पड़ा और बेहोश हो गया। परिजनों द्वारा स्थानीय सीएचसी ले जाने पर चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पिता ने गेस्ट हाउस मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग उठाई है जिला हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम औरामऊ निवासी श्रवण बीते मंगलवार को अपने पुत्र रिषभ 5 वर्ष को साथ लेकर नगर के उन्नाव मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित रिश्तेदार की कन्या के विवाह संस्कार में शामिल होने आया था। बच्चा रिषभ गेस्ट हाउस के परिसर लगे चेनदार झूले पर अन्य बच्चों के साथ झूलने लगा। तभी रिषभ अचानक झूले से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। यह देखकर पिता सहित अन्य रिश्तेदार दौड़े और आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।मृतक के पिता ने गेस्ट हाउस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल युवक की ईलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर हुये हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से चिकिन्सक ने रेफर किया था। परिजन निजी अस्पताल में ईलाज करा रहे थे लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रवनहार गांव निवासी रामबालक 40 पुत्र देवदत्त 16 फरवरी को बाइक से अजगैन किसी काम से गया था। लखनऊ कानपुर हाइवे पर मिश्रीगंज गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। एम्बुलेंस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था जहां गंभीर हालत के चलते चिकिन्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया था। लेकिन परिजन उसका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में करा रहे थे। जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आये और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## बिल्हौर में महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात, भूत-पिशाच बने बाराती

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर कस्बे में महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया। ओंकारेश्वर युवा सेवा समिति ने लगातार 12वें वर्ष यह आयोजन किया। बारात की शुरुआत सुबह 11 बजे शनि धाम से हुई। यात्रा शनि धाम से शुरू होकर बिजलीलेश्वर, वनखंडेश्वर और कोतवालेश्वर मंदिर होते हुए मुरादनगर में समाप्त हुई। नगर पालिका चौराहे पर शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। बारात में विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं देवी-देवताओं की झांकियां। शनि देव, भूत-पिशाच, राधा-कृष्ण, हनुमान, गणेश और काली के वेश में कलाकारों ने समां बांधा। स्थानीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर, एसडीएम रश्मि लांबा और एसीपी अमरनाथ यादव बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज, अरौल थाना प्रभारी जनार्दन यादव, एलआईओ एके सिंह, खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा समेत हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण किया। बारातियों ने भक्ति गीतों पर नृत्य किया और %भोले बाबा की जय% के जयकारे लगाए। लगभग पांच घंटे चले इस ऐतिहासिक शिव बारात में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसीपी अमरनाथ यादव के निर्देशन में पुलिस तैनात रही। आयोजक कमेटी ने भी स्वयंसेवक तैनात किए। बारात के मार्ग पर वाहनों को बाईपास से निकाला गया। ओंकारेश्वर सेवा समिति के सदस्य फोटो खिंचवाने से बचते नजर आए उनका कहना था कि हम फोटो खिंचवाकर वाहवही नहीं लूटते हैं। सिर्फ हमारी शिव बारात ऐतिहासिक हो और उसकी चर्चा प्रदेश स्तर पर हो। हर वर्ष अच्छा से अच्छा करने के लिए सीखता रहता हूं जिससे आए हुए भक्तों को कोई तकलीफ न हो। प्रोग्राम अच्छा हो । शिवाबरात के दौरान दर्जनभर से अधिक इंस्टॉल भक्तों ने शिव बारात के दौरान लगाए थे जिसमें मौसमी फल, पानी, बिस्कुट और पूरी सब्जी का भंडारा चलता रहा। इस वर्ष धूप अधिक न होने की वजह से भीड़ सड़कों पर मौजूद रही इस वर्ष भीड़ से अधिक मात्रा में वाहनों की संख्या थी जिसके चलते इन बहनों पर स्कूली बच्चों द्वारा देवी देवताओं की झांकियो में भाग लिया गया था जैसे दुर्गा माता, राम लक्ष्मण सीता आदि लगभग दो दर्जन झांकियां शामिल हुई थी। जिसमें शनि धाम की शनिदेव की झांकी बेहद सराहनीय थी।

## जनखत एवं खानपुर की खाली पड़ी भूमि पर बनेगा औद्योगिक आस्थान

- जनखत में लगभग 14 हेक्टेयर एवं खानपुर में 37 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



प्रमुख सचिव एमएसएमई द्वारा कन्नौज में ग्राम समाज की भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के निर्देश पर आज उप जिलाधिकारी तिर्वा एवं उपायुक्त उद्योग तथा उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कानपुर की संयुक्त टीम द्वारा तहसील तिर्वा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खण्ड उमर्दा की ग्राम पंचायत जनखत एवं खानपुर की खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप किए जाने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया। इस मौके पर बड़े औद्योगिक स्थान हेतु रूप रेखा तैयार की गई। टीम द्वारा जनखत में लगभग 14 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया और खानपुर में 37 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई। टीम द्वारा जानकारी दी गई कि औद्योगिक क्षेत्र डेवलप हो जाने क्षेत्र के विकास के साथ अतिसंख्य लोगों को रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इस दौरान ए0ई , जे0ई उत्तर प्रदेश लघु निगम लिमिटेड कानपुर,आदि उपस्थित रहे।

## नाराजगी की अटकलों के बीच शशि थरूर की सफाई, कहा

# पॉडकास्ट में राजनीतिक विवाद जैसा कुछ खास नहीं



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

कांग्रेस से नाराजगी की कथित अटकलों के बीच सांसद शशि थरूर ने बुधवार को सफाई दी। उन्होंने कहा कि 45 मिनट के पॉडकास्ट में जीवन और खुशी की खोज पर बातचीत है, इसमें किसी राजनीतिक विवाद के बारे में कुछ खास नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है। मैं बैठक में बाकी सभी के साथ उपस्थित रहूंगा। कांग्रेस सांसद थरूर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी ने मलयालम भाषा का पॉडकास्ट सुना है। उन्होंने पूछा कि विवाद किस बारे में था?, क्योंकि मैं अभी भी विवाद को समझ नहीं पाया हूं। थरूर ने कहा कि अब जब आपने पूरा पॉडकास्ट सुन लिया है, तो क्या आप मुझे बता सकते हैं कि आपका सवाल क्या है? मुझे जवाब देने में खुशी होगी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इसके बाद पीएम मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात और उनके अमेरिका से बातचीत के तरीके की तारीफ की थी। हालांकि, बाद में इस मुद्दे पर भी कांग्रेस और थरूर के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई। विवाद बढ़ता देख थरूर ने कहा कि उन्होंने देश हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात की तारीफ की थी।

### कांग्रेस और थरूर के बीच कथित मतभेदों की वजह

केरल कांग्रेस इकाई और सांसद शशि थरूर के बीच कथित विवाद ने इसी महीने की शुरुआत में जन्म लिया। दरअसल, कांग्रेस सांसद ने एक अंग्रेजी अखबार में लेख में मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार की आर्थिक नीतियों की तारीफ की थी। इस पर केरल कांग्रेस के कई नेताओं ने थरूर को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि विजयन की योजनाएं केरल में कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे ओमान चांडी की तरफ से की गई पहलों का ही आगे का स्वरूप है। हालांकि, थरूर ने इस मुद्दे पर सफाई दी और कहा कि उन्होंने एलडीएफ सरकार की योजनाओं की नहीं, बल्कि सिर्फ राज्य के औद्योगिक माहौल और स्टार्टअप ईकोसिस्टम में बदलाव की बात की थी, जिसे खुद ओमान चांडी ने शुरू किया था।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ सेल्फी पोस्ट की

शशि थरूर ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यापार राज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और कहा कि लंबे समय से रुकी हुई भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता का पुनरुद्धार स्वागत योग्य है। शशि थरूर की पोस्ट ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी।

### केरल कांग्रेस में बदलाव की मांग

थरूर ने 18 फरवरी को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कांग्रेस से केरल में अपने आधार का विस्तार करने की अपील की। उन्होंने नए मतदाताओं को पार्टी की ओर आकर्षित करने के लिए काम करने को कहा। उन्होंने पार्टी की राज्य इकाई से नेताओं की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। थरूर ने दावा किया कि अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनके इस विचार का समर्थन किया कि पार्टी की केरल इकाई में किसी कद्दावर और प्रभावी नेता की कमी है। कांग्रेस के कई नेताओं ने थरूर के इन बयानों को लेकर नाराजगी जाहिर की।

## श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक और

# जयकारों से गूंजा शहर





■ हजारों नर नारियों ने महाकुंभ के जल से किया अभिषेक

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गाजियाबाद के प्राचीन शिव मंदिर में से एक श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर पर तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। प्रातः काल से ही प्रशासनिक चाक चौबंद व्यवस्था के बीच महापर्व पर जलाभिषेक शुरू हुआ। जो समाचार लिखे जाने तक अनवरत जारी था। प्रयागराज महाकुंभ के जल से भी नर नारियों ने बाबा का जलाभिषेक किया। युवा जोश और नर नारी सहित श्रद्धालुओं सहित संन्यासियों की उमड़ी भारी भीड़ महादेव के दरबार को जयकारों से गुंजायमान कर दिया। डॉक कावड़ समेत जोशीले नौजवानों सहित महिलाओं और युवतियों ने मंगल कामना के साथ जलाभिषेक किया।

### रात से ही लग गई भीड़, पुलिस प्रशासन चौकन्ना

शिवरात्रि महापर्व पर श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर के आस पास इलाकों की मजबूत बैरिकेटिंग करके सुरक्षा के तहत रूट डाइवर्जन कर दिया गया था। जिससे भारी गाड़ियों का आवागमन बंद रहा। यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अमला चौकन्ना रहा। मध्य रात्रि से ही बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने और अपने आस्था के पवित्र जल को चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। जैसे जैसे सुबह होती गई श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। क्षेत्र के घंटा घर तक भक्तों की लाइन लग गई। जो अनवरत चलती रही। हरिद्वार से जल लेने के लिए निकले युवाओं के जन्थे में शामिल 3 युवकों की सड़क दुर्घटनाएं में मौत हो गई।




## केंद्र ने बीते 10 वर्ष में अदालती मामलों पर खर्च किए 400 करोड़ रुपये

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने बीते दस वर्षों के दौरान अदालती मामलों पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए। यह जानकारी सरकारी आंकड़ों में सामने आई। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुकदमों पर 66 करोड़ रुपये खर्च किए, जो पिछले वित्तीय वर्ष से नौ करोड़ रुपये अधिक थे। आंकड़ों के मुताबिक 2014-15 के बाद से मुकदमों पर खर्च लगातार बढ़ा है, सिवाय उन दो वर्षों के जब कोरोना महामारी अपने चरम पर थी। वित्तीय वर्ष 2014-15 में मुकदमों पर खर्च 26.64 करोड़ रुपये था, जबकि 2015-16 में यह बढ़कर 37.43 करोड़ रुपये हो गया था। 2014-15 से लेकर 2023-24 तक सरकार ने मुकदमों पर 409 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।

### सात लाख मामलों में केंद्र सरकार पक्षकार

इसके अलावा, कानून मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में बताया कि केंद्र सरकार करीब सात लाख मामलों में पक्षकार है, जिसमें से वित्त मंत्रालय अकेले करीबी दो लाख मामलों में पक्षकार है। कानूनी सूचना प्रबंधन एवं वार्ता प्रणाली (एलआईएमबीएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए काननून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, करीब सात लाख मामलों में भारत सरकार पक्षकार है। इनमें 1.9 लाख मामलों में वित्त मंत्रालय पक्षकार है। सरकार एक राष्ट्रीय मुकदमेबाजी नीति पर काम कर रही है, जिसका मकसद लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना है। प्रस्तावित नीति का मसौदा केंद्रीय कैबिनेट के पास अंतिम निर्णय के लिए जाएगा। यह नीति कई वर्षों से से तैयार की जा रही है, जिसमें विभिन्न सरकारें इसके ढांचे पर चर्चा कर चुकी हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एससीबीए की सुधार समिति अध्यक्ष नियुक्त



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व जज एल. नागेश्वर राव को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की चुनाव सुधार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति राव ने इस समिति की अध्यक्षता करने के लिए सहमति दी है। समिति एससीबीए की कार्यकारी समिति के चुनाव में उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंडों का सुझाव भी देगी। पीठ ने सोमवार को जारी आदेश में कहा, पूर्व में किए गए विचार-विमर्श और समय-समय पर जारी आदेशों के क्रम में इस अदालत के पूर्व जज न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव ने एससीबीए की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए नियमों/ दिशानिर्देशों/ मानदंडों में सुधार के लिए समिति की अध्यक्षता करने पर विनम्रतापूर्व सहमति दी है।

### समिति में होंगे कभी चुनाव न लड़ने वाले अनुभवी वकील

पीठ ने आगे कहा, प्रस्तावित सुधारों में चुनावों में भाग लेने के लिए पात्रता शर्तें तय हो सकती हैं। इस समिति में कुछ वरिष्ठ वकील/अनुभवी वकील (लॉय-ऑन-रिकॉर्ड और नॉन-लॉयर-ऑन-रिकॉर्ड दोनों श्रेणी से) होंगे, जिन्होंने कभी एससीबीए के पदाधिकारियों के रूप में चुनाव नहीं लड़ा है। उग्चतम न्यायालय ने बार के सदस्यों को दो हफ्ते के भीतर समिति के लिए नाम का सुझाव देने को भी कहा है।

### सात अप्रैल को मामले में अगली सुनवाई

पीठ ने यह भी कहा, हम न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव को राव को पूरी स्वतंत्रता देते हैं कि वह इस सूची से नामों का चयन करें। यह समिति बार के सदस्यों या अन्य धारकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र होगी। इस मामले में अगली सुनवाई सात अप्रैल को होगी। सर्वोग्च न्यायालय ने पहले वरिष्ठ वकील विकास सिंह और कपिल सिब्बल से समिति के अध्यक्ष के बारे में सुझाव मांगे थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)